बिहार का नं. 1 अखबार

www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

सोमवार

2 जून 2025, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष सप्तमी, विक्रम सम्वत् 2082, मुजफ्फरपुर

• पांच प्रदेश • 24 संस्करण

ट्रंप ने नासा प्रमुख के लिए मस्क के सहयोगी का नाम वापस लिया




# दृष्टि The Vision Drishti IAS

हमारे ऑनलाइन कोर्सेज़ पर 40% डिस्काउंट के साथ करें
IAS, PCS, JUDICIARY, TEACHING EXAMS और CUET की पूरी तैयारी।

## द न्यू सेशन सेल 40% की छूट

1, 2 व 3 जून

ऑफर सभी ऑनलाइन, पेनड्राइव कोर्सेज़ व टेस्ट सीरीज़ पर वैध!

लाइव ऑनलाइन

## IAS GS फाउंडेशन कोर्स

दिल्ली केंद्र से ऑफलाइन कक्षाओं का सीधा प्रसारण

हिंदी व अंग्रेज़ी माध्यम

₹ 60,000 ~~₹ 1,00,000~~

इस कोर्स की डिस्काउंटेड फीस पर भी 3 EMI की सुविधा*

## स्टेट PCS ऑनलाइन कोर्सेज़

हिंदी व अंग्रेज़ी माध्यम

71st BPSC प्रिलिम्स ₹12,000 ~~₹20,000~~

70th BPSC मेन्स ₹14,400 ~~₹24,000~~

| | | |
|---|---|---|
| UPPCS फाउंडेशन कोर्स | ₹30,000 | ~~₹50,000~~ |
| MPPSC फाउंडेशन कोर्स | ₹30,000 | ~~₹50,000~~ |
| RAS फाउंडेशन कोर्स | ₹54,000 | ~~₹90,000~~ |

सभी ऑनलाइन कोर्सेज़ पर 40% की छूट पाएँ

UPPCS | UKPSC | MPPSC | MPSC

6 साल की वैधता

## ज्यूडिशियरी फाउंडेशन ऑनलाइन कोर्स

हिंदी व अंग्रेज़ी माध्यम

₹ 45,000 ~~₹ 75,000~~

Target CLAT 2026 (Crash Course) Online | English Medium ₹ 15,000 ~~₹ 25,000~~

## टीचिंग एग्ज़ाम्स ऑनलाइन कोर्सेज़

BPSC TRE — हिंदी व अंग्रेज़ी माध्यम

UP-TET — हिंदी माध्यम

CTET — हिंदी व अंग्रेज़ी माध्यम

NTA/UGC-NET — हिंदी व अंग्रेज़ी माध्यम

## Board + CUET

लाइव ऑनलाइन | हिंदी व अंग्रेज़ी माध्यम

जनरल टेस्ट कोर्स | हिंदी भाषा कोर्स

English Language Course

स्ट्रीम

• मानविकी • वाणिज्य • विज्ञान

EMI की सुविधा डिस्काउंटेड फीस पर भी उपलब्ध*

87501 87501

कोर्स खरीदने या अधिक जानकारी के लिये अभी कॉल करें!

Download Drishti Learning App

छूट का लाभ उठाने के लिये स्कैन करें

पथ निर्माण विभाग
बिहार सरकार

बिहार में बिछ रहा सड़कों का जाल



20 सालों में लगभग 2 गुणा हुआ सड़कों का विस्तार



| राष्ट्रीय राजमार्ग | | राज्य उच्च पथ | | वृहद् जिला पथ | |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष 2005 | वर्ष 2025 | वर्ष 2005 | वर्ष 2025 | वर्ष 2005 | वर्ष 2025 |
| 3,629 किलोमीटर | 6,147 किलोमीटर | 2,382 किलोमीटर | 3,638 किलोमीटर | 8,457 किलोमीटर | 16,296 किलोमीटर |

अब बिहार के किसी भी जिले से 5 घंटे में पटना पहुंचना हुआ आसान।

PR No.- 004736 (RCD)D. 2025-26


## बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

**पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, खजौली**

Email:-wkcdkhajauli@gmail.com

### बिहार रैयती भूमि–लीज नीति 2014 के तहत लीज पर भूमि प्राप्त करने से संबंधित

**।। आम सूचना ।।**

प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणा के आलोक में पुरानी कमला धार, जीवछ नदी, पुरानी कमला नदी आदि को पुनर्जीवित करने एवं इससे सिंचाई सुविधा बढ़ाने तथा बाढ़ न्यूनीकरण कार्य से संबंधित मधुबनी जिला के पंडौल प्रखंड अंतर्गत ग्राम बिहनगर के नजदीक लखनदेई बाहा नदी पर बिहनगर गेटेड वीयर का निर्माण कार्य में पड़ने वाली भूमि निम्न विवरणी के अनुरूप भूमि के टुकड़े, जो कुल 2.80094 एकड़/280.094 डिसमल के बराबर होता है, को बिहार राज्य रैयत लीज नीति 2014 के तहत सतत् लीज पर लिया जाना है। विवरणी के कॉलम (09) में अंकित रैयती से अनुरोध है कि इस नोटिस के प्रकाशन होने के तिथि से एक पक्ष के अंदर बिहार रैयती भूमि लीज नीति 2014 के प्रवधानान्तर्गत अंतर्गत सतत् लीज पर भूमि प्रदान करने एवं मुआवजा प्राप्त करने की सहमति अधोहस्ताक्षरी को समर्पित करें। यह सूचना उन सभी व्यक्तियों के लिए भी जारी की जाती है जिनका इससे संबंध हो। अगर किसी व्यक्ति को उपरोक्त भूमि के संबंध में कोई दावा/आपत्ति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन के 15 (पन्द्रह) दिनों के अंदर अपना दावा/आपत्ति लिखित रूप से साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा भविष्य में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगा।

**इसे महत्वपूर्ण समझे।**

मौज– बिहनगर थाना न0–143 अंचल– पंडौल, जिला–मधुबनी।
मौज– बलुआहा थाना न0–142 अंचल– पंडौल, जिला–मधुबनी।

| क्रम सं0 | जिला | थाना न0 | मौजा | खाता | खेसरा न0 | रकबा डिसमिल | किस्म | भू–धारी का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 216 | 346 | 5.040 | कृषि | राजकुमार मिश्र वगैरह पिता उमेश मिश्र |
| 2 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 169 | 347 | 2.160 | कृषि | देउ यादव वो सौखी यादव वो सीताराम यादव पिता नेवी यादव अंश समान जाति यादव ग्वाला निवासी बलुआहा पत्रालय भगवतीपुर। |
| 3 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 169 | 348 | 2.400 | कृषि | देउ यादव वो सौखी यादव वो सीताराम यादव पिता नेवी यादव अंश समान जाति यादव ग्वाला निवासी बलुआहा पत्रालय भगवतीपुर। |
| 4 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 169 | 349 | 2.160 | कृषि | देउ यादव वो सौखी यादव वो सीताराम यादव पिता नेवी यादव अंश समान जाति यादव ग्वाला निवासी बलुआहा पत्रालय भगवतीपुर। |
| 5 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 216 | 350/3098 | 5.280 | कृषि | वारिश लाल यादव वो जामून यादव वो रास लाल यादव पिता सूबध यादव अंश समान जाति यादव नि० निज ग्राम बलुआरा पत्रालय भगवतीपुर। |
| 6 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 169 | 398 | 4.320 | कृषि | देउ यादव वो सौखी यादव वो सीताराम यादव पिता नेवी यादव अंश समान जाति यादव ग्वाला निवासी बलुआहा पत्रालय भगवतीपुर। |
| 7 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 140 | 399 | 4.360 | कृषि | विगम्बर मिश्र वो हरिचन्द्र मिश्र पिता जुगेश्वर मिश्र |
| 8 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 479 | 401 | 1.200 | कृषि | अनावाद बिहार सरकार |
| 9 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 425 | 402 | 1.920 | कृषि | सावित्री देवी पति हरिकान्त मिश्र जाति ब्राहमण निवासी निज ग्राम पत्रालय भगवतीपुर । |
| 10 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 114 | 404 | 3.600 | कृषि | जयराम मिश्र वो अभिराय मिश्र वो श्रीराम मिश्र पिता जयगोविन्द्र मिश्र जाति ब्राहमण निवासी निज ग्राम। |
| 11 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 135 | 405 | 3.120 | कृषि | जोगा चौधरी पिता जीवा चौधरी जाति ब्राहमण निवासी निज ग्राम पत्रालय भगवतीपुर। |
| 12 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 390 | 409 | 4.800 | कृषि | लोका चौधरी पिता जिया चौधरी जाति ब्राहमण निवासी निज ग्राम |
| 13 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 238 | 410 | 3.370 | कृषि | विश्वनाथ चौधरी पिता हरवंश चौधरी जाति भुमिहार ब्राहमण निवासी निज ग्राम पत्रालय भगवतीपुर। |
| 14 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 135 | 713 | 9.000 | कृषि | जोगा चौधरी पिता जीवा चौधरी जाति ब्राहमण निवासी निज ग्राम पत्रालय भगवतीपुर। |
| 15 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 160 | 411 | 1.760 | कृषि | दिनेश चौधरी वो सुरेन्द्र चौधरी पिता रामदेव चौधरी अंश समान जाति ब्राहमण निवासी निज ग्राम पत्रालय भगवतीपुर। |
| 16 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 14 | 712 | 14.000 | कृषि | अमीरी चौधरी पिता लोका चौधरी जाति ब्रहामण निज ग्राम। |
| 17 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 21 | 714 | 3.360 | कृषि | मो० अयुब अंसारी वगैरह पिता शेख हमिद |
| 18 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 277 | 711 | 2.000 | कृषि | महावरी यादव पिता वबुजन यादव जाति यादव नि० निज ग्राम। |
| 19 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 194 | 716 | 0.500 | कृषि | वउजन यादव वो सुकन यादव पिता मखन यादव दो अंश समान वो मु० हिरदा नीया पति गोवर्धन यादव एक अंश जाति गोवाला निवासी निज ग्राम पत्रालय भगवतीपुर। |
| 20 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 34 | 715 | 4.200 | कृषि | मोहम्मद आलम गीर पिता मोहम्मद हनीफ जाति मोमीन निवासी निज ग्राम पत्रालय भगवतीपुर। |
| 21 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 469 | 718 | 5.520 | कृषि | नूर मोहम्मद |
| 22 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 271 | 719 | 3.000 | कृषि | मनोरमा देवी पति विन्देश्वर चौधरी जाति ब्राहम निवासी निज ग्राम पत्रालय भगवतीपुर। |
| 23 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 390 | 720 | 4.680 | कृषि | रमजान मोमिन वो हमिद मोमिन वो अब्दुल्लाह मोमिन |
| 24 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 480 | 729 | 1.000 | रास्ता | अनावाद बिहार सरकार |
| 25 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 160 | 1368 | 6.720 | कृषि | दिनेश चौधरी वो सुरेन्द्र चौधरी पिता रामदेव चौधरी अंश समान जाति ब्राहमण निवासी निज ग्राम पत्रालय भगवतीपुर। |
| 26 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 407 | 1367 | 1.440 | कृषि | शेख शकुर पिता शेख गनौर जाति शेख निवासी निज ग्राम पत्रालय भवगतीपुर। |
| 27 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 398 | 1366 | 1.820 | कृषि | नथुनी झा पिता ढक्कन झा |
| 28 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 422 | 1356 | 2.830 | कृषि | शेख शहीद पिता शेख पचकौड़ी जाति शेख नि० पत्रालय भगवतीपुर |
| 29 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 404 | 1355 | 2.000 | कृषि | शेख शकुर पिता शेख गनौर जाति शेख निवासी निज ग्राम पत्रालय भवगतीपुर। |
| 30 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 106 | 1354 | 2.000 | कृषि | जमुना झा पिता लुटन झा वो अनुग्रह झा वो राम नारायण झा वो लक्ष्मी झा वो रामचन्द्र झा पिता वावुजी झा जाति ब्राहमण निवासी निज ग्राम पत्रालय भगवतीपुर। |
| 31 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 383 | 1055 | 2.000 | कृषि | लक्ष्मण मिश्र पिता बतहु मिश्र एक अंश वो नारायण मिश्र वो तुलाकान्त मिश्र वो राजेन्द्र मिश्र पिता सुगा मिश्र एक अंश समान वो मधुकान्त मिश्र वो श्रीकान्त मिश्र पिता देवचन्द्र मिश्र दो अंश समान जाति ब्राहमण निवासी निज ग्राम। |
| 32 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 50 | 1052 | 5.750 | कृषि | कल्लर साह पिता मुन्नी साह दो अंश वो नन्दी साह वो लधुमन साह पिता कल्लर साह दो अंश समान जाति वनिया निवासी निज ग्राम पत्रालय भगवतीपुर। |
| 33 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 383 | 1045 | 0.654 | कृषि | लाल बिहारी मिश्र पिता भुनेश्वर मिश्र जाति ब्राहमण निवासी निज ग्राम पत्रालय भगवतीपुर। |
| 34 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 126 | 1033 | 3.625 | कृषि | जिवछ महतो वो पलट महतो पिता भइया महतो अंश समान जाति कुशवाहा निवासी निज ग्राम |
| 35 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 343 | 1032 | 2.500 | कृषि | राजेश्वर चौधरी वो विदेश्वर चौधरी वो सुजेश्वर चौधरी पिता वासु चौधरी वो फुसे चौधरी पिता जागेश्वर चौधरी जाति ब्राहमण निवासी निज ग्राम–पत्रालय भगवतीपुर। |
| 36 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 480 | 1002 | 1.500 | रास्ता | अनावाद सर्व साधारण |
| 37 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 18 | 731 | 2.500 | कृषि | अमृत ठाकुर पिता श्री जी ठाकुर बढ़ई निवासी निज ग्राम। |
| 38 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 451 | 732 | 1.625 | कृषि | कान्त मिश्र वो महाकानत मिश्र पिता जदु मिश्र दो अंश जाति ब्राहमण निवासी निज ग्राम। |
| 39 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 419 | 733 | 1.050 | कृषि | वासुदेव साहु पिता नेवालाल साहु |
| 40 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 469 | 734 | 4.360 | कृषि | जोगा चौधरी पिता जीवा चौधरी जाति ब्राहमण निवासी निज ग्राम पत्रालय भगवतीपुर। |
| 41 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 469 | 735/3099 | 3.870 | कृषि | मियाजान मोमीन वो मियामुद्दीन पिता अजीज मोमीन जाति मोमीन निवासी निज ग्राम। |
| 42 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 343 | 780 | 3.000 | कृषि | राजेश्वर चौधरी वो विदेश्वर चौधरी वो सुजेश्वर चौधरी पिता वासु चौधरी वो फुसे चौधरी पिता जागेश्वर चौधरी जाति ब्राहमण निवासी निज ग्राम–पत्रालय भगवतीपुर। |
| 43 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 343 | 781 | 3.250 | कृषि | राजेश्वर चौधरी वो विदेश्वर चौधरी वो सुजेश्वर चौधरी पिता वासु चौधरी वो फुसे चौधरी पिता जागेश्वर चौधरी जाति ब्राहमण निवासी निज ग्राम–पत्रालय भगवतीपुर। |
| 44 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 162 | 785 | 4.000 | कृषि | दिनेश चौधरी वो सुरेन्द्र चौधरी पिता रामदेव चौधरी अंश समान वो अमीरी चौ० वो गुनी चौधरी पिता लोका चौधरी एक अंश समान जाति ब्राहमण निवासी निज ग्राम पत्रालय भगवतीपुर। |
| 45 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 349 | 782 | 3.250 | कृषि | राम किशुन साफी वो सुन्दर साफी पिता लूटन साफी अंश समान जाति धोबी निवासी निज ग्राम–पत्रालय भगवतीपुर। |
| 46 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 135 | 783 | 7.200 | कृषि | जोगा चौधरी पिता जीवा चौधरी जाति ब्राहमण निवासी निज ग्राम पत्रालय भगवतीपुर। |
| 47 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 50 | 784 | 3.000 | कृषि | कल्लर साह पिता मुन्नी साह दो अंश वो नन्दी साह वो लधुमन साह पिता कल्लर साह दो अंश समान जाति बनिया निवासी निज ग्राम पत्रालय भगवतीपुर। |
| 48 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 364 | 787 | 2.000 | कृषि | राम सरण साह वो लखन साह पिता अशर्फी साह अंश समान जाति वनिया निवासी निजग्राम |
| 49 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 356 | 801 | 5.000 | कृषि | नथुनी झा पिता ढक्कन झा |
| 50 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 321 | 802 | 1.500 | कृषि | 1.लुटन झा पिता दिनाई झा 2. रानी देवी पति सच्चिदानंद झा |
| 51 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 457 | 804 | 1.440 | कृषि | राजेन्द्र साहु पिता लखन साहु |
| 52 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 479 | 805 | 1.250 | कृषि | अनावाद बिहार सरकार |
| 53 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 15 | 806 | 3.000 | कृषि | अमीरी चौधरी पिता लोका चौधरी एक अंश वो दिनेश चौधरी पिता रामदेव चौधरी एक अंश जाति ब्राहमण निवासी निज ग्राम। |
| 54 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 336 | 807 | 1.200 | कृषि | राजकुमार मिश्र वो विजय कुमार मिश्र वो शोशीला कुमार मिश्र पिता कमेश्वर मिश्र अंश समान जाति ब्राहमण निवासी निज ग्राम पत्रालय भगवतीपुर। |
| 55 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 470 | 808 | 3.500 | कृषि | हरिश्चन्द्र मिश्र वो दिगम्बर मिश्र पिता युगेश्वर मिश्र एक अश समान वो महेश मिश्र वो उमेश मिश्र वो दिनेश मिश्र पिता कैलाश मिश्र एक अंश समान जाति ब्राहमण निवासी निज ग्राम पत्रालय भगवतीपुर |
| 56 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 479 | 831 | 2.600 | कृषि | अनावाद बिहार सरकार |
| 57 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 419 | 836 | 0.500 | कृषि | मक्खन गोप पिता भिखार गोप |
| 58 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 140 | 837 | 4.000 | रास्ता | 1. दिल मोहम्मद पिता बुद्धि अंसारी 2. इस्लाम अंसारी पिता बसरउद्दीन अंसारी |
| 59 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 230 | 839 | 4.500 | कृषि | विन्देश्वर यादव वो कामेश्वर यादव वो राजेन्द्र यादव पिता रामु यादव अंश समान जाति यादव निवासी बालुआहा पत्रालय भगवतीपुर। |
| 60 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 216 | 846 | 5.750 | कृषि | तफज्जुल पिता अलीजान |
| 61 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 169 | 847 | 3.500 | कृषि | 1. इस्लाम अंसारी पिता बसरूद्दीन अंसारी 2. मो० हनीफ वो मो० रमजान अंसारी पिता सोमन अंसारी 3. बीबी अनीसा खातुन पिता जैनुउद्दीन अंसारी |
| 62 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 169 | 848 | 3.500 | कृषि | पुलकित यादव पिता लक्ष्मी यादव |
| 63 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 461 | 849 | 4.250 | कृषि | 1. रामखेलावन साफी वो रामकुन्दन साफी पिता चेथुरी साफी 2. मखन गोप पिता भिखार गोप |
| 64 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 480 | 850 | 0.500 | बाँध | अनावाद बिहार सरकार |
| 65 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 478 | 730 | 27.000 | नहर | बिहार सरकार सिंचाई विभाग |
| 66 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 50 | 1053 | 6.000 | कृषि | कल्लर साह पिता मुन्नी साह दो अंश वो नन्दी साह वो लधुमन साह पिता कल्लर साह दो अंश समान जाति वनिया निवासी निज ग्राम पत्रालय भगवतीपुर। |
| 67 | मधुबनी | 143 | बिहनगर | 286 | 1054 | 0.100 | कृषि | मधुकान्त मिश्र पिता बेचन मिश्र जाति ब्राहमण निवासी पत्रालय भगवतीपुर। |
| 68 | मधुबनी | 142 | बलुआहा | 113 | 602 | 3.840 | कृषि | राजेश्वर ठाकुर पिता बुच्चन ठाकुर जाति भूमिहार ब्राहमण नि० बरह गोरिया पो०–बिठुआर |
| 69 | मधुबनी | 142 | बलुआहा | 50 | 596 | 1.520 | कृषि | सुबध यादव वो देबु यादव बो सौखी यादव, वो सीताराम यादव पिता नेवी यादव जाति यादव निवासी निज ग्राम। |
| 70 | मधुबनी | 142 | बलुआहा | 117 | 595 | 1.500 | कृषि | रामचरण मण्डल जुड़ी मंडल जाति खतवे निवासी निज ग्राम पत्रालय भागवतीपुर |
| 71 | मधुबनी | 142 | बलुआहा | 125 | 594 | 2.000 | कृषि | रामू यादव पिता सुन्दर यादव जाति यादव नि० निज ग्राम पत्रालय भगवतीपुर |
| 72 | मधुबनी | 142 | बलुआहा | 110 | 570 | 5.000 | कृषि | मो० रजीया आलम वो सदेर आलम पिता मजलूम अंश समान जाति शेख नि. विहनगर पो० भगवतीपुर। |
| 73 | मधुबनी | 142 | बलुआहा | 100 | 569 | 5.000 | कृषि | शेख अब्दूल मजीत पिता शेख सखावत एक अंश वो शेख मासुक वो शेख हीरा पिता शेख सुराजुद्दीन एक अंश समान जाति। |
| 74 | मधुबनी | 142 | बलुआहा | 61 | 654 | 9.750 | कृषि | शेख जैनुल वो शेख मुहम्मद हुसैन पिता अब्दुल सकुर एक अंश समान वो शेख फरमुद वो शेख तालीम पिता शेख गशौर दो अंश समान जाति शेख नि० पिहनगर पत्रालय भगवतीपुर। |
| 75 | मधुबनी | 142 | बलुआहा | 57 | 653 | 4.200 | कृषि | बेवी जुबैदा खातुन पति मो० इशा जाति मुसलमान निवासी बिहनगर पत्रालय भगवतीपुर। |
| 76 | मधुबनी | 142 | बलुआहा | 108 | 652 | 3.500 | कृषि | महमद युसुफ वो अयुब वो याकुब पिता अब्दुल हमीद अंश समान जाति मोमीन नि० बिहनगर। |

**(ई० पीयूष प्रकाश)**
**कार्यपालक अभियन्ता**
**पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, खजौली**

PR. No. 004812 (WRD) 2025-26

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।




बिहार विधानसभा चुनाव से पहले लागू हो सकता है नया मानदेय

# प्रस्ताव : राज्य में दो लाख रसोइयों के मानदेय में दोगुना वृद्धि की तैयारी

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** सूबे में दो लाख रसोइयों का मानदेय दोगुना करने की तैयारी की जा रही है। शिक्षा विभाग इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर रहा है। मानदेय प्रतिमाह न्यूनतम 3 हजार और अधिकतम 8 हजार रुपए हो सकता है। राज्य में लगभग 70 हजार स्कूलों में बच्चों के लिए भोजन (एमडीएम) बनाने वाले 2 लाख से अधिक रसोइये कार्यरत हैं।

हालांकि मानदेय में बढ़ोतरी संबंधी छह तरह के प्रस्ताव बनाए जा रहे हैं। पहला 3 हजार, दूसरा 4 हजार, तीसरा 5 हजार, चौथा 6 हजार, पांचवां 7 हजार और छठा 8 हजार रुपए प्रतिमाह का प्रस्ताव है। सरकार जिस प्रस्ताव पर सहमत होगी, वह लागू होगा। मानदेय बढ़ाने पर राज्य सरकार पर प्रति माह 450 करोड़ से 550 करोड़ रुपए अतिरिक्त वित्तीय भार बढ़ेगा। रसोइयों की लंबे समय से चली आ रही इस मांग पर बिहार सरकार जल्द फैसला कर सकती है। अभी स्कूलों में कुल 2 लाख 38 हजार रसोइया और सहायक हैं। हालांकि दोनों का मानदेय समान है। बिहार में अभी रसोइया का मानदेय प्रतिमाह 1650 रुपए है। 2019 के पहले इन्हें 1250 रुपए प्रतिमाह मिलता था। 2019 में प्रतिमाह 250 रुपए बढ़ने के बाद 1500 रुपए हो गया था। बाद में राज्य सरकार ने प्रतिमाह 150 रुपए और बढ़ोतरी की थी। प्रधानमंत्री मध्याह्न भोजन योजना के तहत रसोइयों का मानदेय प्रतिमाह एक हजार रुपए निर्धारित है। एक हजार रुपए में प्रतिमाह 600 रुपए केंद्र सरकार और 400 रुपए राज्य सरकार देती है। 650 रुपए प्रतिमाह राज्य सरकार योजना में टॉप-अप के तहत देती है।

**तमिलनाडु में 12.5 हजार मानदेय :** विभिन्न राज्यों में इनके लिए मानदेय अलग-अलग है। न्यूनतम एक हजार और अधिकतम 12500 रुपए प्रतिमाह है। सबसे अधिक 12500 रुपए तमिलनाडु में है। केरल में 12 हजार रुपए और हरियाणा में 7 हजार रुपए है।



**03** से 8 हजार तक प्रतिमाह की तैयारी

**1650** रुपए है मानदेय प्रतिमाह बिहार में अभी रसोइया का

### मानदेय में बढ़ोतरी पर खजाने पर कितना भार

| मानदेय | अतिरिक्त भार |
|---|---|
| 3 हजार | 450 रुपए |
| 4 हजार | 470 करोड़ |
| 5 हजार | 490 करोड़ |
| 6 हजार | 510 करोड़ |
| 7 हजार | 530 करोड़ |
| 8 हजार | 550 करोड़ |

### छात्र-छात्राओं की संख्या के आधार पर रसोइया

प्रारंभिक विद्यालयों में कक्षा एक से 8 तक के छात्र-छात्राओं की संख्या के आधार पर रसोइया रखने का प्रावधान है। 100 छात्र से कम रहने पर एक रसोइया, 200 छात्र तक की संख्या पर दो और इससे अधिक संख्या रहने पर तीन रसोइया का प्रावधान है। रसोइया की जिम्मेदारी सभी बच्चों के लिए प्रतिदिन मेनू के हिसाब से भोजन बनाना और खिलाना है।

### अकुशल मजदूर की दैनिक न्यूनतम मजदूरी ₹424

एक अप्रैल 2025 से राज्य में न्यूनतम मजदूरी प्रतिदिन अकुशल मजदूर के लिए 424 रुपए, अर्धकुशल को 440 रुपए, कुशल को 536 और अतिकुशल मजदूर को प्रतिदिन 654 रुपए निर्धारित है।

# फिलीपींस जानेगा बिहार की बिजली की उपलब्धियां

सम्मेलन

- तीन दिवसीय मनीला बिजली महोत्सव में बिहार की प्रगति को दिखाया जाएगा
- साउथ बिहार कंपनी के एमडी महेन्द्र कुमार मनीला समिट में हो रहे हैं शामिल

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** बिहार में बिजली के क्षेत्र में हुई प्रगति से दुनिया के अन्य देश के लोग अवगत होंगे। फिलीपींस की राजधानी मनीला में दो से चार जून तक तीन दिवसीय एशिया क्लीन इनर्जी समिट का आयोजन किया गया है। इसमें बिहार को बिजली के क्षेत्र में हुई प्रगति की जानकारी देने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस सम्मेलन में शामिल होने के लिए बिजली कंपनी से साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक महेन्द्र कुमार मनीला गए हैं।

समिट की बाबत उन्होंने कहा कि भारत से 14 वितरण कंपनियों को इस समिट में शामिल होने के लिए बुलाया गया है। इसमें दो सरकारी तो 12 गैर सरकारी (निजी) वितरण कंपनियां हैं। दो सरकारी में एक बिहार को आमंत्रित किया गया है। अपने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बिजली कंपनी हाल के वर्षों में बिजली के क्षेत्र में हुई प्रगति के बारे में दुनिया के अन्य देशों को अवगत कराएगी।

दो दशक पहले बिहार में मात्र 700 मेगावाट बिजली खपत करने वाले बिहार में कैसे अब आठ हजार मेगावाट से अधिक बिजली खपत होती है, इसके बारे में लोगों को बताया जाएगा। किस तरह हर गांव में बिजली की सुविधा उपलब्ध कराई गई। कैसे हर गांव के सभी इच्छुक लोगों को बिजली कनेक्शन प्रदान किया गया।

### नदी, पहाड़ी व दुर्गम इलाकों में भी है बिजली की सुविधा

नदी, पहाड़ी व अन्य दुर्गम इलाकों में भी कंपनी ने लोगों को बिजली की सुविधा उपलब्ध कराई है, यह भी बताया जाएगा। स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वाला बिहार देश का पहला राज्य है। देश में अभी सबसे अधिक स्मार्ट प्रीपेड मीटर बिहार में लगे हुए हैं। गैर परम्परागत ऊर्जा के क्षेत्र में भी बिहार में कई काम हुए हैं। कई और मानकों पर भी बिहार ने देश में कीर्तिमान रचा है जिसे बिजली कंपनी के एमडी मनीला में दूसरे देशों को बताएंगे।

## सियासत 30S



पटना स्थित खानकाह दीवान शाम अरजानी में रविवार को आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में डॉ. अहमद नईमी को तसव्वुफ अवार्ड 2025 से सम्मानित करते लोग। ● हिन्दुस्तान

### माकपा ने स्वास्थ्य मंत्री से इस्तीफा मांगा

**पटना।** माकपा ने पीएमसीएच की स्थिति बदहाल होने का आरोप लगाया और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय से इस्तीफे की मांग की। रविवार को माकपा के राज्य कमेटी के सदस्य मनोज चंद्रवंशी ने आरोप लगाया कि पीएमसीएच के इमरजेंसी विभाग की हालत यह है कि गंभीर रोगी को बेड मिलना तो दूर ट्रॉली भी नहीं मिल पाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि एनडीए की सरकार विकास की बातें तो बढ़ा-चढ़ा कर करती हैं लेकिन हकीकत बद से बदतर हैं।

### पीड़ित परिवार को 20 लाख मुआवजा दे सरकार : राजद

**पटना।** राजद के प्रदेश महासचिव भाई अरुण कुमार और राजद नेता पिंटू राम ने कहा है कि पीएमसीएच की लापरवाही के कारण ही दुष्कर्म पीड़ित लड़की की जान चली गई। रविवार को जारी बयान में राजद नेता ने कहा कि मुजफ्फरपुर से रेफर कर उस लड़की को पीएमसीएच भेजा गया था, लेकिन पीएमसीएच में चार घंटे बच्ची एंबुलेंस में ही रही। जब लोगों का हुजूम पहुंचा तो उसे भर्ती किया गया। राजद नेता ने आरोप लगाया कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति खराब हो गई है।

### लालू परिवार में वर्चस्व की लड़ाई : प्रभाकर

**पटना।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद परिवार के ताजा घटनाक्रम पर तंज कसते हुए कहा कि वास्तव में यह परिवार के अंदर राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई है। दोनों तरफ से शह और मात का खेल चल रहा है। कोई अपने पावर का इस्तेमाल कर रहा है, तो कोई इमोशनल कार्ड खेल रहा है। श्री मिश्र ने रविवार को जारी बयान में कहा कि तेजप्रताप यादव ने अपने एक्स पर राजद के किस नेता को 'जयचंद' कहा है, इसका खुलासा भी उन्हें करना चाहिए था।

### देश की अर्थव्यवस्था सशक्त हो रही : रूंगटा

**पटना।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सुरेश रूंगटा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण ही आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। हर भारतीय के लिए यह गौरव की बात है। यह उपलब्धित भारती के निरंतर आर्थिक विकास, सशक्त होती अर्थव्यवस्था और वैश्विक मंच पर बढ़ती इसकी भूमिका को बताता है। प्रधानमंत्री का सपना वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, जिस दिशा में भी यह बड़ी उपलब्धि है।

### चहुंमुखी विकास से विपक्ष की नींद उड़ी : चौरसिया

**पटना।** भाजपा विधायक डॉ. संजीव चौरसिया ने कहा है कि एनडीए सरकार में विकसित बिहार के लिए उठाए गए कदमों से विपक्ष की सियासी जमीन सिकुड़ती जा रही है। रविवार को जारी बयान में उन्होंने कहा कि रोड, बिजली, मेडिकल कॉलेज, रेल, एयरपोर्ट के विकास ने विपक्ष की नींद उड़ा दी है। हालत यह है कि नौकरी के बदले जमीन के घोटाले के आरोपित आज गरीबी और बेरोजगारी की बात कर रहे हैं।

### नई पीढ़ी की पसंद हैं नीतीश कुमार : प्रमिल

**पटना।** उग्रतारा न्यास उपाध्यक्ष सह जदयू नेता प्रमिल मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लोक कल्याणकारी शासनकाल में अल्प साधन वाला राज्य होने पर भी बिहार में युवाओं के लिए नौकरी, रोजी-रोजगार, उद्यम के नए अवसरों का अभूतपूर्व सृजन हुआ। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नई पीढ़ी की पसंद हैं। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को अपना कैरियर सहेजने, संवारने का भरपूर अवसर मिला है। महत्वाकांक्षी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 31 मार्च तक 3 लाख 59 हजार 424 छात्रों को लोन मिला।



भाजपा के प्रदेश कार्यालय में रविवार को सामाजिक संपर्क अभियान के तहत रविदास समाज के लोगों को सम्मानित करते प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल। साथ में मंत्री जनक राम, प्रदेश महामंत्री शिवेश राम व अन्य। ● हिन्दुस्तान

# मेरे घर और बाहर में जयचंद साजिश कर रहे, बेनकाब करूंगा: तेज प्रताप

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** पार्टी और परिवार से निकाले जाने के छह दिन बाद राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के बड़े बेटे और पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने रविवार को एक्स पर पोस्ट कर अपनी चुप्पी तोड़ी। उन्होंने एक्स पर दो अलग-अलग पोस्ट कर परिवार और दल में जयचंद होने की बात कही। माता-पिता को भगवान से बढ़कर बताया और छोटे भाई और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को आश्वस्त किया कि मुझे कोई अर्जुन से अलग नहीं कर सकता है।

तेज प्रताप ने अपने पोस्ट में कहा कि मेरे अर्जुन से मुझे अलग करने का सपना देखने वालों, तुम कभी अपनी साजिशों में सफल नहीं हो सकोगे। तेजस्वी को अर्जुन और खुद को श्रीकृष्ण का उपमा देने वाले तेज प्रताप ने कहा कि साजिश करने वाले श्रीकृष्ण की सेना तो ले सकता है, लेकिन खुद कृष्ण को नहीं। हर साजिश को जल्द बेनकाब करूंगा। बस मेरे भाई भरोसा रखना। मैं हर परिस्थिति में तुम्हारे साथ हूं। फिलहाल दूर हूं लेकिन मेरा आशीर्वाद हमेशा तुम्हारे साथ रहेगा।

**पापा आप न होते तो न पार्टी होती न मेरे साथ राजनीति करने वाले लालची लोग :** तेज प्रताप ने कहा कि मेरे भाई, मम्मी-पापा का ख्याल रखना। जयचंद हर जगह है। अंदर भी और बाहर भी। लालू-राबड़ी को संबोधित करते हुए तेज प्रताप ने कहा कि मेरे प्यारे मम्मी पापा, मेरी सारी दुनिया बस आप दोनों में ही समाई है। भगवान से बढ़कर हैं आप और आपका दिया कोई भी आदेश। आप हैं तो सब कुछ है मेरे पास। मुझे सिर्फ आपका विश्वास और प्यार चाहिए न कि कुछ और। पापा आप नहीं होते तो न ये पार्टी होती और न मेरे साथ राजनीति करने वाले कुछ जयचंद जैसे लालची लोग। आप दोनों हमेशा स्वस्थ और खुश रहें। गौरतलब है कि बीते 24 मई को तेज प्रताप यादव का एक लड़की के साथ सोशल मीडिया पर तस्वीर वायरल होने के बाद लालू प्रसाद ने अगले दिन उन्हें पार्टी और परिवार से निकाले जाने की घोषणा की।



पार्टी-परिवार से निष्कासन के छह दिन बाद तेज प्रताप ने चुप्पी तोड़ी

# पीएम अतिपिछड़ी जातियों के बड़े शुभचिंतक : भीम

- कहा, राज्यव्यापी 'कर्पूरी संकल्प यात्रा' पर वह इसी माह निकलेंगे

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** अतिपिछड़ा वर्ग चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद डॉ. भीम सिंह ने कहा है कि वर्तमान परिदृश्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अतिपिछड़ी जातियों के सबसे बड़े शुभचिंतक हैं। इसलिए हमारा भी कर्तव्य है कि हम उनको तथा भाजपा को मजबूत करें।

डॉ. सिंह रविवार को पटना में मंच की हुई बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता मंच के प्रदेश अध्यक्ष रामबहादुर चौधरी ने की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए डॉ. सिंह ने अतिपिछड़ी जातियों से 'ज्ञान के लिए पढ़ने और अधिकार के लिए लड़ने' का आह्वान किया। डॉ सिंह ने कहा कि 36% की सर्वाधिक आबादी वाला सामाजिक समूह होने के बावजूद अतिपिछड़ी जातियों का जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में पिछड़ा रह जाना दुखद और चिंतनीय है। उन्होंने ऐलान किया कि सामाजिक परिवर्तन के व्यापक लक्ष्य को लेकर वह राज्यव्यापी 'कर्पूरी संकल्प यात्रा' पर वह इसी माह निकलेंगे। बैठक में सुंदर सहनी, सुभाष प्रसाद चन्द्रवंशी, जीत कुमार, जेपी चन्द्रवंशी, डॉ. शिलेन्द्र प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## सभी जिलों में भाजपा करेगी संत शिरोमणि रविदास सम्मेलन

**पटना।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा है कि जल्द ही पटना में रविदास समाज के लोगों का एक सम्मेलन होगा, जिसमें लाखों लोग शामिल होंगे। बिहार के सभी जिलों में संत शिरोमणि रविदास सम्मेलन सह सम्मान समारोह होंगे।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को सामाजिक संपर्क अभियान के अंतर्गत रविदास समाज की एक बैठक में उन्होंने यह बात कही। बैठक में अनुसूचित जाति, जनजाति कल्याण मंत्री जनक राम, प्रदेश महामंत्री शिवेश राम, मंत्री संजय गुप्ता, विधायक मुरारी गौतम, अनिल राम, सुग्रीव रविदास, संजय दास, गीता राम, रामानंद राम आदि उपस्थित थे।

# 24 करोड़ से बनेगा नया इनडोर शूटिंग रेंज : सम्राट

- बोले, 25-50 मीटर शूटिंग के अभ्यास को बाहर नहीं जाना पड़ेगा

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** बिहार के नालंदा में 24 करोड़ रुपये से नया इंडोर शूटिंग रेंज बनेगा। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नालंदा के कल्याण बिगहा में खाली पड़ी भूमि पर 25 मीटर एवं 50 मीटर के शूटिंग रेंज निर्माण के लिए ₹24.21 करोड़ रुपये की प्रशासनिक मंजूरी दे दी गई है।

कल्याण बिगहा का 10 मीटर इनडोर शूटिग रेंज देश का दूसरा सबसे अच्छा रेंज है। यहां 25 मीटर और 50 मीटर का रेंज नहीं होने से यह अधूरा था। श्री चौधरी ने कहा कि नया शूटिंग रेंज बनने पर 25 और 50 मीटर की शूटिग का अभ्यास करने के लिए खिलाड़ियों को ना तो बाहर जाना पड़ेगा, ना ही खेल का अभ्यास छोड़ना पडेगा। कल्याण बिगहा शूटिग रेंज 14 साल पूरा करने वाला है। 14 मई 2011 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इनडोर शूटिग रेंज का उद्घाटन किया था। इस रेंज का संचालन साढ़े पांच वर्षों तक पंचायत भवन में हुआ। 1 जनवरी 2017 को 35 लेन के अत्याधुनिक रेंज का उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया था।

## मृणाल बने राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष

**पटना।** लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के संबंधी धनंजय कुमार उर्फ मृणाल पासवान राज्य अनुसूचित आयोग के अध्यक्ष बनाए गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने शनिवार की देर रात उनके अध्यक्ष नियुक्त किए जाने को लेकर अधिसूचना जारी की।

राज्य सरकार के विभिन्न आयोग एवं बोर्ड के गठन की प्रक्रिया जारी है। अब तक राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अतिरिक्त राज्य अनुसूचित जनजाति, बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग, उच्च जातियों के लिए राज्य आयोग (सवर्ण आयोग), मछुआरा आयोग और महादलित आयोग का गठन किया गया है।

# अतिपिछड़ा के बड़े रहनुमा हैं नीतीश कुमार : चन्द्रवंशी

- 50 लाख से अधिक छात्रों को ₹786 करोड़ की मिली छात्रवृत्ति

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** पूर्व सांसद और जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अतिपिछड़ा वर्ग के सबसे बड़े रहनुमा हैं। मुख्यमंत्री की पहल पर डीबीटी के माध्यम से अब-तक 50 लाख से अधिक पिछड़ा और अतिपिछड़ा वर्ग के छात्रों को ₹786 करोड़ की छात्रवृत्ति सीधे उनके खातों में भेजी जा चुकी है। इससे आर्थिक बाधाएं छात्रों की शिक्षा में अब रुकावट नहीं बन रही हैं।

जदयू प्रदेश कार्यालय में रविवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में चंद्रवंशी समेत प्रकोष्ठों के संयोजक प्रो. नवीन आर्य चंद्रवंशी, प्रदेश प्रवक्ता अरविंद निषाद और मीडिया पैनलिस्ट किशोर कुणाल ने संयुक्त रूप से कहा कि मुख्यमंत्री सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को एक लाख तथा बीपीएससी सफल अभ्यर्थियों को ₹50 हजार की आर्थिक सहायता दी जा रही है। स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना ने उच्च शिक्षा को पहले से अधिक सुलभ बनाया है। वहीं, जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास की स्थापना से छात्रों को सुरक्षित और गरिमापूर्ण आवास की सुविधा मिल रही है।

# राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का कॉल सेंटर बना, हेल्पलाइन नंबर भी जारी

**पटना/दानापुर, हिटी।** जमीन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने बड़ी पहल करते हुए राज्य के पहले हेल्पलाइन सेंटर की शुरुआत की है। इस टोल-फ्री कॉल सेंटर में नंबर 18003456215 के माध्यम से अब राज्य के नागरिकों को भूमि संबंधी दस्तावेज, विभागीय योजनाओं, शिकायत और समाधान से जुड़ी सेवाएं एक ही नंबर पर उपलब्ध होंगी।

हेल्पलाइन सेंटर का उद्घाटन रविवार को पटना के दानापुर स्थित सीएससी कार्यालय में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने किया। राजस्व मंत्री ने कहा कि यह सेंटर 3 जून से आम लोगों के लिए शुरू हो जाएगा और सोमवार से शनिवार तक सुबह साढ़े 9 बजे से शाम 6 बजे तक सेवा देगा। इस कॉलसेंटर की स्थापना का उद्देश्य ग्रामीण और दूरदराज के नागरिकों तक राजस्व व भूमि संबंधी जानकारी पहुंचाना और उनकी शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा कि राजस्व व भूमि सुधार जैसे विषय आम लोगों के लिए जटिल होते हैं, लेकिन प्रशिक्षित कॉल एजेंट की मदद से यह हेल्पलाइन आम नागरिकों के लिए सहज बनाएगा। बहुत दिनों से इस कॉलसेंटर की जरूरत महसूस हो रही थी।



दानापुर में सगुना मोड़ के पास रविवार को राजस्व एवं भूमि सुधार हेल्पलाइन/कॉल सेंटर का शुभारंभ करते मंत्री संजय सरावगी। साथ में एसीएस दीपक कुमार व अन्य।

## अवैध संपत्ति के लोभ में लालू परिवार बना गुनाहगार: संतोष

**पटना।** हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लघु जल संसाधन मंत्री डॉ संतोष सुमन ने कहा कि अवैध संपत्तियों के लोभ में लालू प्रसाद ने अपने पूरे परिवार को गुनाहगार बना दिया है।

रेलवे में नौकरी के बदले कई दर्जन युवाओं और उनके परिजनों से रिश्वत के तौर पर एक लाख वर्गफीट से ज्यादा जमीन हड़पने के मामले में विगत दिन दिल्ली हाई कोर्ट ने लालू प्रसाद की एफआईआर रद्द करने की याचिका खारिज कर उन्हें जोरदार झटका दिया है। श्री सुमन ने कहा कि राजद का यह आरोप बिलकुल बेबुनियाद है कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और द्वेष में लालू परिवार को फंसाया और परेशान किया जा रहा है। केंद्र की एनडीए सरकार पर फंसाने का आरोप लगाने की जगह लालू परिवार को केंद्रीय जांच एजेंसियों और कोर्ट को अपनी बेगुनाही का सबूत देना चाहिए।

पहल | कैदियों में कंप्यूटर की व्यावहारिक समझ विकसित करने के साथ बनाया जाएगा डिजिटल साक्षर

# सूबे की जेलों में बंद कैदी कंप्यूटर सीखेंगे

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** सूबे की जेलों में बंद कैदी कंप्यूटर सीखेंगे। उनको रोजगार परक कंप्यूटर सॉफ्टवेयर कोर्सों एमएस वर्ड, टैली, पावर प्वाइंट आदि का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसको लेकर गृह विभाग के कारा एवं सुधार सेवाएं निरीक्षणालय ने राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलेट) के साथ समझौता किया है।

समझौते के तहत नाइलेट के प्रशिक्षित कर्मी जेलों में संसीमित बंदियों में कंप्यूटर की व्यावहारिक समझ विकसित करने के साथ ही उनको डिजिटल साक्षर बनाने का काम करेंगे। इससे जेल से छूटने के बाद इन कैदियों को रोजगार या स्वरोजगार की मदद से समाज की मुख्य धारा से जुड़ने में मदद मिलेगी।

**250 से अधिक कंप्यूटरों की हो रही खरीद :** मिली जानकारी के मुताबिक गृह विभाग ने पहले चरण में राज्य के आठ केन्द्रीय कारा सहित 41 जेलों में बंद कैदियों को कंप्यूटर का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिए जाने की योजना बनाई है। इसको लेकर कारा निरीक्षणालय पहले ही 250 कंप्यूटर सेट, यूपीएस एवं कंप्यूटर टेबल की खरीद को लेकर 2.25 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दे चुका है। इसके तहत पटना के आदर्श केंद्रीय कारा बेऊर को सबसे अधिक 15 कंप्यूटर सेट दिया जाना है। वहीं, बक्सर, मोतिहारी, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया, भागलपुर और गया के केंद्रीय एवं विशेष कारा को 10-10 कंप्यूटर सेट जबकि 33 मंडल काराओं को पांच-पांच कंप्यूटर सेट मिलने हैं। धीरे-धीरे सभी जेलों में इसे लागू कर दिया जाएगा।



**08** केंद्रीय कारा सहित 41 जेलों के लिए खरीदे जा रहे 250 से अधिक कंप्यूटर प्रशिक्षण को लेकर

- रोजगार परक व्यावसायिक कोर्सों का दिलाया जाएगा प्रशिक्षण
- गृह विभाग (कारा) ने नाइलेट के साथ किया है समझौता

### 'मुक्ति' ब्रांड भी तैयार कर रहे कैदी

राज्य की जेलों में बंद कैदियों की ऊर्जा का सकारात्मक इस्तेमाल करने के लिए उनको जेल परिसर में ही चलाये जाने वाले विभिन्न लघु उद्योगों से भी जोड़ा गया है। यह कैदी जेल में सरसों तेल, मसाला पाउडर, वूडेन डेकोरेटिव आइटम, जूट से बनी सामग्रियों व डिजाइनर ड्रेस आदि तैयार कर रहे हैं। इन्हें खुले बाजार में 'मुक्ति' ब्रांड के नाम से बेचा जा रहा है। इससे कैदियों के नकारात्मक कार्यों पर रोक लगने के साथ ही उनकी कार्यकुशलता और आय भी बढ़ रही है।

बिहार का नं. 1 अखबार

# हिन्दुस्तान

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

www.livehindustan.com

सोमवार

2 जून 2025, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष सप्तमी, विक्रम सम्वत् 2082, मुजफ्फरपुर

मधुबनी संस्करण, वर्ष 15, अंक 149, 18 पेज, मूल्य ₹ 4.00 • पांच प्रदेश • 24 संस्करण




ट्रंप ने नासा प्रमुख के लिए मस्क के सहयोगी का नाम वापस लिया 13

चिंता: बिहार में मानसून की दस्तक को पछुआ के प्रवाह ने रोका

# सिक्किम-बंगाल के उत्तरी इलाके में अटका मानसून

**पटना, हिन्दुस्तान प्रतिनिधि।** पछुआ के प्रवाह ने बिहार में समय से पहले मानसून की दस्तक को रोक दिया है। फिलहाल मानसून सिक्किम और पश्चिम बंगाल के उत्तरी भाग में पहुंचने के बाद ठहर गया है। जबकि, यह इस इलाके में समय से 11 दिन पहले ही पहुंच गया था। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक सप्ताह तक मानसून के आगे बढ़ने के आसार नहीं है। वैसे, बिहार में मानसून के प्रवेश करने की निर्धारित तिथि 13 से 15 जून के बीच है।

इस बार मानसून केरल में निर्धारित समय से 8 दिन पहले ही प्रवेश कर गया था। साथ ही इसके फैलाव की रफ्तार काफी तेज थी। इसी कारण उम्मीद जताई जा रही थी कि बिहार में भी मानसून समय से पहले दस्तक दे सकता है। हालांकि, इसको लेकर मौसम विभाग द्वारा आधिकारिक तौर पर कोई पूर्वानुमान नहीं जताया गया था। लेकिन, पछुआ की रफ्तार ने बिहार में समय से पहले मानसून के प्रवेश को रोक दिया।

मौसम विभाग के अनुसार 29 मई से ही मानसून सिक्किम और पश्चिम बंगाल के उत्तरी भाग में रुका हुआ है। जहां पर मानसून अभी रुका है, वहां भी मानसून आने की संभावित तिथि 10 जून थी। लेकिन समय से 11 दिन पहले ही पहुंच गया।

## अगले एक सप्ताह तक मानसून के वहीं ठहरे रहने के आसार



त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में भारी बारिश से सड़क पर हुए जलजमाव के बीच रविवार को मछली मारते स्थानीय लोग।

**29** मई से ही मानसून के आगे बढ़ने की रफ्तार थमी

**05** दिनों की देरी से 20 जून को पिछले वर्ष बिहार में मानसून ने प्रवेश किया था

### पछुआ की रफ्तार थमते ही प्रवेश कर जाएगा मानसून

बिहार में मानसून किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार के रास्ते प्रवेश करता है। जो चार दिनों से बिहार के सीमा क्षेत्र के समीप आकर रुका हुआ है। राज्य में मजबूत पछुआ हवा चलने के कारण मानसून की रफ्तार थम गई है। इसी कारण जैसे ही पछुआ हवा का प्रवाह थमेगा, वैसे ही बिहार में मानसून प्रवेश कर जाएगा। जबकि देश के पूर्वोत्तर भाग में झमाझम बारिश हो रही है और बिहार में पछुआ हवा चलने के कारण लोगों को उमस भरी गर्मी का एहसास हो रहा है।

### बिहार में सामान्य से अधिक होगी बारिश

मौसम विभाग के अनुसार इस बार बिहार में मानसून की बारिश सामान्य से 11 प्रतिशत अधिक होगी। पिछले वर्ष बिहार में पांच दिनों की देरी से 20 जून को मानसून का प्रवेश हुआ था और सामान्य से 20 प्रतिशत कम बारिश हुई थी। वहीं 2023 में मानसून समय से एक दिन पहले 12 जून को प्रवेश कर गया था। फिर भी सामान्य से 23 प्रतिशत कम बारिश हुई थी।

### नौ जिलों में आज आंधी, पानी, ठनका का अलर्ट

**पटना।** प्रदेश के 9 जिलों में सोमवार को आंधी-पानी और ठनका की चेतावनी है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज और पूर्णिया जिले के एक-दो स्थानों पर आंधी-पानी और ठनका के आसार हैं। इधर, रविवार को पटना सहित 6 जिलों में हल्के से मध्यम स्तर की बारिश हुई। राज्य में सबसे अधिक तापमान 40.6 डिग्री पटना का रहा।

प्रस्ताव : बिहार के शहरों में बनेंगे

# एक लाख अतिरिक्त पीएम आवास

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** बिहार के शहरी निकायों में गरीबों के लिए एक लाख अतिरिक्त आवास बनेंगे। आवास सर्वे में आवेदनों की संख्या बढ़ने के बाद बिहार सरकार ने इसका प्रस्ताव केंद्र को भेजा है। इसकी मंजूरी के बाद बिहार में अगले पांच साल में छह लाख शहरी गरीबों को आवास उपलब्ध हो जाएंगे।

अभी पांच साल में पांच लाख शहरी गरीबों को आवास देने का लक्ष्य है। इसमें से दो लाख पक्के आवास को स्वीकृति मिल चुकी है। हालांकि, प्रधानमंत्री आवास योजना-2 के लिए कराए गए सर्वे में शहरी गरीबों की संख्या बढ़ गई है। अभी ही आवेदनों की संख्या पांच लाख के पार कर गई है। इनका सत्यापन कराया जा रहा है। आवेदन की प्रक्रिया अभी भी जारी है। नगर विकास विभाग का लक्ष्य शहरी निकायों के सभी वार्डों का सौ फीसदी आच्छादन है। ऐसे में आवेदनों की संख्या और बढ़ने की उम्मीद है। इस पर मुख्य सचिव स्तर से समीक्षा के बाद अतिरिक्त आवास का प्रस्ताव केंद्र को भेजा गया है।

**लंबित आवास जल्द बनेंगे:** प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना-1 के तहत करीब एक लाख घरों का निर्माण दिसंबर 2025 तक पूरा होना है। पहले चरण के लिए कुल दो लाख 64 हजार 604 आवास स्वीकृत हो चुके हैं। इसमें से एक लाख 56 हजार 550 का निर्माण हो चुका है। शेष घरों का निर्माण दिसंबर 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

## सर्वे में आवेदनों की संख्या बढ़ने के बाद लिया फैसला



**05** साल में पांच लाख शहरी गरीबों को मिलना था आवास

- बिहार ने मंजूरी के लिए केंद्र सरकार के पास भेजा प्रस्ताव

# शिकंजा: मुख्तार के बेटे अब्बास की विधायकी खत्म

**मऊ।** विधानसभा सचिवालय ने मऊ सदर सीट को रिक्त घोषित कर दिया है। सीजेएम (एमपी/एमएलए) कोर्ट से मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को नफरती भाषण मामले में दो साल की सजा पर यह कदम उठाया गया है।

रविवार को यूपी विधानसभा सचिवालय ने संबंधित अधिसूचना जारी कर अब्बास अंसारी की सदस्यता खत्म कर दी। यह सीट 31 मई से रिक्त मानी जाएगी। सचिवालय ने निर्वाचन आयोग से चुनाव कराने की सिफारिश की है।

# नेपाल: राजशाही समर्थक पूर्व गृह मंत्री गिरफ्तार

- प्रदर्शन के दौरान प्रवेश किया था प्रतिबंधित क्षेत्र में
- आधा दर्जन अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया

**काठमांडू, एजेंसी।** राजशाही समर्थक विरोध-प्रदर्शनों में शामिल होने और प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने के मामले में रविवार का नेपाल के पूर्व गृह मंत्री कमल थापा को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके साथ आधा दर्जन अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया गया है।

राजशाही बहाल करने और नेपाल को हिंदू देश के रूप में स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) सहित राजशाही समर्थक समूहों ने आंदोलन के चौथे दिन नारायण चौर में विरोध प्रदर्शन किया। काठमांडू घाटी पुलिस ने बताया कि आरपीपी अध्यक्ष और राजशाही के कट्टर समर्थक राजेंद्र लिंगडेन विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे थे और जब प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा घेरा तोड़कर प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास बलुवाटर की ओर बढ़ने की कोशिश की तब उनका पुलिस के साथ झड़प हो गई।

## प्रमुख पांच



### मुर्शिदाबाद दंगे राज्य प्रायोजित थे: शाह

1 गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल सरकार पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद में हाल में हुए दंगे राज्य प्रायोजित थे। P 13

### फरार अपराधियों की रेकी करेगी पुलिस

2 अपराधी घटना को अंजाम देने के बाद दूसरे राज्यों में महफूज नहीं रह सकेंगे। बिहार पुलिस ऐसे अपराधियों के गिरोह, अड्डे और ठिकाने की पता लगाएगी। P10

### उपचुनाव: मतदाता सूची में संशोधन

3 बीते करीब दो दशकों में पहली बार चुनाव आयोग ने उपचुनावों के लिए मतदाता सूची में संशोधन किया है। गड़बड़ी रोकने के लिए ऐसा किया है। P 13

### ब्याज दरों में लगातार तीसरी बार राहत संभव

4 भारतीय रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति समिति की बैठक में लगातार तीसरी बार ब्याज दरों में कटौती कर आम लोगों को बड़ी राहत दे सकता है। P 11

### गाजा के पास सिर्फ गांधी का रास्ता

5 गाजा में भूख से तड़पते लोगों की हालत पर संयुक्त राष्ट्र में उसके दूत को फूट-फूटकर रोते हुए गुहार लगानी पड़े, तो प्रश्न उठता है, क्या यह दुनिया दूसरों का दर्द महसूस करती है?



सुरेंद्र कुमार P 08

# डांटना आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी छात्र को डांटने का मतलब उसे आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं है। इसी टिप्पणी के साथ शीर्ष अदालत ने एक छात्र को डांटकर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोपी स्कूल और छात्रावास प्रभारी को बरी कर दिया।

आरोपी ने एक अन्य छात्र की शिकायत पर दूसरे छात्र को डांटा था, जिसने बाद में एक कमरे में फांसी लगा ली। न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि कोई भी सामान्य व्यक्ति यह नहीं सोच सकता था कि डांटने के कारण ऐसी दुखद घटना घट सकती है।

**हाईकोर्ट का फैसला पलटा:** शीर्ष अदालत ने मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध से शिक्षक को बरी करने से इनकार कर दिया गया था।



### सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला

पीठ ने कहा, पूरे मामले पर विचार करने के बाद, हम इसे हस्तक्षेप के लिए उपयुक्त मामला पाते हैं। जैसा कि अपीलकर्ता ने सही ढंग से प्रस्तुत किया है, कोई भी सामान्य व्यक्ति यह नहीं सोच सकता कि डांटने के कारण, वह भी एक छात्र की शिकायत के आधार पर, इतनी त्रासदी हो सकती है कि डांटने के कारण छात्र ने खुदकुशी कर ली।

# यूएएन से आधार को जोड़ने की समय सीमा 30 जून तक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने पीएफ खाते से जुड़े यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) को सक्रिय करने की समयसीमा एक बार फिर बढ़ा दी है।

अब निजी क्षेत्र के नए कर्मचारियों को अपने यूएएन को सक्रिय करने और बैंक खाते को आधार से लिंक करने के लिए 30 जून 2025 तक का समय दिया है। ब्योरा P 11

# शेख हसीना पर चलेगा नरसंहार का मुकदमा

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर नरसंहार का मुकदमा चलेगा। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने रविवार को हसीना और दो अन्य व्यक्तियों पर सामूहिक हत्या समेत कई आरोप तय किए।

हसीना सरकार के सत्ता में हटने के 10 महीने बाद अपराध से जुड़े आरोपों में ट्रायल शुरू हो गया है। जो संकेत है कि जल्द हसीना के खिलाफ मुकदमा शुरू किया जाएगा। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि हसीना ने विरोध-प्रदर्शनों को नियंत्रित करने के लिए क्रूर तरीका अपनाया। तीन सदस्यीय आईसीटी पीठ ने कहा, हम आरोपों को संज्ञान में लेते हैं। न्यायाधिकरण ने हसीना और तत्कालीन गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल के खिलाफ नया गिरफ्तारी वारंट जारी किया। मामले में तीसरे आरोपी एवं तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून हिरासत में हैं।



### कार्यवाही का टीवी पर सीधा प्रसारण

बांग्लादेश के इतिहास में पहली बार न्यायाधिकरण की कार्यवाही का टेलीविजन पर सीधा प्रसारण किया गया। न्यायाधीकरण की कार्यवाही सुबह 9.30 बजे शुरू होनी थी, लेकिन इसमें थोड़ी देरी हुई क्योंकि अज्ञात लोगों ने सुनवाई शुरू होने से कुछ घंटे पहले न्यायाधिकरण के गेट पर तीन देसी बम फेंके। इनमें दो फटे तीसरे को निष्क्रिय किया गया।

# रूस के 40 सैन्य विमानों पर यूक्रेन का ड्रोन हमला

- टीयू-95 और टीयू-22 विमान भी बने निशाना
- एसबीयू के अधिकारी ने हमलों का दावा किया

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन की घरेलू सुरक्षा एजेंसी एसबीयू ने रविवार को रूसी एयरबेस पर ड्रोन हमला कर 40 से ज्यादा सैन्य विमानों को निशाना बनाया। एसबीयू के अधिकारी ने हमलों का दावा किया। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

एसबीयू के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि ड्रोन हमलों में टीयू-95 और टीयू-22 रणनीतिक बमवर्षक विमानों को भी निशाना बनाया गया। इनका इस्तेमाल रूस, यूक्रेन पर लंबी दूरी की मिसाइल दागने के लिए करता है। इससे जुड़ा एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें हमले देखे जा सकते हैं। हालांकि वीडियो की पुष्टि नहीं हो सकी है। उधर बेलारूस की स्थानीय मीडिया के अनुसार, हमलों के बाद मरमंस्क क्षेत्र में ओलेन्या एयर बेस के पास विस्फोट और भारी धुआं देखा गया है। उसने एक्स पर हमले के बाद की तस्वीरें और वीडियो साझा की हैं। बता दें कि ओलेन्या रूस की प्रमुख रणनीतिक विमानन सुविधाओं में से एक है, जिसमें परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम विमान हैं। फिलहाल रूस की तरफ से हमलों को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। देखें P 13

# आईआरएस अधिकारी रिश्वत मामले में गिरफ्तार

कलंक के खिलाफ

- आईआरएस अधिकारी को सीबीआई ने दबोचा
- मोहाली में सहयोगी 25 लाख लेते पकड़ा गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीबीआई ने करदाता सेवा निदेशालय में तैनात अतिरिक्त महानिदेशक को 25 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

रविवार को अधिकारियों ने बताया कि आरोपी की अमित कुमार सिंघल भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के 2007 बैच के अधिकारी हैं। उन्होंने एक कारोबारी के टैक्स मामलों में मदद दिलाने के लिए 45 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। रकम की पहली किस्त 25 लाख रुपये शनिवार को मोहाली स्थिति आवास पर पहुंचाई जा रही थी।

सीबीआई अधिकारी के मुताबिक, रिश्वत मांगने के संबंध में एक शिकायत दी गई। इसके बाद जाल बिछाकर हर्ष कोटक नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया। जानकारी के मुताबिक, सिंघल के मोहाली स्थित आवास पर उनकी ओर से कथित तौर पर रिश्वत ले रहा था। जांच के बाद सिंघल को नई दिल्ली के वसंत कुंज स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया।

अधिकारी ने बताया कि मामले में सिंघल और उसके सहयोगी हर्ष को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस दौरान सीबीआई ने दिल्ली, पंजाब और मुंबई में छापेमारी की।







# 'बूथ जीतेंगे, तभी बनेगी एनडीए की सरकार'

**सिकटा, एक संवाददाता।** पूर्वी व पश्चिम मंडल भाजपा कार्य समिति की सयुंक्त बैठक सिकटा बाजार स्थित भाजपा नेता सत्यप्रकाश सर्राफ के आवास पर हुई।

मुख्य अतिथि भाजपा नेता शिवेन्द्र कुमार शिबू थे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनोज केसरी व संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष बिट्टू राय ने किया।बैठक में अगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बूथ सशक्तिकरण पर चर्चा की गई।मौके पर श्री शिबू ने कहा कि एनडीए की सरकार के लिए संगठन को सशक्त और मजबूत बनाए रखना होगा।मौके पर मंडल अध्यक्ष सोनी, राय सत्यप्रकाश सर्राफ, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद शाह, वीरेन्द्र मिश्रा, बुन्नीलाल राम, राजेंद्र राव संजय श्रॉफ, नागेश्वर कुंवर, साहेब कुशवाहा, रूपेश सिंह राजपूत, मार्कण्डेय मिश्र व नागेन्द्र पटेल समेत कई शामिल थे।



सिकटा में बैठक को संबोधित करते भाजपा नेता शिवेन्द्र कुमार शिबू व अन्य ।

Skill India
कौशल भारत-कुशल भारत
स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड द्वारा नामांकन की सुविधा
ITI Industrial Training Institute
10वीं +I.T.I. = 12वीं (इंटरमीडिएट साइंस)
भारत सरकार (DGT) से मान्यता प्राप्त
आम्रपाली ITI
खबड़ा, D.A.V. स्कूल के पीछे, मुजफ्फरपुर
नामांकन सूचना
फिटर
NCVT कोर्स
अवधि: 2 वर्ष | योग्यता: मैट्रिक
इलेक्ट्रीशियन
• प्रतिवर्ष सैकड़ों छात्र सरकारी/गैर सरकारी विभागों में कार्यरत • सभी ट्रेडो की अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं • Wi-Fi कैंपस



मो०- : 9006259518, 8797430416, 9334903489

### अलग-अलग उद्यम एवं व्यवसाय की होगी गणना, चलेगा छापेमारी अभियान

# जीएसटी ने टैक्स बढ़ाने के लिए शुरू की व्यापारियों की निगरानी

**बेतिया, बेतिया प्रतिनिधि।** बिहार समेत पश्चिमी चंपारण में जीएसटी विभाग ने टैक्स संग्रह बढ़ाने के लिए उद्यम एवं व्यवसाईयों को अलग-अलग सेक्टर में बांटकर निगरानी शुरू कर दी है। ताकि नए वित्तीय वर्ष के शुरुआती महीनों से ही अधिक से अधिक जीएसटी की वसूली हो सकें।

जीएसटी विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रेडीमेड, गारमेंट्स, बैंक्वेट हॉल, ड्राई फ्रूट्स, हार्डवेयर, मेडिसिन, ज्वेलरी, छड़ सीमेंट, वर्कर्स कॉन्टैक्टर, आउटसोर्सिंग, सैरात बंदोबस्ती समेत अन्य व्यवसाय से जुड़े व्यवसाईयों के टैक्स भुगतान को लेकर अलग-अलग सेक्टरों में बांटा गया है। विभाग इसकी विशेष एप के माध्यम से मॉनीटरिंग कर रही है। ताकि चालू वित्तीय वर्ष में विभाग के लिए निर्धारित राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य शत प्रतिशत पूरा किया जा सकें। इसकी मॉनीटरिंग के लिए 3 जून को मुख्यालय स्तर पर विशेष बैठक रखी गई है। विभाग गलत आईटीसी लेकर टैक्स चोरी करने वाले कारोबारियों पर नजर रख रही है।जिसको लेकर विभाग सक्रिय है।

**06** दर्जन से ज्यादा सेक्टर पर विभाग की नजर

- ठेकेदार से आ रही टैक्स की होगी निगरानी
- लक्ष्य बढ़ाने को लेकर जीएसटी ने कसा शिकंजा

#### जिले में है 25 हजार निबंधित उद्यमी व व्यवसायी

पश्चिम चंपारण जिले में जीएसटी विभाग के बेतिया, बगहा और केंद्रीय जीएसटी में लगभग 25 हजार जीएसटी के अधीन रजिस्टर्ड उद्यमी व व्यवसायी है। विभाग का मानना है कि जिसमें से 50 फीसदी व्यवसायी नील रिटर्न भर रहे हैं। 40 फ़ीसदी गलत ढंग से आईटीसी लेकर जीएसटी की चोरी कर रहे हैं। मात्र 10 फ़ीसदी ही उद्यमी व व्यवसायी जीएसटी के अधीन टैक्स जमा कर रहे हैं। जिसके कारण विभाग ने सख्ती बरतनी शुरू करने जा रही है। लक्ष्य के विरुद्ध टैक्स संग्रह नहीं होने के कारण भी विभाग कार्रवाई के मूड में है। इससे टैक्स चोरी करने वाले कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। वहीं विभाग के रडार पर जिले के आधे दर्जन से ज्यादा प्रोफेशनल भी है। जिनकी कुंडली खंगालने में अधिकारी जुटे हुए हैं। आवश्यकता पड़ने पर विभाग भौतिक सत्यापन भी कराने की रणनीति पर कार्य कर रही है। हालांकि अधिकारी अभी कुछ भी बोलने से परहेज कर रहे हैं।

**200 से ज्यादा कारोबारियों को नोटिसः** समय से रिटर्न नहीं भरने और टैक्स जमा नहीं करने को लेकर विभाग ने लगभग 200 उद्यमी और व्यवसायियों को नोटिस थमाया है। संतोषप्रद साक्ष्य प्रस्तुत नहीं करने पर ऐसे व्यवसाईयों पर आगे की कार्रवाई होगी।

# बगीचे में फंदे से लटके मिले किशोर किशोरी के शव, हत्या की आशंका

- शनिवार की रात 10 बजे खाना खाकर निकला किशोर लौटा नहीं
- एसडीपीओ-एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची, की छानबीन

**लौरिया, एक संवाददाता।** थानाक्षेत्र की सिसवनिया पंचायत के बारवा के समीप बगीचा में रविवार को पेड़ से लटका किशोर व किशोरी का शव मिला। जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। दोनों लौरिया थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले थे। दोनों का शव साथ में ही लटक रहा था।

हालांकि दोनों के पैर जमीन से सटे हुए थे। ग्रामीणों ने हत्या कर शव टांगने की आशंका जताई है। सूचना पर पहुंचे नरकटियागंज एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह, इंस्पेक्टर रमन कुमार व थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने मामले की छानबीन की। ग्रामीणों ने बताया कि रविवार दोपहर में कुछ बच्चे टिकोला बीनने के लिए बगीचे की तरफ गये थे। यहां किशोर व किशोरी के शव को लटकते देखा।जानकारी मिलते ही लोगों का हुजूम घटनास्थल की ओर उमड़ पड़ा। इधर, सूचना पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। इधर, पुलिस ने मोतिहारी से एफएसएल की टीम को बुलाया। इसके बाद शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। किशोर के पॉकेट से सिंदूर की पुड़िया निकली। किशोरी की मांग में सिंदूर था। ग्रामीणों को हत्या की आशंका है कि दोनों की हत्या कर शव को लटकाकर आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई है। पुलिस मामले में हर एंगल से जांच कर रही है। किशोर की मां ने बताया कि मेरा पुत्र शनिवार रात को करीब 10 बजे खाना खाकर टहलने के लिए निकला था।

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर लगे पौधे

**बगहा।** 100 वर्ष पुराने शिव मंदिर में रविवार को एसएसबी व स्थानीय लोगों के सहयोग से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आचार्य शिवेंद्र महाराज व कमांडेंट तपेश्वर संबित राउत ने फुल लगाया।पर्यावरण संरक्षण के अभियान को गति देते विशिष्ट अतिथि के रूप में अयोध्या धाम से आये कथावाचक आचार्य शिवेंद्र महाराज और मुख्य अतिथि के रूप में 21वीं वाहिनी के कमांडेंट तपेश्वर सबित राउत ने संयुक्त रूप से पौधारोपण किए।इस अवसर पर अरुण कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अरविंद सिंह समन्वयक माधवेंद्र पांडेय मौजूद रहे।

# पांच दिन बाद लावारिस व्यक्ति की पहचान

हि फॉलोअप

**नौतन, एक संवाददाता।** थाना क्षेत्र के श्री राम खेल मैदान में पांच दिन पूर्व बेहोशी की हालत में मिले व्यक्ति की पहचान मझौलिया थाना क्षेत्र के जौकटिया नईडी बाजार के इशराफिल देवान के रूप में हुई है।

दो दिनों तक पहचान नहीं होने पुलिस ने उसके शव को दफना दिया था।पहचान होने के बाद पुलिस ने मजिस्ट्रेट की निगरानी में मिट्टी से शव निकलवा परिजनों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि चौकीदार शम्भूनाथ यादव के बयान पर पुलिस पहले ही एफआईआर कर चुकी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार है।इसके बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा। विदित हो कि 27 मई की शाम वह बेहोश की हालत में खेल मैदान में मिला था।

खेल रहे बच्चों ने 112 मोबाइल टीम को इसकी सूचना दी थी। 112 मोबाइल टीम ने उसे पीएचसी में भर्ती कराया, जहां उसकी स्थिति नाजुक देखकर डॉक्टरों ने जीएमसीएच रेफर कर दिया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद पहचान के लिए शव को 72 घंटे तक रखा गया था।इसके बाद बीते शुक्रवार को पुलिस ने शव को चंद्रावत नदी के किनारे सिहोरिया श्मशान घाट में दफना दिया था। रविवार को मजिस्ट्रेट के रूप में नियुक्त बीडीओ शैलेन्द्र कुमार सिंह व थानाध्यक्ष राजेश कुमार के निगरानी में शव को बाहर निकाला गया और पहचान के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने बताया कि इशराफिल की दो शादी हुई थी। पहली शादी मझौलिया के हाजरा खातून से 2007 में हुई थी। दूसरी शादी नौतन के खाप टोला के बच्चा देवान की पुत्री रुखसाना खातून से करीब नौ वर्ष पूर्व हुई थी।

#### सौतेले बेटे की मौत में समझौता के लिए पहुंचा था ससुराल

इधर, रूखसाना से इशराफिल से शादी कर ली। लेकिन इशराफिल उसके बच्चों को पसंद नहीं करता था। शादी के कुछ महीनों बाद मारपीट के दौरान रुखशाना के एक पुत्र अलीहसन की मौत इशराफिल के हाथों हो गई थी। तब दोनों अगल हो गये। मामले में रूखसाना ने इशराफिल को नामजद करते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी। इधर, कुछ महीनों से इशराफिल का रुखसाना के यहां आना-जाना फिर से शुरू हो गया था। दो जून को पुत्र अलीहसन की मौत के मामले में समझौते को लेकर इशराफिल बरवत स्थित ससुराल पहुंचा था।

CHAMPARAN COLLEGE OF PROFESSIONAL EDUCATION
Approved By All India Council Of Technical Education, New Delhi and Affiliated to Aryabhatta Knowledge University (AKU) and State Board Of Technical Education (SBTE), Patna.
A Unit of DPS GROUP OF INSTITUTIONS
Mushari, Muzaffarpur, Bihar-842002
Courses Offered :
• BBA • MCA
• BCA • PGDM
• MBA • POLYTECHNIC
CIVIL ENGINEERING
ELECTRICAL ENGINEERING
MECHANICAL ENGINEERING
ELECTRONICS ENGINEERING
COMPUTER SCIENCE & ENGINEERING
ARTIFICIAL INTELLIGENCE
ADMISSION OPEN
Purnahia, PS+PO-Ghodasahan, East Champaran-845303
9031940444
जो भी छात्र एवं छात्रा इस वर्ष मैट्रिक एवं इंटर में उत्तीर्ण हुए है उनके लिए इस स्कॉलशीप में विशेष छूट की सुविधा
यह छात्रवृत्ति कार्यक्रम विशेषकर ग्रामीण बच्चों के लिए है जो उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने सपनों को साकार कर सकते हैं।
₹ 4 लाख तक का सहयोग
निःशुल्क शिक्षा
स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के माध्यम से
बिहार के श्रेष्ठ मैनेजमेंट प्रशिक्षण एवं पॉलीटेक्निक संस्थान में नामांकन/स्कॉलरशिप के लिए प्रवेश परीक्षा-2025 आयोजित की जा रही है।
प्रवेश परीक्षा-2025
❖ प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि : 02 जून 2025
❖ प्रवेश पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 04 जून 2025
❖ प्रवेश परीक्षा की तिथि : 05 जून 2025
❖ प्रवेश परीक्षाफल प्रकाशित करने की तिथि : 12 जून 2025
❖ नामांकन के लिए प्रमाण-पत्र की सत्यापन की तिथि : 30 जून 2025
न्यू बैच प्रारम्भ - 07 जुलाई 2025
आओ मिलके स्कॉलरशिप & Reward पाएं !
BBA & BCA
•51-70% - Smartphone + Smart Watch + Headphone
•71-90% - Laptop + Keyboard + Mouse + Smart Watch
MBA/MCA/PGDM
• 51-70% - Smartphone + Smart Watch + Headphone
• 71-90% - Laptop / Scooty
POLYTECHNIC
•51-70% - Smartphone + Smart Watch + Headphone
•71-90% - Laptop + Smart Watch + Headphone
नियम एवं शर्तें : प्रथम वर्ष के परीक्षा के बाद एवं डी.आर.सी.सी का पेमेन्ट आने के बाद छात्र एवं छात्राओं को उपहार दिया जायेगा।

## काम की खबरें

**1 सड़क निर्माण को चकदह में बाधित रहेगा यातायात**

मधुबनी, चकदह सुंदर चौक से नंदनगर तक पीसीसी सड़क निर्माण को लेकर चार दिन यातायात बाधित रहेगी। इस दौरान वाहन चालक डीएनवाई कालेज ,विद्यापति नगर होकर जा आ सकेंगे।

**2 आज पूरे जिल में रोटेशन से होगी बिजली आपूर्ति**

220 केवी दरभंगा ग्रिड में रख रखाव कार्य को लेकर दो जून को पूरे मधुबनी जिले में सुबह 8 से 3 बजे तक कम बिजली मिलेगी। दूसरी ओर शहर के इमरजेंसी फीडर, ओल्ड एवं मंगरौनी फीडर में सुबह 9 से 11.30 बजे तक बिजली बाधित रहेगी।

**3 स्मार्ट मीटर के उपभोक्ता कॉल सेंटर से करें सम्पर्क**

विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल मधुबनी एवं पंडौल अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में लगे स्मार्ट मीटर से संबंधित किसी प्रकार की समस्याओं का निराकरण के लिए विभाग ने कॉल सेंटर की स्थापना की है। कार्यालय अवधि सुबह 10 से शाम 06 बजे तक कॉल सेंटर के नंबर 9155426047 पर उपभोक्ता सम्पर्क कर सकते हैं।

## आज का मौसम

35.2° अधिकतम | 24.4° न्यूनतम

सूर्योदय : 05:02 | सूर्यास्त : 06:31

**अनुमान**
हल्के बादल छाये रह सकते हैं। पुरवा हवा चलने के अनुमान हैं।

# आज वारंट सप्ताह अभियान के रूप में मनाया जाएगा

**मधुबनी, हिटी।** डीएम सह समाहर्ता अरविन्द कुमार वर्मा के निर्देश के आलोक में नीलाम पत्र वादों में दो जून से शुरू होने वाले सप्ताह को वारंट सप्ताह अभियान मनाया जाएगा।

जिले में सघन अभियान चलाकर लंबित नीलम पत्र वादों का त्वरित गति से निष्पादन करना है। गौरतलब हो कि जिले के विभिन्न बैंकों, परिवहन विभाग, उत्पाद विभाग, विद्युत विभाग,खनन विभाग सहित कई विभागों द्वारा राशि वसूली की कार्रवाई के तहत जिले के काफी लोगों पर सर्टिफिकेट केस दर्ज किया गया है।जिसमें बैंकों की सर्वाधिक राशि फंसी हुई है। डीएम अरविंद कुमार वर्मा ने कहा कि प्रतिदिन बॉडी वारंट कार्यान्वयन की सूचना प्राप्त करते हुए जिला नीलाम पत्र शाखा को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करे। उन्होंने सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है।




### कलुआही से बासोपट्टी जाने वाली मुख्य सड़क पर हुआ हादसा, मधुबनी से वापस घर लौट रहा था अरुण

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की हुई मौत

**कलुआही,निज प्रतिनिधि।** कलुआही से बासोपट्टी जाने वाली मुख्य सड़क पर शनिवार की देर रात कलुआही थाना क्षेत्र के मलमल गांव में सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतक की पहचान बासोपट्टी थाना क्षेत्र के पूर्वी निवासी अरुण मल्लिक के रूप में हुई । पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मधुबनी भेज दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि अरुण मल्लिक अपने दो साथी के साथ दो बाइक से मधुबनी से अपने रिश्तेदार से मिलकर बाइक से वापस अपने घर लौट रहा था।


रविवार को मृतक अरुण के घर बासोपट्टी में रोते बिलखते परिजन।

अरुण अपनी बाइक से अकेले आगे निकल गया और उनके दो साथी पीछे ही रह गया। कलुआही और मलमल के बीच मोड़ वाले पुल के पास जब उनका दो साथी पीछे से आया तो देखा कि उनकी बाइक और अरुण मल्लिक सड़क किनारे गिरा हुआ था, जब उसके पास जाकर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना कलुआही थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। कलुआही के थाना अध्यक्ष हिमांशु कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा
- लोगों ने प्रशासन से मुआवजा देने की मांग की

गया है। मृतक के परिजनों द्वारा लिखित आवेदन दिए जाने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। अरुण मल्लिक के तीन पुत्र-पुत्रियां हैं। उनके असामयिक निधन से पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और सहायता प्रदान करने की मांग की है।

# बेलाही में पानी भरे गड्ढे में ऑटो लुढ़का, बाल-बाल बचे यात्री

**कलुआही,निज प्रतिनिधि।** कलुआही से बेलाही नाजिरपुर होते हुए मधुबनी जाने वाली मुख्य सड़क में कलुआही थाना क्षेत्र के बेलाही गांव में मिडिल स्कूल के निकट पानी भरे 10 फीट गड्ढे में एक ऑटो लुढ़क गई। ऑटो पर सवार यात्री तीन महिला बाल बाल बच गई किसी को कोई हताहत नहीं हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की ऑटो मधुबनी से कलुआही की ओर जा रही थी, बेलाही स्कूल के आगे जाकर चालक संतुलन खो दिया।

जिससे ऑटो पानी भरे 10 फीट गड्ढे में जा लुढका। ऑटो गड्ढे में लुढकते ही स्थानीय लोगों ने ऑटो में सवार तीन महिला यात्री को बाहर निकाला। तीनों महिला यात्री को किसी प्रकार की हताहत नहीं हुआ।


कलुआही से मधुबनी जाने वाली मुख्य सड़क में बेलाही गांव में गड्ढे में लुढ़का हुआ ऑटो।

लोगों ने 112 नंबर पर डायल किया 112 नंबर की पुलिस एएसआई राजेन्द्र रॉय आकर ऑटो को पानी भरे गड्ढे से निकलकर चालक को सुपुर्द कर दिया।

# धकजरी चौक से ट्रैक्टर की हुई चोरी

**बेनीपट्टी।** अरेर थाना के धकजरी चौक के निकट राम जानकी हार्डवेयर दुकान की परिसर से ट्रैक्टर-टेलर की चोरी कर ली गई। इस संबन्ध में सुमित कुमार महतो ने थाना को आवेदन दिया है। आवेदन में लिखा है कि अपनी ट्रैक्टर ढाला सहित दुकान परिसर में लगा कर घर चला गया। सुबह में ट्रैक्टर गायब था। थानाध्यक्ष नेहा निधि ने बताया कि आवेदन के आलोक में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# जानलेवा हमला के दो आरोपी गिरफ्तार

**झंझारपुर/ मधेपुर ।** मारपीट में हत्या का प्रयास करने के आरोपी कालिका पुर निवासी 51 वर्षीय कृष्ण कुमार पांडे एवं 55 वर्षीय शिवकुमार पांडे को मधेपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष चंद्र प्रकाशराजू ने बताया कि दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

# राजस्थान से चोरी गहने व नकदी मिले, आरोपी धराया

**फुलपरास, एक संवाददाता ।** थाना क्षेत्र के धनौजा गांव से राजस्थान पुलिस ने फुलपरास थाना पुलिस के सहयोग से छापेमारी करते हुए शनिवार देर शाम चोरी का सोना, चांदी एवं नगद रूपए के साथ साथ आरोपी को गिरफ्तार कर ले गया है।

थानाध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति थाना क्षेत्र अंतर्गत धनौजा गांव निवासी श्याम यादव है। उन्होंने बताया कि करीब दस रोज पहले राजस्थान पुलिस आए थे और धनौजा निवासी श्याम यादव को चोरी के आरोप में पकड़कर राजस्थान ले गया और उनके निशानदेह पर राजस्थान पुलिस ने जगह-जगह छापेमारी किया। छापेमारी के दौरान राजस्थान पुलिस के दबाव में आकर आरोपी व्यक्ति अपने घर व घर के आसपास से चोरी के गहने और नगद रुपए बरामद किए गए। जो राजस्थान पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर बरामद किए गए सोना चांदी एवं नगद रुपये लेकर थाना पर पहुंचे और थाना को सूचना देने के बाद बरामद गहने व नगद रुपये राजस्थान पुलिस ले गई है।

# बासोपट्टी पूर्वी के युवक की मौत से पसरा मातम

**बासोपट्टी,निज संवाददाता।** बासोपट्टी पूर्वी निवासी 30 वर्षीय युवक अरुण कुमार मल्लिक कि कलुआही थाना के मलमल में सड़क दुर्घटना में मौत से घर में मातम छा गया है। उनके असमय निधन से बासोपट्टी पूर्वी में सन्नाटा छा गया है।

पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और सहायता प्रदान करने की मांग की है। घटना रविवार सुबह करीब तीन बजे की बताई गयी है। अरुण मल्लिक तीन भाई मे सबसे छोटा था।

वह राम जानकी रवि राम सेवक दास महाविद्यालय बासोपट्टी में चपरासी के पद पर कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार वे मधुबनी से अपने रिश्तेदार के पास से मिलकर बाइक से वापस घर लौट रहा था। अरुण बाइक से आगे निकल गया और उनके दो साथी पीछे ही रह गए।

घटना कलुआही और मलमल के बीच मोड़ वाले पुल के पास हुआ है। जब उनका दो साथी आया तो देखा कि उनकी बाइक और अरुण सड़क किनारे पड़ा हुआ था जब उनके पास जाकर देखा तो उनकी मौत हो चुकी थी।

# इलाज से तंग आकर युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**दुखद**

**लखनौर, निप्र।** थाना के बथनाहा में 20 वर्षीय युवक पिन्टु कुमार ने रविवार को फांसी लगा कर आत्म हत्या कर लिया।

मृतक की माता अनार देवी ने कहा है कि उनका बेटा पिन्टु मानसिक रूप से विक्षिप्त था। बंगलौर से उनका इलाज चल रहा था।

सुबह करीब 9 बजे घर में गला में कपड़ा से फंदा लगाकर फांसी लगा लिया। फलस्वरूप उनका निधन हो गया। थानाध्यक्ष कार्तिक भगत ने कहा कि मामले में यूडी एफआईआर दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मधुबनी भेज दिया गया है।




# सेमहली में बालक की नदी में डूबने से हुई मौत

**हरलाखी, एक संवाददाता।** खिरहर थाना क्षेत्र के सेमहली गांव स्थित थुमनाही नदी में डूबने से छह वर्षीय बालक की मौत हो गई।

मृत बालक की पहचान हरलाखी थाना क्षेत्र के सतनाम पासवान के पुत्र अनिकेत पासवान के रूप में हुई है। बालक अपनी मां बबिता देवी के साथ अपने नाना सोनफी पासवान के घर

- बालक मां के साथ नानी के घर आया था
- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

आया था। जो स्थानीय बच्चों के साथ नदी किनारे खेलने के लिए चला गया। जहां खेल खेल में बालक नदी में गया और गहरे पानी का शिकार हो गया। घटना से मृत बालक के परिजन सहित गांव में कोहराम मच गया। घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। लोग मृत बालक के परिजन को सांत्वना दे रहे थे।

इधर, घटना की जानकारी मिलते ही खिरहर थाना के एएसआई नागेन्द्र सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटना के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक प्रक्रिया के उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थानाध्यक्ष सुप्रिया कुमारी ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट व परिजन के अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। वहीं अंचलाधिकारी ने बताया मामले में आवश्यक प्रक्रिया के उपरांत मुआवजे की पहल की जाएगी।

# 15 लाख रुपये ले भागी बुजुर्ग महिला

**बाबूबरही ।** रविवार को भूपट्टी चौक के एक शर्मशार करने वाली मामले ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया है। नाती पोता से भरा पूरा परिवार की एक 65 साल की महिला ने अपने आशिक के साथ भाग गई। साथ में घरारी वाली जमीन की बिक्री से मिले 15 लाख रुपए और घर में रखे तीन लाख रुपए से अधिक के सारे गहने जेवर को लेकर चली गई। बुजुर्ग महिला का आशिक वैशाली जिला का रहने वाला है। वह स्थानीय गैस एजेंसी में मजदूरी का काम करता है। मजदूर रामानंद को पहले से दो-दो पत्नी है और दोनों पत्नी से तीन-तीन बच्चे भी हैं। बीती रात डायल 112 की गश्त दल ने महिला को आशिक के साथ पकड़ लिया।

# पालनाघर के लिए 8 अभ्यर्थी चयनित

**मधुबनी।** समाहरणालय सभागार में महिला एवं बाल विकास निगम, मधुबनी द्वारा "मिशन शक्ति" एवं "मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना" के अंतर्गत डीएचईउब्ल्यू, ओएससी एवं पालनाघर से संबंधित 8 पदों पर नियोजन के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस गरिमामयी समारोह की अध्यक्षता डीएम अरविंद कुमार वर्मा ने की। मौके पर डीएम ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल है। उन्होंने राज्य एवं केंद्र सरकार दोनों की इस संयुक्त पहल की सराहना करते हुए कहा कि 'मिशन शक्ति' एवं मुख्यमंत्री नारी शक्ति जैसी योजनाएं सामाजिक बदलाव की दिशा में प्रभावशाली साबित हो रही हैं। समारोह में जिला परियोजना प्रबंधक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी भी मौजूद थे।






# जिला शतरंज प्रतियोगिता में 50 खिलाड़ियों ने दिखाये दमखम

- दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में कई प्रतिभागियों ने क्षमता का दिया परिचय
- दो जून को विभिन्न प्रतिस्पर्धियों के बीच फाइनल मैच का आयोजन किया जाएगा

**मधुबनी, निज संवाददाता।** जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से करीब 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा ले रहे हैं। इन प्रतिभागियों ने अपनी बौद्धिक क्षमता व कौशल का परिचय देने का काम पहले दिन किया। चार राउंड में चले इस प्रतिस्पर्धा में पहले दिन कई प्रतिभागियों ने अपनी अद्भूत खेल क्षमता का प्रदर्शन किया।

दो जून को विभिन्न प्रतिस्पर्धियों के बीच फाइनल मैच का आयोजन किया जायेगा। मौके पर बनारस घराना के चर्चित कलाकार ध्रुव सहाय भी उपस्थित थे। इस दौरान जागरण संगीत कला महाविद्यालय की छात्राओं शीतल मिश्रा, प्रज्ञा मिश्रा, मानसी मिश्रा और अविरल मिश्रा ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य निर्णायक एवं अंतरराष्ट्रीय फीडे रेटेड खिलाड़ी दीनानाथ मिश्र ने बताया कि इस प्रतियोगिता से चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मौके पर सदस्यों वंदना कुमारी, बिरजू कुमार मिश्रा, मो. खुर्शीद, किशोर कुमार, दयाशंकर राउत थे।

# झोपड़ी में चल रहा स्कूल, बच्चे जमीन पर बैठ पढ़ने को मजबूर

हि विशेष

- चावल के अभाव में प्रभावित हो रहा बच्चों का मिड डे मील
- एचएम ने चावल उपलब्ध कराने की लगायी गुहार


झोपड़ी में संचालित नया प्राथमिक विद्यालय गुनाकरपुर में बैठकर समय बिताते शिक्षक। बच्चों की उपस्थिति नहीं होने के कारण बैठे शिक्षक।

**झंझारपुर, निज संवाददाता।** गुनाकरपुर गांव में नया प्राथमिक विद्यालय आज भी एक झोपड़ी में चल रहा है। इसके चारों ओर कोई पर्दा तक नहीं है। सालों से भवन निर्माण के लिए की जा रही लिखा-पढ़ी के बावजूद नौनिहालों को कड़ी धूप और बारिश के बीच जैसे-तैसे अपनी पढ़ाई पूरी करनी पड़ रही है। यह विद्यालय लखनौर प्रखंड में पड़ता है।

गांव के लोग बताते हैं कि इस विद्यालय में कक्षा एक से पांच तक के बच्चे पढ़ते हैं। स्कूल के पास अपना कोई स्थायी भवन नहीं है। गांव वालों ने मिलकर एक छोटी सी झोपड़ी का इंतजाम किया है, जहां बच्चे जमीन पर बैठकर पढ़ाई करते हैं। गर्मी के दिनों में तेज धूप से और बारिश में बच्चों को काफी परेशानी होती है। कई बार तो खराब मौसम के कारण स्कूल बंद भी करना पड़ जाता है, जिससे बच्चों की पढ़ाई का काफी नुकसान होता है। मंगलवार को जब धूप चरम पर पंहुच गई तो गर्मी से बिलबिला रहे बच्चों को समय से ही पहले छुट्टी दे कर घर भेज दिया गया।हेडमास्टर वीणा देवी का कहना है कि उन्होंने कई बार शिक्षा विभाग को भवन निर्माण के लिए आवेदन दिए हैं। हर साल आश्वासन तो मिलता है, लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। 10 दिन पहले भी भवन की समस्या को लेकर जिला में आवेदन दिया है। हेडमास्टर ने बताया कि 24 मई को ही चावल खत्म हो गया। बीईओ महेश प्रसाद ने बताया कि चावल की कमी की बात उनके संज्ञान में आया है और वे मध्याहन भोजन प्रभारी से बात कर चावल मुहैया कराने के लिए निर्देशित किया है।

हिन्दुस्तान क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें 9934059686

शिक्षा

बिहार स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड के द्वारा गरीब एवं मेधावी छात्रों हेतु विशेष छात्रवृति
SWAMI VIVEKANAND VIDYAPITH Simultala (Jamui)
6207460360, 6203279277, 9661195455, 7209421792
Websites - svns.in | svbedcollege.org | svpmc.org | ksscpbihar.com | svrssimultala.com
NATIONAL INSTITUTE OF HEALTH EDUCATION & RESEARCH (NIHE&R)
NIHER
I.D.H. Colony, East of NMCH, Gulzarbagh, Patna-7 (Bihar)
9031002570, 9006181691
Websites - niher.org I E-mail: kalyansevasansthan@gmail.com
एआईसीटीई, भारत सरकार, पीसीआई एवं बिहार सरकार तथा संबंधित विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त
PARA-MEDICAL (Diploma, Degree & Master Degree)
Physiotherapy | Med. Lab Technician | Radio Imaging
Diploma & Degree : OT Assistant | ECG Technician
Sanitary Inspector | Medical Dresser
NURSING •Post Basic B.Sc. NURSING •ANM •GNM •B.Sc. NURSING •M.Sc. NURSING
EDUCATION • B.Ed. • D.El.Ed.
PHARMACY • D. PHARM • B. PHARM
REGULAR COURSE • BLIS Bachelor of Library Science
कल्याण सेवा संस्थान द्वारा संचालित स्वामी विवेकानन्द आवासीय विद्यालय सिमुलतला (जमुई)
वर्ग 1 से वर्ग 11वीं तक की कक्षाओं में नामांकन के लिए सम्पर्क करें
Website : www.svavsbihar.com
कक्षा 3 से 12वीं तक के लिए आवासीय सुविधा उपलब्ध
MUSIC Classical Vocal, Instrumental, Dance & Painting

CONTACT FOR NIOS X & XII EXAM
Bihar Student Credit Card के द्वारा Govt. & TOP Pvt. College में
ENGG. | MBA | B.SC. NUR.
में Admission के लिए संपर्क करें
Career CONCEPT
Chatta Chowk, Muzaffarpur
CONTACT : 9308642277 9241399124

व्यापार

ज्योतिष

ऑल इंडिया खुला चैलेंज
2 घंटे में A to Z समस्याओं का घर बैठे तुरंत समाधान पाये।
तांत्रिक मास्टर किंग खान
बाबा कबीर खान
करोबार, शादी/प्यार में परेशानी दुश्मन सु छुटकारा, गृहक्लेश, पति-पत्नी के झगड़े लवमेरिज, प्रोपर्टी कोर्ट केस, गुप्त रोग किया कराया, विदेश यात्रा
अगर कोई पंडित मौलवी, तांत्रिक अघोरी बाबा मेरे किए काम को काटे तो उसे मुंह मांगा ईनाम
स्प. मनचाही इच्छा, मुठकरनी
9773786365

मेडिकल

सेक्स समस्याएँ
छोटेपन से निराश क्यों
मात्र 400/- 600/-
नई खोज
18 से 80 वर्ष तक के लिए लाभदायक
शीघ्रपतन, यौन समस्याएँ, स्वप्नदोष, नपुंसकता, घात आना, छोटापन, पतलापन, टेढ़ापन दूर कर क्षमता बढ़ायें।
लाभ नही तो पैसा वापिस
18 से 80 वर्ष तक के लिए लाभदायक
फोन कर डॉ0 से सलाह लें
गायत्री आयुर्वेदाश्रम
9572308520
9572308550

मेडिकल

मेडिकल

प्रशांत मेमोरियल चैरिटेबल हॉस्पिटल
कटे होंठ एवं फटे तालू का मुफ्त इलाज
जांच, ऑपरेशन, भर्ती दवा, यात्रा भत्ता एवं भोजन बिलकुल मुफ्त
सफलतम केसेस : 8892
ऑपरेशन से पहले ऑपरेशन से बाद
आभार
(मेजर) डॉ. अंजनी कुमार झा
MDS (OMFS) FCLPS, FIBCSOMS, FAM
Consultant Maxillofacial & Cosmetic Surgen
जूरन छपरा रोड नं - 4, मुजफ्फरपुर, बिहार
Toll Free : 9771423634, 18003457777 / 18001038301
Email: pmchmfp@gmail.com, Website: www.prashanthospital.in

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी विज्ञापन **जैसे टॉवर, नौकरी, ऋण सम्बंधी या अन्य** किसी भी प्रकार के संदर्भ में कोई राशि भेजता है या किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है तो ऐसा वह अपने स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई किसी क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## श्याम सुन्दर सुल्तानियां स्मृति नाइट क्रिकेट के फाइनल मैच में खिलाड़ियों ने दिखाये दमखम

# दरभंगा ने समस्तीपुर को 70 रनों से पराजित कर कप पर जमाया कब्जा


स्वर्गीय श्याम सुन्दर सुल्तानियां स्मृति नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ विजेता दरभंगा की टीम।

- विजेता दरभंगा को मिला 75 हजार रुपये नकद व कप
- अल्तामिश को मिला मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार

**बेनीपट्टी, निज प्रतिनिधि।** बेनीपट्टी क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में बिहार क्रिकेट संघ से मान्यता प्राप्त स्वर्गीय श्याम सुन्दर सुल्तानियां स्मृति नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में दरभंगा की टीम ने समस्तीपुर की टीम को 70 रनों से हराकर फाइनल मैच जीत लिया।

श्री लीलाधर उच्च विद्यालय के मैदान में शनिवार रात को खेले गए मैच में दरभंगा की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 21 ओवर के मैच में 9 विकेट खोकर 195 रन बनाया आयुष लोहारका ने 16 रन, त्रिपुरारी ने 27 रन, अल्तमिश ने 28 रन, आर्यन ने 07 रन, खालिद ने 18 रन, भासवान ने नवाद 19 रन , नवनीत ने 33 रन, मयंक ने 04 रन, अंकित ने नाबाद 21रन बनाया।

समस्तीपुर टीम के गेंदबाज अमोद ने 04 विकेट, शाकिबुल ने 03 ,मोहित और रंजीत ने 1- 1विकेट लिया ' जबाब में बल्लेबाजी करते हुए समस्तीपुर की टीम 15.1 ओवर में 125 रन बनाकर ऑल आउट हो गई ' भानु ने 01 रन, शाकिबुल ने 10 रन, सुदर्शन ने 22 रन , अंकित ने 12 रन,वाचस्पति 07 रन, आलोक ने 03 रन, आदर्श ने 36 रन, रंजीत ने 15 रन, मोहित ने 00 रन, अमोद ने 07 रन और आदित्य ने नवाद 00 रन बनाया ।दरभंगा टीम के गेंदबाज मयंक ने 4 विकेट ,रितेश ने 3 विकेट और अल्तमिश, मणिकांत, अंकित ने 1- 1विकेट लिया।

मैन ऑफ द मैच का पुरुस्कार मयंक को गौरव कुमार के हाथों नकद व ट्रॉफी प्रदान किया गया ' मैन ऑफ दी सिरीज अल्तमिश को सुमन झा के हाथों नकद व ट्रॉफी प्रदान किया गया। बेस्ट बैट्समैन त्रिपुरारी को विजय झा( भोला ) के हाथों नकद व ट्रॉफी प्रदान किया गया, बेस्ट ब्लोअर अमोद को अमित मेहता के हाथों नकद व ट्रॉफी प्रदान किया गया।

उपविजेता कप व नगद 51000 टीम समस्तीपुर को डॉ बी झा मृणाल , प्रदेश संयोजक, चिकित्सा प्रकोष्ठ, भाजपा,बिहार प्रदेश के हाथों प्रदान किया गया। वहीं विजेता कप व नगद 75000 टीम दरभंगा को स्वर्ग श्याम सुंदर सुल्तानिया के पौत्र निकुंज और निताय के हाथों प्रदान किया गया। मैच के अम्पायर अमरेन्द्र पाण्डेय, आलोक झा व नारायण झा, स्कोरर अनिल कुमार व किशन राय, कॉमनटेटर श्री मन झा बिट्टू, थे ।प्रतियोगिता के अध्यक्ष मुकुल झा ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अपने सदस्यों और सहयोगियों को धन्यवाद और बधाई दी। मौके पर संरक्षक सह कोषाध्यक्ष मुरारी झा, सचिव विजय कुमार झा भोला, सुमन कुमार झा, अर्जुन झा, कन्हैया झा, चुन्नू, बिट्टू, राहुल झा, कृष्णा, लालू सहित अन्य क्रिकेट प्रेमी उपस्थित थे।

## राम कुमार शिक्षकेतर कर्मी संघ के अध्यक्ष बने

**बेनीपट्टी।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के अंगीभूत इकाई, कालीदास विद्यापति साइन्स कॉलेज उच्चैठ मं शिक्षकेतर कर्तचारी संघ के हुए चुनाव में सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गये।

अध्यक्ष पद के लिए राम कुमार यादव, सचिव पद पर जय अधिकारी एवं कोषाध्यक्ष पद पर प्रदीप पासवान चुने गये। निर्विरोध चयन पर कर्मी नारायणजी झा, राम उदगार सिंह, महेश कुमार, शैलेंद्र कुमार सिंह, भीषण कामत, माधव कुमार झा, सन्नी कुमार यादव, राघवेंद्र पाठक आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## बीसीए के अंपायर के निधन पर श्रद्धांजलि

**बेनीपट्टी।** बीसीए के अंपायर एवं जिला किकेट संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र नारायण सिंह के सड़क हादसे में हुए निधन पर बेनीपट्टी क्रिकेट क्लब की ओर से शोकसभा आयोजित किया गया। इस अवसर पर बेनीपट्टी के श्री लीलाधर प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में चल रहे नाइट किकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच खेलने से पूर्व स्व.सिंह के निधन पर खिलाड़ियों ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धा सुमन व्यक्त किया तथा उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर संवेदनाएं व्यक्त की।

मौके पर बेनीपट्टी क्रिकेट क्बल के अध्यक्ष मुकुल कुमार झा, सचिव विजय झा भोला, संयोजक संदीप कुमार झा मुरारी, फिल्ड प्रबंधक अर्जुन झा, टीम प्रबंधक आलोक झा, राहुल झा, दीपक झा, अमित रंजन, नारायण जी झा आदि ने पुष्प अर्पित कर संवेदनाएं व्यक्त की।

## 'जीवन में कभी हार नहीं मानते खिलाड़ी'

**मधुबनी।** मधुबनी, निज संवाददाता। खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि यह मनुष्य को ऊर्जावान, अनुशासित और संघर्षशील बनाता है। रविवार को खेल भवन में आयोजित जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष डा. मुनेश्वर यादव ने यह बात कही।

इन्होंने कहा कि जो लोग खेल में रुचि रखते हैं, वे जीवन की कठिनाइयों से हार नहीं मानते। शतरंज जैसे खेल मानसिक विकास, धैर्य और रणनीति की समझ बढ़ाने में सहायक होते हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला शतरंज संघ द्वारा किया गया, जिसमें चार दर्जन से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# प्रतिभा सम्मान से बढ़ता बच्चों का मनोबल: विधायक

- सकरी बाजार स्थित सभागार में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन
- मैट्रिक व इंटर में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले करीब डेढ़ सौ से अधिक छात्र सम्मानित


सकरी में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में झिझिया नृत्य कलाकार के साथ अतिथि।

**पंडौल,एक संवाददाता ।** वर्ष 2025 में मैट्रिक व इंटर में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले करीब डेढ़ सौ से अधिक छात्र-छात्राओं सहित सामाजिक क्षेत्र में अच्छा काम करने वाले लोगों को किया गया सम्मानित। प्रखंड क्षेत्र के सकरी बाजार स्थित एक सभागार में एक नयी सोच कमेटी सकरी की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कमेटी की ओर से सभी आगत अतिथियों को साफा, मेडल व मोमेंटो प्रदान कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात भौर से आए नृत्य के कलाकारों ने झिझिया नृत्य की प्रस्तुति कर सभी लोगों का मन मोह लिया। उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक समीर कुमार महासेठ ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों का मनोबल बढ़ता है और वे अपने कैरियर के प्रति ज्यादा रुचि लेने लगते हैं।

उन्होंने एक नयी सोच कमेटी के संस्थापक की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह का प्रतिभा सम्मान समारोह हर साल आयोजित हो ताकि शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्राप्त हो। कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2025 में मैट्रिक व इंटर की परीक्षा में प्रथम तथा द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण डेढ़ सौ से अधिक छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। एक नयी सोच कमिटी के संस्थापक ने सभी बच्चों का हौसला अफजाई करते हुए पढ़ाई के साथ सामाजिक क्षेत्र में भी रुचि लेने की बात कही। कहा कि सामाजिक क्षेत्र में जरूरतमंदों की मदद करने से आत्मीय सुख प्राप्त होता है। मौके पर रामशिला हेल्थ केयर की ओर से दो बचों को प्रतेक माह एक वर्ष तक एक हजार रुपये देने की घोषणा की गयी।

दाखिल-खारिज
जन जागरूकता श्रृंखला
03
बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
आवेदन अस्वीकृत होने से कैसे बचें?
अस्वीकृति का कारण
आवेदन के समय संलग्न किये गए दस्तावेजों का संदिग्ध या अपठनीय होना।
01 आवेदन भरते समय ये आश्वस्त हो लें कि मूल प्रति के अनुसार खेसरा नंबर, खाता नंबर एवं रकबा का मिलान कर अपलोड किया गया है।
02 हर दस्तावेज एकदम स्पष्ट और पठनीय हो।
03 आवश्यकता अनुसार साक्ष्य के प्रमाणित अनुवाद को भी संलग्न करें।
04 कागजात अपलोड करने से पहले एक बार पुन: अवलोकन कर लें।
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार द्वारा जनहित में जारी...
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रहीं सेवाओं का लाभ लेने के लिए : वेबसाइट https://biharbhumi.bihar.gov.in पर जायें।
स्पष्ट सम्पदा शांति सर्वदा
PR No.- 004948 (Revenue)D. 2025-26

## कैंपस 30s


विदाई समारोह में भाग लेते संघ के नेता व अन्य।

### प्रधानाध्यापक को दी गई विदाई

**मधुबनी।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय खांजीपुर के प्रधानाध्यापक विष्णुदेव राम 38 वर्षो की निरंतर सेवा के बाद 31 मई को सेवानिवृत हो गये। मौके पर विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें पाग, दोपटा, गीता, धोती, कुर्ता, सम्मान पत्र आदि से सम्मानित किया गया। विदाई समारोह में जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रधान सचिव महादेव मिश्र, सुधीर कुमार मिश्रा, शिव नारायण राम रमण, संजय कुमार लाल, अखिलेश झा, धीरेन्द्र कुमार, सुरेश कुमार सिंह सहित संघ के कई लोग पहुंचे।

### शिक्षक व अभिभावकों के बीच हुई बैठक

**फुलपरास।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित हाई स्कूल अमौजा सह राजकीय मध्य विद्यालय अमौजा में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में अभिभावक एवं सभी शिक्षक उपस्थित थे। बैठक में ग्रीष्मावकाश में छात्रों को दिये जा रहे गृहकार्य,छात्रो की उपस्थिति बढ़ाने,वर्ग 6 से 12 वीं तक के छात्रो के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था बेहतर बनाने,वर्ग 6 में कमजोर छात्रो को विशेष कक्षा व्यवस्था कर मुख्यधारा मे लाने के लिए विचार-विमर्श किया गया।

### अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन

**अंधराठाढ़ी।** प्रखंड के गंगद्वार गांव स्थित प्लस टू विद्यालय में वर्ग 01 से वर्ग 12 तक के छात्र छात्राओं के अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमेश जानदार ने इसकी अध्यक्षता की। छात्र छात्राओं को उपलब्ध पाठ्यपुस्तक, अभ्यास पुस्तिका,डायरी एवं टीएलएम किट की जानकारी व इनके संरक्षण के उपाय साझा करना ,छात्रों को छुट्टी के दौरान दी गयी पाठ्यसामग्रियों के अध्ययन और अभ्यास हेतु प्रेरित करना ,घर में पढ़ाई हेतु एक अध्ययन कोना विकसित करने की अपील अभिभावकों से की गयी।

### सप्ताह में शुक्रवार को ट्रेन का अमृतसर से व प्रत्येक बुधवार को कटिहार से होगा परिचालन

# अमृतसर-कटिहार स्पेशल ट्रेन का झंझारपुर के रास्ते परिचालन शुरू

**झंझारपुर, निज संवाददाता।** झंझारपुर में बैठकर अमृतसर जाने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। नार्थ ईस्ट फ्रंटियर रेलवे ने झंझारपुर के रास्ते कटिहार से अमृतसर के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। नोटिफिकेशन के मुताबिक ट्रेन नम्बर 05735 अमृतसर से सप्ताह में एक दिन शुक्रवार को एवं ट्रेन नम्बर 05736 बुधवार को कटिहार से खुलेगी।



झंझारपुर स्टेशन पर अमृतसर-कटिहार स्पेशल एक्सप्रेस से उतरते यात्री।

अमृतसर से खुलकर कटिहार जाने वाली स्पेशल ट्रेन 27 जून तक चलेगी तथा कटिहार से अमृतसर जाने वाली यह स्पेशल ट्रेन 25 जून तक चलाई जाएगी। इस ट्रेन में कुल 15 कोच है। ट्रेन नंबर 05536 कटिहार से प्रत्येक बुधवार को रात के नौ बजे खुलकर पूर्णिया, अररिया कोर्ट, फारबिसगंज, ललितग्राम, राघोपुर, सरायगढ़, निर्मली रुकते हुए 1.40 बजे झंझारपुर पंहुचेगी और झंझारपुर स्टेशन पर दो मिनट के ठहराव के बाद सकरी, दरभंगा, सीतामढ़ी, रक्सौल, नरकटियागंज, कप्तानगंज, गोरखपुर, गोंडा, बरेली मुरादाबाद होते हुए अम्बाला कैंट व जालंधर सिटी के रास्ते तीसरे दिन सुबह के पौने 10 बजे अमृतसर पंहुचेगी। वापस में ट्रेन नम्बर 05535 हर शुक्रवार को 1.25 बजे अमृतसर से खुलकर इसी रास्ते विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए कटिहार पौने 12 बजे रात में पंहुचेगी। दोनों ट्रेनों का कटिहार-अमृतसर के बीच कुल 29 स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है। इस ट्रेन के टिकट का बुकिंग शुरू कर दिया गया है। पूर्व मध्य रेलवे के सीपीआरओ सरस्वती चंद्र ने बताया कि ग्रीष्मावकाश में यात्रियों की भीड़ बढ़ने की संभावना को देखते हुए इस स्पेशल ट्रेन को चलाने का निर्णय लिया गया है।

## ट्रेन रद्द होने से यात्री रहे परेशान

**झंझारपुर।** शनिवार की रात झंझारपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। लौकहा से पाटलिपुत्र जाने वाली ट्रेन के इंतजार में काफी संख्या में यात्री रात भर स्टेशन पर इधर से उधर भटकते रहे लेकिन ट्रेन नहीं आई।

रविवार सुबह जाकर उन्हें बताया गया कि उनकी ट्रेन रद्द कर दी गई है। इस अचानक घोषणा से यात्रियों में भारी रोष देखने को मिला। यात्रियों का आरोप है कि रेलवे प्रशासन ने ट्रेन रद्द होने की सूचना समय रहते नहीं दी, जिससे उन्हें पूरी रात स्टेशन पर गुजारनी पड़ी। जबकि कई बार वे लोग पूछताछ काउंटर पर जाकर जानने की कोशिश की मगर कोई जानकारी नहीं मिल रही थी।

## बदलते मौसम के साथ फसल चयन करना जरूरी

**घोघरडीहा। निज संवाददाता।** घोघरडीहा प्रखंड के ई किसान भवन सभागार में खरीफ महोत्सव सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन प्रखंड के प्रभारी कृषि पदाधिकारी राजेश कुमार, पशु चिकित्सक डॉ आयुष रंजन, प्रखंड प्रमुख शर्मिला देवी, आत्मा अध्यक्ष राजेन्द्र कामत एवं प्रखंड के प्रसिद्ध किसान राम नारायण यादव ने संयुक्त रूप से किया।

प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और मानवरहित गतिविधियों के कारण उर्वरकों का असंतुलित प्रयोग हो रहा है। इससे मिट्टी का दोहन और क्षरण हो रहा है। मिट्टी का प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है। अनाज ही एक मात्र ऐसा खाद्य है , जिससे शरीर को विटामिन और पोषक तत्त्व मिलते हैं। किसानों को कम जुताई , फसल चक्र , जैविक पदार्थों और गर्मी में कवर फसल जैसी संधारणीय मृदा प्रबंधन पद्धतियों अपनानी चाहिए। इससे मिट्टी की सेहत सुधरती है। कार्यक्रम में बीटीएम रामबीर, एटीएम देवकीनंदन पाल, कृषि समन्वयक विकास कुमार, प्रमोद कुमार प्रभाकर, ब्रह्मदेव साह, किसान सलाहकार संजय कुमार मौजद थे।






## किसानों ने सीखे खेती करने के गुर

**फुलपरास।** प्रखंड कार्यालय के ई किसान भवन में रविवार को खरीफ महाअभियान 2025-26 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख राम पुकार यादव के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए प्रमुख श्री यादव ने कहा कि प्राकृतिक खेती मोटा अनाज एवं खरीफ महाअभियान के तहत धान का बीज तथा ढैचा बीज वितरण के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड तकनीकी प्रबंधक विनोद कुमार ने किसानों के बीच कृषि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रखंड कर्मियों के साथ साथ कृषि समन्वयक मनोरंजन कुमार,किसान सलाहकार रामचन्द्र मंडल आदि मौजूद थे।

## 65 बोतल शराब जब्त, तस्कर फरार

**घोघरडीहा।** घोघरडीहा पुलिस ने शनिवार देर रात गुप्त सूचना पर अमहि पंचायत के बनरझुला गांव से शराब तस्करों का पीछा कर अग्निदेव यादव के घर के समीप अलग अलग ब्रांड का 65 बोतल नेपाली देशी व अंग्रेजी शराब बरामद किया। हालांकि तस्कर मोके से भागने में सफल रहे।

जानकारी अनुसार शनिवार को शराब तस्करी की सूचना पर घोघरडीहा थानाध्यक्ष सर्वेश कुमार झा ने अपर थानाध्यक्ष सन्तोष कुमार पाल के नेतृत्व में टीम ने बनरझुला गांव में अग्निदेव यादव के घर के पास से शराब को बरामद किया। वहीं तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा। थानाध्यक्ष ने बताया कि 44 बोतल नेपाली देशी शराब व 21 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त की गई है। प्रथमिक दर्ज कर आगे की कारवाई की जा रही है।











## गर्मी से बढ़ रही है परेशानी

**लौकही।** गर्मी का रूख परवान चढ़ता जा रहा है। सुबह होते हीं लोगों को गर्मी सताने लगती है। तीखे धूप के कारण लोग अपने घरों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पाते है। मजदूर भी खेतों में काम करने से परहेज करने लगे है। तेज गर्मी का असर बाजार में भी देखा जा रहा है। व्यापारियों का कहना है कि अधिक गर्मी पड़ने से पहले की अपेक्षा कम ग्राहक बाजार आ रहे है। इससे बिक्री भी प्रभावित हो रही है। फिलहाल बिजली की स्थिति भी ठीक नहीं है ।

## लौकही में नहीं है बस पड़ाव

**लौकही।** प्रखंड मुख्यालय से बसें तो चलती है लेकिन यहां बस पड़ाव नहीं है। इसके अभाव में दूर दराज के यात्रियों को काफी असुविधाएं होती है। बतादें कि यह प्रखंड इंडो- नेपाल सीमा पर अवस्थित है। यहां से दरभंगा,मधुबनी या राजधानी तक अपने कामों से आस पड़ोस के अलावे पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के नागरिक भी आते जाते हैं।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई—निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी०)/पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे लिखे गये कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से **भारतीय रेल के आई.आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर खुली ई—निविदा के रूप में आमंत्रित करती है:—**

**क्र.सं. 1, निविदा सूचना सं० टी.सी.—107—2025—एस.पी.जे., कार्य का नाम : (1)** रमगढ़वा यार्ड में पैसेंजर रनिंग लूप लाईन संख्या 1 एवं 3 में 60 किग्रा० सलीपर पर 60 किग्रा० रेल. द्वारा सीटीआर(पी)— 2 ट्रैक किमी०। **(2)** रक्सौल यार्ड में पैसेंजर रनिंग लूप लाईन संख्या 6 एवं 7 में 60 किग्रा० स्लीपर पर 60 किग्रा० रेल द्वार सीटीआर(पी)— 1.600 ट्रैक किमी० ।, **निविदा लागत (रूपये मे) :** 9088188.66, **बयाने की राशि (रूपये में) :** 181800.00, **कार्य की समाप्ति अवधि:** 06 माह।

**क्र.सं. 2, निविदा सूचना सं० टी.सी.—108—2025—एस.पी.जे., कार्य का नाम :** सीतामढ़ी – रक्सौल खण्ड में आदापुर यार्ड में पैसेंजर रनिंग लूप लाईन संख्या 1, 3 एवं 4 में 60 किग्रा० नए रेल द्वारा टीआरआर(पी)— 2.9 ट्रैक किमी० , **निविदा लागत (रूपये मे) :** 5900180.30, **बयाने की राशि (रूपये में) :** 118000.00, **कार्य की समाप्ति अवधि:** 06 माह।

**क्र.सं. 3, निविदा सूचना सं० टी.सी.—109—2025—एस.पी.जे., कार्य का नाम : (1)** सगौली— नरकटियागंज—वाल्मिकीनगर में पुल संख्या 285, 286, 303 विभिन्न गर्डरों का चैनल स्लीपर का नवीनीकरण कुल 636 अदद। **(2)** सगौली—रक्सौल में पुल संख्या 13, 21, विभिन्न गर्डरों का चैनल स्लीपर का नवीनीकरण कुल 236 अदद। **(3)** सगौली—रक्सौल में पुल संख्या 22, 25, विभिन्न गर्डरों का चैनल स्लीपर का नवीनीकरण कुल 542 अदद। (कुल 1414 अदद)।, **निविदा लागत (रूपये मे) :** 46034965.03, **बयाने की राशि (रूपये में) :** 380200.00, **कार्य की समाप्ति अवधि:** 06 माह।

**1. आई.आर.ई.पी.एस. वेव पोर्टल पर ई—निविदा के रूप में निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय:—** 23.06.2025 को 12.00 बजे तक। **2. ई—निविदा खुलने की तिथि एवं समय :—** 23.06.2025 को 12.00 बजे के बाद। **3. वेबसाईट का विवरण जहाँ से निविदा एवं निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है:—** वेबसाईट:— **www.ireps.gov.in,** उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा बल्कि वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जाएगा।

**वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय/समस्तीपुर**

**पीआर/0335/एसपीजे/ईएनजीजी./टी/25—26/64**





**नगर निगम के वार्ड 37 स्थित बुनकर कॉलोनी में लोगों को कई चुनौतियों से जूझना होता है। यहां के लोगों का कहना है कि कॉलोनी की बदहाली के लिए निगम प्रशासन जिम्मेदार है। यह क्षेत्र पहले भच्छी पंचायत में था, लेकिन निगम में शामिल होने के बाद यहां न तो शहरी सुविधाएं पहुंचीं और न ही ग्रामीण योजनाओं का लाभ मिला। सड़कों पर पानी जमा है। पीने के पानी के लिए केवल एक टंकी है जो आधे घंटे में सूख जाती है। साफ-सफाई, जलनिकासी, बिजली, रोजगार और बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केंद्र जैसी बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। स्थानीय लोगों ने बार-बार समस्याएं उठाईं, लेकिन समाधान कहीं नहीं हुआ। इस पर वरीय अधिकारियों को ध्यान देना चाहिये।**



वार्ड 37 के बुनकर कॉलोनी में समस्याओं का अंबार है। यहां के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। यहां की बदहाली को लेकर बोले मधुबनी में अपनी बातें खुल कर रखी। निगम के अधिकारियों से पहल करने की मांग की।

# बुनकर कॉलोनी में सड़क, बिजली व शिक्षा की व्यवस्था हो तो सुधरे हालात

बुनकर कॉलोनी, वार्ड 37, मधुबनी नगर निगम-यह नाम सुनते ही बदहाल सड़कें, जलजमाव, गंदगी, अंधेरा और परेशान जनता की तस्वीर सामने आ जाती है। पहले भक्षी पंचायत का हिस्सा रही यह बस्ती नगर निगम में तो आ गई, लेकिन सुविधाएं नदारद हैं। बस्ती के भीतर की सड़कें खासकर मो. ताहिर से जमालो हन्नान के घर तक और प्राथमिक विद्यालय के पास की सड़कें इतनी जर्जर हैं कि सामान्य बारिश के बाद एक से डेढ़ फीट पानी भर जाता है। स्कूल के एचएम मो. नजाम ने बताया कि जलजमाव से बच्चों का आना-जाना मुश्किल हो जाता है। यहां न तो नियमित सफाई होती है, न कचरे का उठाव, और न ही नाले का निर्माण हुआ है। जलनिकासी के अभाव में गलियों में पानी महीनों जमा रहता है, जिससे मच्छरों का आतंक बढ़ता जा रहा है।

स्थानीय निवासी रौशन खातून, मो. मंजूर आलम, शाहिदा खातून समेत कई लोगों ने बताया कि बस्ती में केवल एक पानी टंकी है जो सिर्फ 15 से 30 मिनट में खाली हो जाती है। एक और टंकी टूट चुकी है और टंकी चलाने वाला मजदूरी करता है, जिससे कभी-कभी दिनभर पानी नहीं मिल पाता। बिजली की बात करें तो अधिकांश गलियों में स्ट्रीट लाइट तक नहीं है। रात होते ही पूरा मोहल्ला अंधेरे में डूब जाता है और जलजमाव के साथ यह स्थिति और डरावनी हो जाती है। रोजगार की स्थिति और भी चिंताजनक है। महिलाओं को जीविका समूह या किसी भी सरकारी योजना से नहीं जोड़ा गया है। पंचायत में मनरेगा का लाभ मिलता था, पर अब वह भी नहीं। आंगनबाड़ी केंद्र न होने से छोटे बच्चे शिक्षा से वंचित हैं। स्थानीय लोगों ने नालों के निर्माण, जलनिकासी, दूसरी पानी टंकी की व्यवस्था, आंगनबाड़ी केंद्र की स्थापना और महिलाओं के लिए आजीविका मिशन जैसी योजनाएं चलाने की मांग की है। बुनकर कॉलोनी के अध्यक्ष मज्जू अंसारी ने कहा कि कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को बताया गया लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ।

**कॉलोनी में पानी की समस्या से जुझ रहे लोग:** बुनकर कॉलोनी की सबसे बड़ी समस्या पीने के पानी की है। यहां करीब 500 परिवार रहते हैं लेकिन पीने के लिए केवल एक ही पानी टंकी काम कर रही है। दूसरी टंकी टूट चुकी है और अब तक उसकी मरम्मत नहीं हुई। एक टंकी का पानी बमुश्किल 15 से 30 मिनट में खत्म हो जाता है। इससे लोग पूरे दिन पानी के लिए परेशान रहते हैं। पानी टंकी चलाने वाला व्यक्ति मजदूरी करता है और उसके न रहने पर लोगों को दिनभर इंतजार करना पड़ता है। स्थानीय निवासी मो. बशीर, सबिया खातून, मो. जुबैर और शाहिदा खातून ने बताया कि कई बार बोर्डिंग नहीं चलने से पानी नहीं मिल पाता और पीने के लिए पानी खरीदना पड़ता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से एक और पानी टंकी लगाई जाए और नियमित आपूर्ति के लिए स्थायी व्यवस्था हो।

**रोजगार सबसे बड़ी चुनौती:** बुनकर कॉलोनी की महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार सबसे बड़ी चुनौती है। पहले पंचायत में रहने पर मनरेगा से कभी-कभी काम मिल जाता था, लेकिन नगर निगम में शामिल होने के बाद स्थिति और भी खराब हो गई है। यहां न तो शहरी आजीविका मिशन की योजनाएं संचालित हो रही हैं, और न ही कोई जीविका समूह बनाया गया है। महिलाओं को न सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण मिला है, न ही कोई स्वयं सहायता समूह सक्रिय है। अधिकतर महिलाएं घरों में बेकार बैठी हैं और महाजनों पर निर्भर हो गई हैं। स्थानीय निवासी रसीउल्लाह, फिरदौस, कौसर खातून और अरशद अंजुम ने बताया कि यहां युवाओं को दैनिक मजदूरी का काम भी मुश्किल से मिलता है। महिलाओं ने मांग की है कि सरकार यहां महिला स्वावलंबन से जुड़ी योजनाएं शुरू करे ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और परिवार को आर्थिक संबल दे सकें।

**- प्रस्तुति : शैलेन्द्र कुमार**

## शिकायतें और सुझाव

**शिकायतें**

1. बुनकर कॉलोनी में एकमात्र पानी टंकी से पूरा मोहल्ला परेशान है। पानी आधे घंटे में खत्म हो जाता है, लोग दिनभर परेशान रहते हैं।
2. बारिश के बाद सड़क नाला बन जाता है। स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को चलना मुश्किल होता है, कोई स्थायी जलनिकासी व्यवस्था नहीं है।
3. सफाई के नाम पर केवल खानापूरी होती है, 15 दिनों में एक बार झाड़ू लगती है, कचरा महीनों तक गलियों में सड़ता रहता है।
4. बस्ती की अधिकतर गलियों में स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है, रात में पूरा इलाका अंधेरे में डूबा रहता है जिससे डर और खतरा रहता है।
5. महिलाओं को कोई रोजगार नहीं मिल रहा, न कोई जीविका योजना है न प्रशिक्षण, वे महाजनों पर निर्भर हैं।

**सुझाव**

1. बस्ती में तुरंत एक और पानी टंकी लगाई जाए और बोरिंग चलाने के लिए स्थायी कर्मचारी की नियुक्ति की जाए।
2. जर्जर सड़कों की मरम्मत हो और पूरे मोहल्ले में जलनिकासी के लिए नालों का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।
3. सफाई व्यवस्था को नियमित किया जाए, सप्ताह में कम से कम दो बार झाड़ू और कचरा उठाव सुनिश्चित करायी जाए।
4. सभी गलियों में स्ट्रीट लाइट लगाई जाए ताकि अंधेरे और असुरक्षा की समस्या दूर हो और मोहल्ले में रोशनी बनी रहे।
5. महिलाओं को आजीविका मिशन, जीविका समूह और स्वयं सहायता समूह से जोड़ा जाए ताकि वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।

## बोले जिम्मेदार



यहां की समस्याओं के समाधान के लिए काम शुरू किया गया है। जलनल की समस्या समाधान के लिए निविदा की प्रक्रिया पूरी की गयी है। बारिश के बाद जलजमाव, पानी टंकी की कमी, सड़क और सफाई की स्थिति पर प्राथमिकता से कार्य होगा। नगर निगम की तकनीकी टीम को सर्वे का काम पूरा कर लिया गया है जिससे स्थायी समाधान की योजना बनाई जा सके। एक नई पानी टंकी लगाने और स्ट्रीट लाइट लगाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। महिलाओं के रोजगार के लिए शहरी आजीविका मिशन से जोड़ने की पहल की जाएगी।

**-अनिल कुमार चौधरी,** नगर आयुक्त



बुनकर कॉलोनी में जलजमाव और पेयजल संकट गंभीर है। सड़क मरम्मत, सफाई व्यवस्था और जल आपूर्ति को लेकर ठोस योजना के लिए काम किया जा रहा है। एक अतिरिक्त पानी टंकी लगाने का प्रस्ताव स्वीकृति में है।

**-मज्जू अंसारी,** अध्यक्ष, बुनकर कॉलोनी

## आंगनबाड़ी नहीं होने से भटक रहे बच्चे

**500** परिवारों को पीने का पानी एक ही पानी टंकी से

बुनकर कॉलोनी में आंगनबाड़ी केंद्र नहीं होने से छोटे बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और पोषण को बुरी तरह प्रभावित किया है। यहां लगभग 500 परिवार हैं और बड़ी संख्या में छोटे बच्चे हैं, लेकिन न कोई आंगनबाड़ी है और न ही कोई बालविकास केंद्र।

स्थानीय महिलाओं ने बताया कि अगर आंगनबाड़ी होती, तो बच्चे कम उम्र से ही शिक्षा से जुड़ पाते और बेहतर पोषण भी मिल पाता। इस अभाव के कारण बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास प्रभावित हो रहा है। रेहाना बेगम, शबनम खातून, जरीना खातून जैसी महिलाओं ने प्रशासन से मांग की है कि इस मोहल्ले में भी एक आंगनबाड़ी खोलना जरूरी है। ताकि बच्चों को आधारभूत शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। यह कदम बच्चों के उज्जवल भविष्य की नींव बनेगा।

## हमारी पीड़ा सुनिये



मोहल्ले की स्थिति को लेकर हर बार शिकायत करते हैं। अधिकारी आते हैं, फोटो लेते हैं और चले जाते हैं। न सड़क बनती है, न नाला, न सफाई होती है। अब तो विश्वास उठ गया है।

-अरशद अंजुम



मोहल्ले की लोगों की हालत बहुत खराब है। एक ही पानी टंकी से 500 लोग पानी भरते हैं। महिलाओं को पानी के लिए काफी इंतजार करना पड़ता है। बार-बार शिकायत के बाद समधान नहीं हुआ।

-नसीम अंसारी



बुनकर मोहल्ले में आंगनबाड़ी केंद्र तक नहीं है। हमारे बच्चे शिक्षा से वंचित हैं। अगर पंचायत में रहते तो अब तक काम हो गया होता। अधिकारी का इस ओर ध्यान नहीं जा रहा है।

-सबिला खातून



स्कूल के पास सड़क पर हमेशा पानी जमा रहता है। बच्चे गिरते हैं, बीमार होते हैं। कई बार बताया, मगर कोई सुनवाई नहीं होती। नाले के व्यवस्था नहीं होने से हमेशा सड़क पर पानी लगा रहता है।

-मो. जुबैर



न कोई रोजगार है, न जीविका योजना। हम महिलाएं कुछ करना चाहती हैं, मगर सरकार ने कोई रास्ता नहीं छोड़ा है। जलजमाव, गंदगी, पीने के पानी की किल्लत, बिजली, रोजगार और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है।

-रेहाना बेगम



मच्छरों ने जीना मुश्किल कर दिया है। हर तरफ पानी जमा है, दवा नहीं छिड़कते। बच्चे हर समय बीमार रहते हैं। यहां पर हर दिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत के बाद भी कोई पहल नहीं की जा रही है।

-जरीना खातून



बिजली का पोल तो लगा है मगर लाइट नहीं जलती। रात में बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। महिलाएं डर के मारे घर से नहीं निकलतीं। हमेशा खतरे का डर बना रहता है।

-फिरदौस



टंकी चलाने वाला मजदूर है, वह न मिले तो पानी के लिए दिनभर इंतजार करना पड़ता है। कई बार नल से भी पानी नहीं आता। लोग पानी के लिए परेशान रहते हैं।

-मो. अमानत



कॉलोनी की हालत हर साल और खराब होती जा रही है। कोई योजना यहां पूरी नहीं हो रही। सब कुछ अधूरा छोड़ दिया जाता है। इस ओर अधिकारी का ध्यान नहीं है।

-मो. रसीउल्लाह



यहां की महिलाओं के पास सिलाई-कढ़ाई का हुनर है लेकिन कहीं प्रशिक्षण या बाजार से जुड़ने का मौका नहीं मिल रहा है। कोई योजना नहीं पहुंची।

-साबिया खातून



बारिश में पूरी बस्ती दरिया बन जाती है। घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। स्कूटर, बाइक सब बंद हो जाते हैं पानी में। आने जाने में काफी परेशानी होती है।

-मो. कलाम



सरकारी दफ्तरों में चक्कर काट-काट कर थक गए। कोई सुनता नहीं। नगर निगम में शिकायत करने गए, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

-मो. जहीर अंसारी



हम महिलाएं सिर्फ घर में बैठीं हैं, न मनरेगा मिलता है, न कोई योजना। सरकार से मांग है कि कोई रोजगार शुरू करें। रोजगार नहीं मिलने से जीवन-यापन में कठिनाई होती है।

-मुनिया खातून



यहां की गलियों की हालत इतनी खराब है कि एम्बुलेंस भी नहीं आ पाती। कोई बीमार पड़ जाए तो खटिया पर लादकर बाहर लाना पड़ता है। इस ओर धयान देना चाहिए।

-मो. एहसान



सरकार को सिर्फ वोट के समय हमारी याद आती है। उसके बाद कोई नहीं पूछता कि हम कैसे जी रहे हैं। आंगनबाड़ी केंद्र न होने से छोटे बच्चे शिक्षा और पोषण से वंचित हैं।

-शबनम खातून



यहां पर मो ताहिर से लेकर मो जमालो हन्नान के घर तक और प्राथमिक विद्यालय के पास की सड़कें बुरी स्थिति में हैं। महिलाओं को किसी योजना से नहीं जोड़ा गया है।

-रहमति खातून



अगर यहां महिलाओं के लिए प्रशिक्षण केंद्र हो तो हम कुछ कमा सकते हैं। अभी तो हाथ बांध कर बैठे रहना पड़ता है। एक ही पानी टंकी है, सड़कें टूटी हैं, और सफाई नाममात्र की होती है।

-कौसर खातून



हमारे मोहल्ले में हर गली में गंदा पानी भरा रहता है। बच्चे उसी में खेलते हैं। बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। सड़क पर स्ट्रीट लाइट तक नहीं लगी है, जिससे रात में पूरा इलाका अंधेरे में डूब जाता है।

-मो. आलम

## हिन्दुस्तान जॉब्स

### सीनियर रेजिडेंट के 183 पदों पर भर्ती

**पावर जॉब्स**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), देवघर (झारखंड) ने सीनियर रेजिडेंट के 183 पदों पर आवेदन आमंत्रित किए हैं। चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति अनुबंध के आधार पर एक वर्ष के लिए की जाएंगी, जिसे अधिकतम दो वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट से आवेदन पत्र डाउनलोड कर भर लें और मांगे गए दस्तावेजों की स्वप्रमाणित फोटोकापी, डिमांड ड्राफ्ट के साथ तय पते पर डाक से भेज दें। आवेदन स्वीकार होने की अंतिम तिथि 10 जून 2025 है।

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित विशेषज्ञता में स्नातकोत्तर डिग्री (एमडी/ एमएस/ डीएनबी/ एमडीएस) हो।

**वेतन :** 67,700-2,08,700 रुपये।

**आयु सीमा :** अधिकतम 45 वर्ष। **इन विभाग में होगी भर्ती :** एनाटॉमी, बायोकेमिस्ट्र, कार्डियोलॉजी, एंडोक्रिनोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, माइक्रोबायोलाजी पल्मोनरी मेडिसिन,रेडियोथेरेपी आदि।

**आवेदन शुल्क**

■ 3000 रुपये। ओबीसी वर्ग के लिए 1000 रुपये, एससी/ एसटी वर्ग, ईडब्ल्यूएस, महिलाओं और दिव्यांगों के लिए निशुल्क।

**चयन प्रक्रिया :** शॉर्टलिस्टिंग, साक्षात्कार और दस्तावेज सत्यापन के आधार पर चयन होगा।

**आवेदन प्रक्रिया :** सबसे पहले एम्स, देवघर की आधिकारिक वेबसाइट (**www.aiimsdeoghar.edu.in**) पर जाएं।

■ होमपेज पर 'जॉब' के अंदर एडवर्टाइजमेंट विकल्प पर क्लिक करें।

■ खुलने वाले पेज पर भर्ती से संबंधित कई नोटिफिकेशन दिखाई देंगे। इनमें से **Offline Invites application for appointment to ...** नोटिफिकेशन पर क्लिक करें।

■ नये पेज पर नोटिफिकेशन की पीडीएफ फाइल डाउनलोड हो जाएगी। अब इसे अच्छी तरह से पढ़ लें और अपनी योग्यता की जांचकर लें।

■ नोटिफिकशन के नीचे ही आवेदन-पत्र का प्रारूप दिया है। ए-4 साइज पेपर में इसका प्रिंट आउट निकाल लें।

■ आवेदन पत्र मांगी गई अन्य जानकारियों को एक-एक भर लें। भरे हुए आवेदन पत्र, डिमांड ड्राफ्ट और मांगे गए दस्तावेजों को निर्धारित प्रारूप में संस्थान की ई-मेल आईडी पर भेज दें।

**इस ई-मेल आईडी पर भेजें आवेदन : nsr.recruitment@aiim sdeo ghar .edu.in**

**यहां भेजें आवेदन :** रजिस्ट्रार कार्यालय, चौथी मंजिल, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान,देवीपुर (एकेडमिक ब्लॉक), देवधर (झारखंड)- 814152

### ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के 80 पदों पर करें आवेदन

**ईसीआईएल**

इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (ईसीआईएल) ने ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के 80 पदों पर आवेदन आमंत्रित किए हैं। योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार ईसीआईएल की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है और इसकी अंतिम तिथि 05 जून 2025 है। विस्तृत जानकारी इस प्रकार है...

**योग्यता :** इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन/ इलेक्ट्रॉनिक्स/ कंप्यूटर साइंस/ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन आदि में बीई/ बीटेक डिग्री हो ।

**वेतन :** 40,000 से 1,40,000 रुपये।

**आयु सीमा :** अधिकतम 27 वर्ष। **चयन**

**चयन प्रक्रिया :** सीबीटी और ट्रेड टेस्ट।

**आवेदन शुल्क :** सामान्य/ ओबीसी वर्ग और ईडब्लूएस के लिए 1000 रुपये। एससी/एसटी वर्ग और दिव्यांगों के लिए शुल्क देय नहीं है।

**आवेदन प्रक्रिया :** इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया की वेबसाइट (**www.ecil.co.in**) पर लॉगइन करें।

■ होमपेज पर करियर सेक्शन में जाएं। यहां **'Applications are invited for the posts of 'Graduate Engineer ..'** पर क्लिक करें।

■ नये पेज पर विज्ञापन खुल जाएगी। अब पीडीएफ फाइल पर क्लिक कर विज्ञापन डाउनलोड कर और अच्छी तरह से पढ़कर अपनी योग्यता जांच लें।

■ अब पिछले पेज पर वापस आए और अप्लाई लिंक पर क्लिक करें। अब रजिस्ट्रेशन कर लॉगइन कर लें। नये पेज पर आवेदन-पत्र खुल जाएगा। यहां मांगी गई जानकारी दर्ज कर दें। अंत में कैप्चा भरकर सब्मिट कर दें।

### प्रोजेक्ट नर्स समेत नौ पद भरे जाएंगे

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, देवघर, झारखंड ने नौ पदों पर आवेदन मांगे हैं। ये नियुक्तियां प्रोजेक्ट रिसर्च साइंटिस्ट-III, प्रोजेक्ट टेक्निकल सपोर्ट-II, प्रोजेक्ट नर्स-I और डाटा एंट्री ऑपरेटर पदों पर अनुबंध के आधार पर 11 माह के लिए की जाएंगी। योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार इसकी वेबसाइट से आवेदन पत्र डाउनलोड कर भर लें और मांगे गए दस्तावेजों के साथ 03 जून 2025 तक ई-मेल आईडी पर भेज दें।

**योग्यता :** पदानुसार 12वीं, संबंधित क्षेत्र में डिप्लोमा , स्नातक और स्नातकोत्तर की डिग्री या पीएचडी हो।

**आयु सीमा :** अधिकतम 25, 30 और 45 वर्ष से कम हो।

**चयन प्रक्रिया :** शॉर्टलिस्टिंग, साक्षात्कार और दस्तावेज सत्यापन ।

**शुल्क :** कोई शुल्क देय नहीं है।

**वेबसाइट : aiimsdeoghar.edu.in**

**इस ई-मेल आईडी पर भेजें आवेदन : harishkumarrameshkumar.pathology@aiimsdeoghar.edu.in**

### मेडिकल कंसल्टेंट के 13 पदों पर होंगी नियुक्तियां

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अनुबंध के आधार मेडिकल कंसल्टेंट के 13 पदों पर आवेदन मांगे हैं। योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों को इसकी वेबसाइट से आवेदन-पत्र डाउनलोड करना होगा। इसके बाद आवेदन-पत्र भरकर दस्तावेजों की स्वप्रमाणि फोटोकॉपी के साथ संस्थान के तय पते पर डाक से भेजना होगा। आवेदन स्वीकार होने की अंतिम तिथि 06 जून 2025 है।

**योग्यता :** भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय/ संस्थान से एलोपैथिक चिकित्सा प्रणाली में एमबीबीएस की डिग्री या समकक्ष योग्यता हो।

■ सामान्य चिकित्सा में स्नातकोत्तर डिग्री रखने वाले आवेदक भी इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।

■ आवेदक के पास किसी भी अस्पताल या क्लिनिक में मेडिकल प्रैक्टिशनर के रूप में एलोपैथिक चिकित्सा प्रणाली का अभ्यास करने का न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

**वेतनमान :** संस्थान तय करेगा।

**चयन प्रक्रिया :** शॉर्टलिस्टिंग और साक्षात्कार के आधार पर योग्य उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।

**आवेदन शुल्क :** किसी वर्ग के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।

■ **वेबसाइट : https://rbi.org.in**

**यहां भेजें आवेदन :**

■ निदेशक, मानव संसाधन प्रबंधन विभाग, भर्ती अनुभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई-400001

**ध्यान दें :** इस पृष्ठ के तहत प्रकाशित सूचनाएं विभिन्न स्रोतों से जुटाई जाती हैं। आवेदन करने और शुल्क जमा करने से पहले इसकी पड़ताल कर लें।

### अस्पताल में एक भी महिला डॉक्टर नहीं, बारिश होने पर छत से टपकता है पानी

# जर्जर भवन में चल रहा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मरीजों को परेशानी

**बिस्फी निप्र।** सीएचसी बिस्फी का भवन काफी जर्जर एवं जानलेवा बन गया है। करीब दस साल पहले ही इस भवन का निर्माण कराया गया था। निर्माण के कुछ दिन बाद से ही भवन के छत से पानी रिसना शुरू हो गया था जो अबतक जारी है।

अस्पताल परिसर में एक भी चापाकल नहीं है रोगियों को पानी पीने के लिए बाहर जाना पड़ता है। भवन का निर्माण बगैर ऊंचीकरण ही समतल स्थान पर कर दिया गया था परिणाम स्वरूप थोड़ी सी बारिश होने पर ही अस्पताल के चारों तरफ जल जमाव हो जाता है। अस्पताल में एक भी महिला डाक्टर नहीं है। डिलेवरी एएनएम के सहारे होता है। स्थिति गंभीर होने पर मरीजों को सदर अस्पताल मधुबनी या



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिस्फी का जर्जर भवन।

डीएमसीएच रेफर कर दिया जाता है। साफ- सफाई की बेहतर व्यवस्था नहीं होने से अस्पताल के चारों तरफ गंदगी देखने को मिलती है।

चिकित्सा प्रभारी अब्दुल बासित ने 21 मई को सीएचसी की खराब स्थिति का मुद्दा प्रखंड कार्यान्वयन समिति की बैठक में उठाया था। बैठक में तत्काल पीएचईडी से एक समरसेबुल चापाकल लगाने तथा भवन की मरम्मत कराने की मांग की थी। जिस पर अबतक कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

## 49 एएनएम ने किया योगदान

**बिस्फी।** बिस्फी सीएचसी को एक साथ 49 एनएम का सौगात मिला है। रविवार को नव नियुक्त एएनएमों ने चिकित्सा प्रभारी अब्दुल बासित के समक्ष योगदान दिया।

योगदान करने वाली एएनएमों में कुमारी रिभा सिन्हा, लाडली कुमारी, सीमा कुमारी, किरण कुमारी, पूजा कुमारी आदि शामिल है। योगदान करने के बाद सभी एएनएम काफी खुश नजर आ रही थी। मौके पर रमण कुमार, निशांत कुमार, राकेश कुमार आदि स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद थे।

## आशा ने सड़क पर पैदल मार्च कर जताया विरोध


शानिवार को मांगों के समर्थन में पैदल मार्च निकाल नारेबाजी करतीं आशा कार्यकर्ता।

**बेनीपट्टी, निज प्रतिनिधि।** शनिवार को दर्जनों आशा अपनी मांगों के समर्थन में बेनीपट्टी बाजार में पैदल मार्च निकालकर स्वास्थ्य प्रबंधन की उदासीनता के विरूद्ध जमकर नारेबाजी की।

जिससे आवागमन भी प्रभावित हुआ। चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले निकाली गई पैदल मार्च में शामिल आशा ने बताया कि आशा की नियमित कार्यों के बावजूद उन्हें समय से भुगतान नहीं किया जाता है। तीन जगहों पर आशा का चयन करना है पर स्वास्थ्य प्रबंधन द्वारा चयन में लापरवाही बरती जा रही है। वे अश्विन पोर्टल से किये गये भुगतान की जांच करने, आशा को आभा कार्ड, आयुष्मान कार्ड के लिए धमकी देने, मोबाइल पर सर्वे करने के लिए बाध्य करने, मानक के आधार पर आशा की बहाली के बदले मनमानी करने, बनकट्टा पंचायत में फैसलिटेटर की नियुक्ति करने, सरकारी कर्मचारी को आशा फेसलिटेटर में की गई बहाली की जांच करने आदि की मांग कर रहे थे।




## 'बच्चों की अच्छी शिक्षा व रोजगार के लिए करें वोट'


जयनगर में जसुपा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते प्रदेश महासचिव सुभाष कुशवाहा।

**जयनगर, निप्र।** जन सुराज पार्टी के प्रदेश संगठन महासचिव सुभाष कुशवाहा ने जयनगर में रविवार को कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अध्यक्षता अनुमंडल अध्यक्ष राम नारायण पंडित ने की। कहा कि अपने बच्चों की अच्छी शिक्षा व रोजगार के लिए लोगों को वोट करने को प्रेरित करें।

प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि जन सुराज बिहार की जनता के लिए एक बेहतर विकल्प के रूप में तैयार है। जन सुराज की सोच अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया जा रहा है। पूर्व जिला प्रवक्ता मनीष कुमार झा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रुपम कुमारी, पूर्व जिला संयोजक विरेन्द्र यादव, जिलाध्यक्ष वशिष्ठ नारायण झा, सुनील मंडल आदि मौजद थे।

## जन सुराज चलाएगी संपर्क अभियान

**बेनीपट्टी।** बेनीपट्टी अनुमंडल कार्यालय रोड स्थित जन सुराज पार्टी के कार्यालय सभाकक्ष में पार्टी कार्यकताओं की एक बैठक पार्टी के अनुमंडल अध्यक्ष हरे राम ठाकुर की अध्यक्षता में रविवार को संपन्न हुई। उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश संगठन महासचिव सुभाष कुशवाहा ने कहा कि संगठन को विस्तारित कर जन सुराज की सोंच को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। संगठन की मजबूती के लिए लोगों के बीच संपर्क अभियान चलाने की जरूरत है।

## पबजी खेल से संपर्क, एमपी की युवती पहुंची झंझारपुर

- मध्यप्रदेश पुलिस झंझारपुर पहुंचकर युवती को ले गयी अपने साथ
- नगर परिषद क्षेत्र के युवक से किया निकाह आरोपी हुआ फरार

**झंझारपुर , निज प्रतिनिधि ।** ऑनलाइन पबजी खेल से संपर्क में आई मध्यप्रदेश की युवती को झंझारपुर के एक युवक ने झांसा देकर अपने घर बुला लिया था। बाद में उससे निकाह कर लिया और पति-पत्नी के साथ रहने लगा। इस बीच मध्यप्रदेश के उमरजटिया थाने में युवती के पिता ने एफआईआर दर्ज करायी।

परिजनों के साथ झंझारपुर पहुंची एमपी पुलिस ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से युवती को बरामद कर लिया। पुलिस उसे अपने साथ ले गयी है। वहीं, आरोपी युवक भागने में सफल रहा, जिसे पुलिस तलाश रही है। मध्यप्रदेश के उमरजटिया थाना क्षेत्र निवासी ने अपनी 18 वर्षीया बेटी के अपहरण की प्राथमिकी 25 अप्रैल को दर्ज कराई थी। पुलिस व परिजन सोशल मीडिया अकाउंट के जरिये झंझारपुर पहुंचे। युवती के पिता ने मध्य प्रदेश के विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल व भाजपा नेताओं से भी पुत्री की बरामदगी में मदद करने की गुहार लगायी। रविवार को मध्यप्रदेश पुलिस के एएसआई सोनेलाल ठाकुर, सिपाही बलवीर सिंह व दो महिला सिपाही झंझारपुर पहुंचे। झंझारपुर पुलिस के सहयोग से लड़की को बरामद कर लिया।

जानकारी के अनुसार, नगर परिषद क्षेत्र के सुल्तान उर्फ मंगला का पुत्र सलमान उसे लेकर यहां आया था। वह 24 अप्रैल से यहीं था। लड़की के पिता और बहन के साथ बजरंग दल से रंजीत शाह, विश्व हिंदू परिषद के रितेश कुमार शर्मा व दरभंगा से भाजपा कार्यकर्ता सह पूर्व जिला परिषद सदस्य पवन साह, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विष्णु विज्ञान झा, निरंजन झा, वीएचपी के नगर संरक्षक नवीन ठाकुर आदि लोग थाना पहुंचे। इस बीच आरोपी लड़का घर से फरार हो गया। जानकारी है कि 18 दिन पहले आरोपी ने लड़की से निकाह भी कर लिया था। मध्य प्रदेश पुलिस के साथ आए पिता और बहन के साथ वह काफी मशक्कत के बाद जाने को तैयार हुई।

थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया की मध्य प्रदेश पुलिस ने सहयोग मांगा था। मामला वहीं दर्ज है। वहां न्यायालय में प्रस्तुत किया जाना है। आरोपी युवक फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

## युवाओं के बीच बांटी गयी अभ्यास प्रशिक्षण सामग्री

**जयनगर। निज प्रतिनिधि।** युवाओं में राष्ट्र सेवा का जज्बा होना चाहिये। सेना व पुलिस की नौकरी में भर्ती को सैकड़ों की संख्या में उत्साही युवाओं का इस मैदान में शारीरिक दक्षता का प्रशिक्षण लेना गर्व की बात है।

सेलरा गांव स्थित कमला नदी मैदान में प्रशिक्षण शिविर का उदघाटन प्रदीप प्रभाकर, सचिन चौधरी, अमित यादव, सेवा निवृत्त फौजी शिवनारायण यादव, जगदीश यादव, सरपंच बिनोद यादव व लक्ष्मी पासवान ने किया। जिसके बाद युवाओं के बीच में किट और गद्दा सहित कई अभ्यास सामग्री वितरण किया गया।

मौके पर संतोष कुमार यादव, धनिक लाल यादव, सरोज साह, श्याम पासवान, बचनदेव यादव, राज कुमार, राकेश साह, मंजू कुमारी, रंजन कुमारी, स्मृता कुमारी, प्रियंका कुमारी सहित थे।

## विकास पर उप मुख्यमंत्री से मिलकर की चर्चा

**जयमगर, निप्र।** प्रखंड के कमलावाड़ी गांव निवासी भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सीतामढ़ी जिला भाजपा के संगठन प्रभारी अरुण कुशवाहा ने शनिवार को उप मुख्य मंत्री सम्राट चौधरी से उनके कार्यालय में भेंट की। मिथिलांचल के विकास पर हुई शिष्टाचार मुलाकात में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। अरुण कुशवाहा ने बताया कि उप मुख्यमंत्री ने गम्भीरता से बातें सुनी व सरकार के स्तर से पहल करने का आश्वाशन दिया।


**Sardar Vallabhbhai Patel University of Agriculture & Technology, Meerut**

**Appointment Notice**

Applications are invited for teaching post of Professor-23, Associate Professor – 14 and Assistant Professor- 05 (Adv. No. 1/2025) in various colleges, non-teaching post of Senior Scientist cum Head -13 (Adv no. II/ 2025) in various Krishi Vigyan Kendra (KVK) and posts of Professor (05), Associate Professor (06) and Assistant Professor (08) under self-finance (Adv. No. III/ 2025) of College of Veterinary and Animal Sciences of the University. Eligibility conditions and further details for the above advertisement can be seen in university website **www.svpuat.edu.in and Recruitment Portal: www.recruitmentsvpuat.in** Last date of online application is 23.06.2025

**Director, Administration & Monitoring**



इण्डियन ओवरसीज़ बैंक
Indian Overseas Bank
आपकी प्रगति का सच्चा साथी
Good People to grow with
(भारत सरकार का उपक्रम)

**क्षेत्रीय कार्यालय:** नसीमा हाउस, दूसरा एवं तीसरा तल, पश्चिमी गाँधी मैदान, बिस्कोमान भवन के समीप, पटना-800001
**फोन:** 0612-2232663, **ईमेल:** 2016gad@iob.in

**शाखा स्थानांतरण के लिए महत्वपूर्ण सूचना**

हमारे सभी ग्राहकों को सूचित किया जाता है कि हमारी "**समस्तीपुर शाखा**" का पुराना परिसर 01 जून 2025 को **ग्राउंड फ्लोर, जगन्नाथ कॉम्प्लेक्स, चंदना सर्विस स्टेशन के दक्षिण, मोहनपुर रोड, समस्तीपुर-848101** में नए परिसर में स्थानांतरित होने जा रहा है। सोमवार यानी 02.06.2025 से बैंकिंग लेन-देन हमारे नए परिसर से किए जाएंगे।

**अधिकृत अधिकारी**
**इंडियन ओवरसीज बैंक**




# अत्यधिक बारिश

असम सहित पूर्वोत्तर के पांच राज्यों में तेज बारिश से 25 से ज्यादा लोगों की मौत दुखद और चिंताजनक है। पूर्वोत्तर के कुछ इलाकों में पहले से ही बाढ़ की स्थिति थी और रविवार की भारी बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त करके रख दिया। ब्रह्मपुत्र सहित असम की 10 प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। सवाल है कि अत्यधिक बारिश के क्या कारण हैं? इधर, दिल्ली और आसपास के इलाकों में तीन-चार बार भारी बारिश, आंधी, अंधड़, बिजली चमकना और खूब गड़गड़ाहट देखी गई है। बारिश का यह ढंग सामान्य नहीं है, ऐसा लगता है, मानो कोई भारी विपत्ति टूट पड़ी हो। कुछ प्रख्यात वैज्ञानिकों द्वारा लिखे गए शोधपत्र से पता चलता है कि देश भर में प्रतिदिन होने वाली अतिशय या अत्यधिक वर्षा लगातार बढ़ रही है, जिससे अचानक बाढ़ का खतरा बढ़ सकता है। *नेचर* पत्रिका में भी समय-समय पर इस विषय पर शोध प्रकाशित होते हैं, जिनमें चिंता का इजहार होता है।

एक शोध में मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिकों ने 1969 से 2010 के बीच दर्ज की गई बारिश के आंकड़ों का अध्ययन किया है और उन्हें साल-दर-साल भारी या अतिशय बारिश का प्रकोप बढ़ता दिख रहा है। अतिशय बारिश को जलवायु परिवर्तन से जोड़कर देखा जा रहा है, पर आंकड़ों के सहारे ज्यादा गहरे अध्ययन की जरूरत है। मौसम विज्ञान विभाग भारी बारिश संबंधी अनुमान तो लगा लेता है, पर किस इलाके में भारी बारिश की वजह से प्राकृतिक आपदा आएगी, यह बताना कठिन है। साल 2022 के वर्षा के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि असम व मेघालय के ज्यादातर जिलों में 48 लाख से अधिक लोग प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए थे। कुल 43 जिलों में से 79 प्रतिशत प्रभावित हुए। यह समझना चाहिए कि वर्षा को निम्नानुसार वर्गीकृत किया जाता है। भारी वर्षा का मतलब एक दिन में 64.5 मिमी से 115.5 मिमी बारिश, बहुत भारी वर्षा का मतलब- एक दिन में 115.6 मिमी से 204.5 मिमी और अत्यधिक भारी वर्षा का मतलब - एक दिन में 204.6 मिमी या उससे अधिक बारिश। अत्यधिक बारिश का मतलब है कि सारी चीजों को बहा ले जाने को बेताब बारिश। इसमें सबक यही है कि लोग केवल मजबूत जगहों पर ही अपना घर बनाएं और घरों की मजबूती का निरंतर ध्यान रखें।

**साल-दर-साल कम समय में ही भारी या अतिशय बारिश का प्रकोप बढ़ता दिख रहा है। अभी पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में भी यही खतरा देखा गया है।**

अत्यधिक बारिश के साथ ही एक बड़ी चिंता आकाशीय बिजली को लेकर भी है, ये घटनाएं लगभग पूरी दुनिया में बढ़ रही हैं। इस साल की ही अगर बात करें, तो भारत में मार्च-अप्रैल महीने में आकाशीय बिजली की घटनाओं की वजह से मरने वालों की संख्या में 184 प्रतिशत वृद्धि देखी गई है। साल 2021-22 में हुए एक अध्ययन में पाया गया था कि बिजली गिरने से मरने वालों में 94 प्रतिशत ग्रामीण ही होते हैं। पहले खेतों में किनारे पेड़ हुआ करते थे, जो आकाशीय बिजली की स्थिति में कवच का काम करते थे और खेत में काम करने वालों पर आंच नहीं आती थी, पर अब खेतों में पेड़ों की संख्या कम हुई है। ताड़ के पेड़ों को फिजूल समझकर काटा गया है, यह काम ओडिशा और बिहार में खूब हुआ है। बिहार में ताड़ के पेड़ों को बचाने को लेकर ज्यादा जागरूकता नहीं है, पर पिछले साल ओडिशा सरकार ने अपने स्तर पर ही राज्य में 20 लाख से ज्यादा ताड़ के पेड़ लगाने का फैसला लिया था। मतलब, चरम मौसम से जुड़ी घटनाओं या आपदाओं के समय सुरक्षित रहने के लिए हमें ऐसे अनेक छोटे-छोटे उपायों पर गौर करना होगा, ताकि हम अपने आसपास सुरक्षा घेरे को चाक-चौबंद रख सकें।

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 02 जून, 1950

## कण्ट्रोल की अन्धेरगर्दी

कण्ट्रोल अथवा नियंत्रण वस्तुतः लोगों को राहत पहुंचाने के लिए ही शुरू किये गये थे। युद्धजनित आवश्यकताओं के कारण सर्वसामान्य के उपयोग के लिए आवश्यक पदार्थों की जब कमी पड़ने लगी, तो यह स्वाभाविक था कि सुविधा-प्राप्त अथवा सम्पन्न वर्ग के अलावा भारी संख्या में सुविधाहीन अथवा असम्पन्न जो वर्ग है, उसको वे चीजें उपलब्ध न होतीं, अथवा होतीं भी, तो बहुत कम परिमाण और ऐसे मूल्य में, जो उसकी सामर्थ्य से मेल न खाता। अभाव की स्थिति से लाभ उठाने के स्वार्थ के कारण असम्पन्न वर्गों के लिए यह स्थिति विनाशक होती। इसीलिए, असम्पन्नों को अभाव और महंगाई से बचाने के उद्देश्य से, मूल्य-नियंत्रण (कण्ट्रोल) और खुराकबन्दी (राशन) को अपनाया गया। प्रयोजन यह था कि चीज यदि कम है, तो उसका ऐसा वितरण किया जाये, जिससे सुविधाहीनता के कारण कोई वर्ग उससे वंचित न रहे। इसमें बंधन होते हुए भी अच्छाई यह थी कि जीवन के लिए आवश्यक चीजें एक हद तक उचित मूल्य में हर एक को पहुंचने का आश्वासन था।

नियंत्रणों की इस उपादेयता को स्वीकार करते हुए भी यह मानना होगा कि जिनके हाथ में उनका संचालन रहा, वे उतने ऊंचे साबित नहीं हुए जितने कि उन्हें होना चाहिए था। फलतः नियंत्रणों में अनियमितता, अव्यवस्था, बल्कि भ्रष्टाचार के भी आरोप सामने आते रहे हैं। अभाव की स्थिति से स्वार्थ-साधन करने वाले वर्ग का तो इसमें रुकावट डालने वाले इस उपाय (नियंत्रण) से नाराज होना स्वाभाविक ही है, परन्तु जब सर्वसामान्य भी नियंत्रणों को बुरा कहते और उनसे असुविधा होना बताते हैं, तो मानना चाहिए कि नियंत्रणों की व्यवस्था में ही कहीं कोई खराबी या अन्धेरगर्दी है। बुधवार 31 मई को दिल्ली की हिन्दुस्तानी मर्केण्टाइल एसोसियेशन यानी कपड़े के भारतीय व्यापारियों की ओर से भारत-सरकार के नये उद्योग मंत्री श्री हरेकृष्ण महताब का स्वागत-समारोह आयोजित किया गया, उसमें इसका प्रत्यक्ष प्रमाण मिला। स्वागत समारोह की औपचारिक विधि के साथ-साथ व्यापारियों ने काम की यह बात भी कर डाली कि वस्त्र-नियंत्रण व्यवस्था के अन्तर्गत रखे जाने वाले विभिन्न मिलों के कपड़े के दामों की असमानता बताने के लिए कीमत लगे विविध कपड़ों का छोटा सा प्रदर्शन कर दिया। उद्योग मंत्री इससे खिन्न नहीं हुए।

# गाजा के पास सिर्फ गांधी का रास्ता



यहां स्कैन करें

सुरेंद्र कुमार | पूर्व राजनयिक

**गाजा में भूख से तड़पते लोगों की हालत पर संयुक्त राष्ट्र में उसके दूत को फूट-फूटकर रोते हुए गुहार लगानी पड़े, तो प्रश्न उठता है, क्या यह दुनिया दूसरों का दर्द महसूस करती है?**



लोग आज इंटरनेट, एक्स, फेसबुक, लिंक्डइन, वाट्सएप और इंस्टाग्राम के जरिये चौबीसों घंटे एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। इसमें भौगोलिक सीमाएं या जातिगत, धार्मिक व भाषायी भेदभाव कतई आड़ नहीं आते। माना यही जाता है कि इससे दुनिया करीब आ गई है! मगर क्या वाकई हम पहले की तुलना में भावनात्मक रूप से एक-दूसरे के नजदीक आए हैं? क्या हम दूसरों का दर्द ज्यादा महसूस करने लगे हैं? क्या उनकी पीड़ा से द्रवित होते हैं? अगर ऐसा नहीं है, तो क्या हम सचमुच आपस में जुड़े हुए हैं? मुझे महात्मा गांधी के प्रिय गुजराती कवि नरसिंह मेहता की यह पंक्ति याद आ रही है, जो प्रत्येक संवेदनशील व्यक्ति की भावना को जाहिर करती है- *वैष्णव जन तो तेने कहिए जे, पीड़ परायी जाणे रे...।*

हम टीवी स्क्रीन पर कुछ तस्वीरें लगातार देखते आ रहे हैं- गाजा में इजरायली सेना बमबारी कर रही है; फलस्तीनी शवों को उठाने के लिए दौड़ रहे हैं, जमींदोज इमारतों के मलबे से लाशें निकाल रहे हैं, उनको सफेद चादरों से ढक रहे हैं, ताबूत में डाल उनको कब्रों में दफना रहे हैं और आसमान की ओर हाथ उठाकर अपने रब से इस मुसीबत के फौरन खत्म होने की दुआ मांग रहे हैं। मगर उनकी दुआओं का असर नहीं हो रहा और मलबे से कब्र तक का सफर मुसलसल जारी है! जिंदा बच गए मां-बाप और बीवियों की चीख-पुकारें दर्शकों को नहीं झकझोर पातीं, सभ्य दुनिया के नेताओं को तो बिल्कुल भी नहीं!

जब भी यहां राहत और खाद्य सामग्रियों से भरे ट्रक आते हैं, तमाम मर्द-औरतों और बच्चों की बदहवास भीड़ उसकी तरफ दौड़ पड़ती है। अपने-अपने खाली कटोरे में एक-दो रोटी या मुट्ठी भर अनाज पाने के लिए वे एक-दूसरे से जूझते हैं। जब हफ्तों तक इन ट्रकों को यहां आने से रोक दिया जाता है, तो खाली कटोरे लिए हाथ बेबसी में शिथिल पड़ने लगते हैं। कई लोग अपनी दयनीय नियति को प्राप्त करते हैं और लगातार भूख से लड़ने के बाद आखिरकार दम तोड़ दे रहे हैं। डेढ़ साल से इन दृश्यों को देखते-देखते हम चेतना-शून्य हो गए हैं। हमें कुछ महसूस ही नहीं होता। हमारी आत्मा हमें नहीं झकझोरती। हम बस टीवी चैनल बदल देते हैं।

महात्मा गांधी, जिन्होंने जीवन भर अहिंसा की महत्ता समझाई, आखिरकार अपने ही देशवासी की गोलियों के शिकार हुए थे। उनकी हत्या के बाद भी अहिंसा और सविनय अवज्ञा के उनके संदेशों ने अमेरिका में डॉ मार्टिन लूथर किंग जूनियर व दक्षिण अफ्रीका में नेल्सन मंडेला जैसे लोगों को प्रेरित किया। महात्मा गांधी ने ब्रिटिश हुकूमत का अंत सुनिश्चित किया, जबकि तब कहा जाता था कि ब्रिटिश साम्राज्य का सूरज कभी अस्त नहीं होता। गांधीजी का जीवन और उनके दर्शन ने अमेरिका में नागरिक अधिकार आंदोलन को गति दी और दक्षिण अफ्रीका में श्वेतों के रंगभेद शासन को खत्म करने में मदद पहुंचाई।

गांधीजी ने अपने जीवन में दो सिद्धांतों पर खासा जोर दिया था- महान लक्ष्य महान साधनों से ही प्राप्त किए जाने चाहिए! और, यदि आपकी आंखों के सामने हिंसा हो रही है और आपके पास विरोध करने की क्षमता व प्रतिरोध के साधन हैं, फिर भी आप कुछ नहीं कर रहे, तो आप भी उस हिंसा के लिए उतने ही दोषी हैं, जितना हिंसा करने वाला।

हमास द्वारा 7 अक्तूबर, 2023 को इजरायल पर किया गया हमला और बेकसूर इजरायलियों को मारना व बंधक बनाकर ले जाना निस्संदेह एक बर्बर आतंकी हमला था, जो निंदनीय और अक्षम्य था। इसके दोषियों को न्याय के कठघरे में खड़ा करने और बंधकों को छुड़ाने की मंशा समझ में आती है, मगर हमास को सजा देने के लिए पूरी गाजा-पट्टी को बंजर बनाने, मीलों-मील उसे मलबे के ढेर में तब्दील करने और एक अंतहीन कब्रिस्तान में बदलने की इजाजत नहीं दी जा सकती! क्या 54,000 फलस्तीनियों की हत्या को जायज ठहराया जा सकता है, जिनमें 20,000 से अधिक बच्चे भी हैं? हमास ने जो किया, वह गलत था। मगर इजरायल जो कर रहा है, वह उससे हजारों गुना बड़ी गलती है। यह किसी नरसंहार से कम नहीं। क्या जान-बूझकर हजारों नागरिकों को भूखा रखना सबसे घिनौना मानवाधिकार उल्लंघन नहीं है?

मगर दुनिया भर के नेता फलस्तीन मसले पर अपनी आंखें मूंद लेते हैं, जबकि वे मानवाधिकारों की रक्षा, राष्ट्रों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमले का विरोध करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते रहते हैं। इजरायल जो कुछ कर रहा है, उसमें उन्हें कुछ भी गलत नहीं लग रहा। उन्होंने जैसे खुद को असहाय तमाशबीन बना रखा है। अमेरिका द्वारा इजरायल को राजनीतिक, आर्थिक व सैन्य समर्थन के साथ जो चाहे कर सकने की छूट देना कोई रहस्य नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति की नजरों में इजरायल कुछ गलत नहीं कर सकता। फलस्तीनियों की जान तो उनके लिए कोई मायने ही नहीं रखती। असल में, फलस्तीनी अमेरिका के चुनाव नतीजों को उस तरह नहीं बदल सकते, जिस तरह से इजरायल की लॉबी कर सकती है।

अरब नेता भी ढेर सारी सहानुभूति दिखाते हैं और फलस्तीनियों की हिमायत में तमाम बयान भी जारी करते हैं, लेकिन वे असहाय गाजावासियों पर हमले रुकवाने के लिए एकजुट होकर अमेरिका पर दबाव नहीं डालते। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की खाड़ी की हालिया यात्रा के दौरान एक देश के नेता ने लैवेंडर रंग का कालीन बिछवाया, तो दूसरे ने एक विमान भेंट की। उन्होंने 600 अरब डॉलर के निवेश का समझौता भी किया। मगर गाजा में फलस्तीनियों पर बमबारी रोकने और लंबे समय से अटके दो देश के सिद्धांत को लागू करने की समयबद्ध कार्ययोजना की सामूहिक मांग करने में वे विफल रहे।

कटु सच्चाई यही है, फलस्तीनी हथियारों से कभी इजरायल को नहीं हरा सकते। अमेरिका और प्रमुख पश्चिमी देश, यहां तक कि अरब व खाड़ी के नेता भी उनकी जान नहीं बचा पाएंगे। इसीलिए, गांधी के मार्ग पर चलते हुए क्यों न सभी फलस्तीनी पुरुष, महिला व बच्चे गाजा और पश्चिमी तट से पूरी तरह निहत्थे होकर बाहर निकलें और इजरायलियों से कहें कि वे उनको मार दें। इजरायली बमबारी में टुकड़े-टुकड़े होने की तुलना में अपनी भूमि और अधिकारों के लिए गांधीवादी तरीके से शहीद होना उनके लिए कहीं अधिक सम्मानजनक होगा। मगर इस साहसी मार्ग पर चलने से पहले हमास को बिना शर्त तमाम बंधकों को छोड़ देना चाहिए।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# नीलगायों को मार डालने का उपाय कितना मुनासिब



यहां स्कैन करें

पंकज चतुर्वेदी | वरिष्ठ पत्रकार

दो राज्यों में फैले बुंदेलखंड संभाग में सड़कें बहुत अच्छी बन गई हैं, मगर उन पर चलना जानलेवा होता जा रहा है। वजह? दरअसल, आए दिन इन सड़कों पर तेज गति से चल रहे वाहनों से एशिया की सबसे बड़ी हिरण प्रजाति रोजड़ या रोजा (नीलगाय, घोड़परास) का सामना हो जाता है। इसके कारण कई चालकों व दूसरे लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है।

मालवा के मंदसौर-नीमच में अफीम के कई किसान इस पशु के डर से खेती छोड़ चुके हैं। इस बलिष्ठ पशु का बड़ा झुंड जब किसी खेत में घुसता है, तो फिर वहां केवल तबाही के निशान बचते हैं। इनको न किसी लाठी का डर होता है और न ही ये इंसान पर हमला करने से डरते हैं। हाल ही में बिहार में लगभग 4,000 घोड़परास या नीलगाय को मारने के लिए 600 निशानेबाजों को काम सौंपा गया है। समस्तीपुर से लेकर सारण, वैशाली और नालंदा तक आम लोगों की अर्जियां आई हैं कि नीलगाय के आतंक से मुक्ति के लिए उनको इसे मारने की अनुमति दी जाए। पिछले वर्ष बिहार में आधिकारिक रूप से 4,279 नीलगायों को मारा गया था, जिनमें सर्वाधिक उस वैशाली जिले में मारे गए, जहां अहिंसा के पुजारी गौतम बुद्ध का अंतिम उपदेश हुआ था।

**नीलगाय की आबादी तेजी से बढ़ रही है। भले ही राज्यों में इनके नाम अलग-अलग हों, पर सभी जगह इनका आतंक एक जैसा है।**

गिर फाउंडेशन द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण (2020-21) के अनुसार, गुजरात में नीलगाय की आबादी पिछले 10 वर्षों में काफी बढ़ गई है। साल 2011 में यह 1,19,546 थी, जो बढ़कर अब 2,51,378 हो गई है। गौर करें, अमरेली में एशियाई गिर शेर का सबसे बड़ा कुनबा है और नीलगाय जैसे वन पशु उनका आहार होते हैं। इसके बावजूद उनकी संख्या बढ़ने की मूल वजह इनकी तेज प्रजनन-दर और गिर के शेरों का इस ताकतवर जीव से उलझने से बचने का स्वभाव है। उत्तर प्रदेश के राज्य कृषि विभाग के अनुसार, पूरे प्रदेश में लगभग 2.33 लाख नीलगाय हैं। ललितपुर, इटावा में इनका प्रकोप ज्यादा है। राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर और कर्नाटक में भी नीलगाय की आबादी पाई जाती है और कई जगहों पर यह काफी अधिक है। भले ही राज्यों में इनके नाम अलग-अलग हों, पर सभी जगह इनका आतंक एक जैसा है।

नीलगाय के लगातार हमलों से किसान बहुत परेशान और निराश हैं। इनकी वजह से कई ने किसानी छोड़ दी है, तो कुछ मामलों में भारी नुकसान से निराश किसानों ने आत्महत्या तक कर ली। नीलगायों से अपनी फसलों को बचाने के लिए किसानों को लगातार रात-दिन खेतों की रखवाली करनी पड़ती है, जो बेहद थका देने वाला काम है और बाड़ लगाने जैसे उपाय इतने खर्चीले हैं कि छोटे किसान यह कदम उठा नहीं सकते। हालांकि, कुछ राज्यों में नीलगाय को मारने की अनुमति दी गई है, मगर यह एक संवेदनशील मुद्दा है। कई लोग इसके नाम से 'गाय' शब्द जुड़ा होने के कारण इसे मारना पसंद नहीं करते।

तो क्या नीलगायों को मार डालना ही इनसे मुक्ति का एकमात्र निदान है? पंजाब कृषि विश्वविद्यालय में किरण रानी व भूपिंदर कौर बब्बर का एक शोध कार्य पिछले वर्ष प्रकाश में आया था- *मिटीगेटिंग ब्लू बुल मेनान्स : एसेसिंग सट्रेजीस फॉर सस्टेनेबल एग्रिकल्चर*। इसमें नीलगायों से खेती को निरापद रखने के कई विकल्प सुझाए गए हैं। उनमें एक यह भी है कि फसलों के चयन में यदि थोड़ी सी सावधानी बरती जाए, तो इस जंगली जीव को खेतों से दूर रखा जा सकता है, यानी ऐसी फसलें चुनें, जिन्हें नीलगायों द्वारा खाने की संभावना कम हो। बहरहाल, दो बातें विचार के योग्य हैं। आखिर यह शाकाहारी जानवर बस्ती की तरफ क्यों आ रहा है? दूसरी, जब पूरे देश में शेर वर्ग के जानवर बढ़ रहे हैं, तब नीलगाय उनका आहार क्यों नहीं बन रहे? क्या जंगल के जानवरों के आहार की प्रकृति बदल रही है?

हो सकता है नीलगायों को मारना इस समस्या का फौरी हल हो, पर इतने बड़े जीव को यूं बड़ी संख्या में मार देना नैसर्गिक न्याय व जीवन-चक्र के विपरीत है। इसके लिए वन्य प्रबंधन को इनके वजन व झुंड को बढ़ने से रोकना चाहिए। इनकी पसंदीदा वनस्पति जंगलों में अधिक उगाने जैसे उपाय किए जाने चाहिए।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

# कांटों का भी वजूद मानें

अभी-अभी एक खूबसूरत शेर पढ़ी- *गुलशन-परस्त हूं, मुझे गुल ही नहीं अजीज, कांटों से भी निबाह किए जा रहा हूं मैं।* यानी, मैं फूलों के बाग का प्रेमी हूं, लेकिन मुझे फूल ही प्यारे नहीं लगते, मैं कांटों से भी मोहब्बत करता हूं।

यह सुनने में तो बहुत अच्छा लगता है, लेकिन इस फलसफे को वास्तविक जीवन में उतारना आसान नहीं है। मन कल्पनाशील है, इसलिए सुंदर सतरंगी कल्पनाएं बनाकर लुभाता रहता है, मगर इसका अनुभव करना हो, तो कल्पना के आसमान से उतरकर सच के धरातल पर आना पड़ता है। कांटे, यानी जो भी दुखद है, जो भी नकारात्मक है, उसका स्वीकार। उसके प्रति तो हमें तिरस्कार ही सिखाया गया है, उसे हम अपने भीतर कहीं गहरे दबा देते हैं। जीवन को अच्छे और बुरे में बांटकर हमने खुद के साथ बड़ा अन्याय किया है। यह न केवल गलत है, बल्कि असंभव भी है।

जिंदगी आदमी के रूमानी ख्यालों से नहीं चलती, उसके अपने नियम हैं, जो बिल्कुल वैज्ञानिक हैं। हमारा पूरा अस्तित्व बना है तरंगों से; यह ऊर्जा का महासागर है और ऊर्जाएं स्वभावतः एक-दूसरे के विपरीत और परिपूरक होती हैं। जो विपरीत दिखाई देता है, वह दूसरे को सहारा देता होता है। मजे की बात है, दो विपरीत एक-दूसरे को सम्हालते हैं।

अगर आप चाहते हैं कि सच में आपके जीवन का फूल खिले, तो कांटों से दूर रहने की आदत छोड़ दें। ज्योति अंधेरे में ही जगमगाती है। पत्थर पर जब छेनी चलती है, तभी तो मूर्तियां निर्मित होती हैं। अगर पत्थर कह दे कि नहीं, छेनी मुझे बर्दाश्त नहीं, मुझे काटो मत। मैं जैसा हूं, मुझे वैसा ही रहने दो; तो वह अनगढ़ ही रह जाएगा। छेनी की चोट सहना उसके लिए जरूरी है। लोग कांटों से इसलिए बचते हैं कि उनके छिदने पर जो दुख होता है, जो खून बहता है, उसकी पीड़ा सहने की उनमें ताकत नहीं होती। कांटों से निबाह करना काफी नहीं है, कांटों से भी उतना ही प्रेम करना होगा, जितना फूलों से। अगर आपने कांटों से प्रेम न किया, तो आप प्लास्टिक के फूल ही खरीद लाएंगे, क्योंकि उन्हीं में कांटे नहीं होते।

जिंदगी के दोहरे चरित्र को भली-भांति पहचानिए। अगर आपने जिद की कि हम तो एक को ही पकड़कर जिएंगे, तो आपको यह भी मानना होगा कि आप एक ही पैर से चलेंगे, एक ही पतवार से अपनी नाव खे लेंगे। कभी एक ही पतवार से नाव खेकर देखी? न देखी हो, तो जरूर नदी पर जाकर देखना; उससे बड़ा अनुभव होगा। जब आप एक ही पतवार से नाव को खेओगे, तो वह गोल-गोल चक्कर लगाने लगेगी। जाएगी कहीं नहीं। ऐसी ही जिंदगी है। जाती कहीं नहीं, होता कुछ भी नहीं, चक्कर ही चक्कर! इसीलिए हमें दोनों पतवारें चाहिए। दोनों पतवारों के बीच नाव तीर की तरह चलने लगती है।

**अगर आप चाहते हैं कि सच में आपके जीवन का फूल खिले, तो कांटों से दूर रहने की आदत छोड़ दें। ज्योति अंधेरे में ही जगमगाती है। पत्थर पर जब छेनी चलती है, तभी तो मूर्तियां निर्मित होती हैं।**

अमृत साधना

एंटोनियो गुटेरस | संयुक्त राष्ट्र महासचिव



**साल 2024 में 14 संघर्षों में 36 हजार से ज्यादा आम नागरिक मारे गए, जिनमें बच्चे भी शामिल थे। युद्धों के भी नियम होते हैं, जिनका सभी को सम्मान करना चाहिए। नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।**

# किसानों के लिए हितकारी यह बढ़ोतरी

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने विपणन (मार्केटिंग) सीजन 2025-26 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दी है। यह कृषि और किसान-कल्याण की दृष्टि से एक स्वागतयोग्य कदम है। सुखद यह है कि केंद्र सरकार कृषि उत्पादन बढ़ाने के साथ ही साथ उत्पादन-लागत घटाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। अच्छी बात यह भी है कि सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए संशोधित ब्याज छूट योजना के अंतर्गत ब्याज छूट को जारी रखने और आवश्यक निधि व्यवस्था को भी मंजूरी दी है।

पिछले वर्ष से तुलना करें, तो इस बार एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि रामतिल (820 रुपये प्रति क्विंटल) के लिए की गई है, जिसके बाद रागी में 596 रुपये प्रति क्विंटल, कपास के लिए 589 रुपये प्रति क्विंटल और तिल के दाम में 579 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। एमएसपी में वृद्धि से उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य मिल सकेगा। कहना गलत नहीं होगा कि खरीफ सीजन 2025-26 के लिए 14 खरीफ फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी का यह एक ऐतिहासिक निर्णय है। एमएसपी में यह वृद्धि देश भर की औसत उत्पादन लागत का कम से कम 1.5 गुना सुनिश्चित करते हुए की गई है। वास्तव में, सरकार का यह निर्णय हमारे देश के किसानों को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने तथा उनकी आय बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम कहा जा सकता है। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, किसानों को उनकी उत्पादन लागत पर अपेक्षित मार्जिन बाजरा (63 प्रतिशत) के मामले में सबसे अधिक होने का अनुमान है, जिसके बाद मक्का (59 प्रतिशत), तुअर (59 प्रतिशत) और उड़द (53 प्रतिशत) का स्थान है। शेष फसलों के लिए किसानों को उनकी उत्पादन लागत पर मार्जिन 50 प्रतिशत होने का अनुमान है।

साफ है, आज कृषि और किसान-कल्याण के क्षेत्र में लगातार काम हो रहा है। किसानों को आज क्रेडिट कार्ड के तहत कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उनको सस्ते खाद, बीज दिए जा रहे हैं। उर्वरकों पर सब्सिडी दी जा रही है। इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से उनकी न्यूनतम आय सुनिश्चित करने की कोशिश हो रही है। इस पृष्ठभूमि में, केंद्र सरकार ने खरीफ की फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की है। अब जरूरत यह है कि इस पर प्रभावी निगरानी रखी जाए और इसे सही तरीके से लागू किया जाए।

**सुनील कुमार महला**, टिप्पणीकार

अनुलोम-विलोम

न्यूनतम समर्थन मूल्य



# सरकारी दामों पर नहीं बिकती फसलें

सरकार ने सोयाबीन के लिए एमएसपी बढ़ाकर 5,328 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है, जबकि मंडी में यह किस भाव में बिकता है, यह सभी को पता है। जब फसलें समर्थन मूल्य से 1,000-1,500 रुपये कम कीमत पर बिक रही हैं, तब समर्थन मूल्य बढ़ाने से क्या फायदा? पूरे देश में किसान इसीलिए आंदोलन करते रहे हैं कि एमएसपी की गारंटी का कानून बने। मंडी में बोली इसी मूल्य से शुरू हो और इससे कम में खरीदी करने वाले व्यापारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो। मगर कुछ लोग किसानों को खालिस्तानी और गद्दार कहने लगते हैं। ऐसे में, यही पंक्ति गुनगुनाने का मन करता है- किसान तू रहेगा मौन, तो तेरी सुनेगा कौन?

**सचिन पटेल**, टिप्पणीकार

**जब** देश में खाद्यान्न का अभाव था और सरकार को विदेशों से अनाज मंगाना पड़ता था, जो आमतौर पर कम गुणवत्ता का होता था, तब तत्कालीन सरकार ने एमएसपी व्यवस्था लागू कर फसलों को संरक्षण देकर किसानों से देश का भंडार भरने का आग्रह किया। इस प्रकार हरित क्रांति के दौर में किसानों ने देश को खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बना दिया। सीएसीपी की रिपोर्ट कहती है कि केंद्र सरकार चंद फसलों का मूल्य तय करती है, जो न्यूनतम समर्थन मूल्य कहलाता है। इससे कम कीमत पर फसल के बिकने पर किसानों को खासा नुकसान होता है। यह समर्थन मूल्य हमारे देश में केवल 22 अनिवार्य फसलों के लिए तय किया जाता है, जिनमें फल या साग-सब्जी शामिल नहीं हैं। 2015 में गठित शांता कुमार कमेटी की रिपोर्ट की मानें, तो केवल छह फीसदी किसानों को ही एमएसपी का लाभ मिलता है, यानी शेष बचे 94 प्रतिशत किसान इसके लाभ से वंचित रह जाते हैं। इसे आसान भाषा में कहें, तो सरकारी खरीद के अतिरिक्त किसानों को मंडी या खुले बाजार में न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिलता है। कृषि उपज बाजार समिति अधिनियम के तहत यह प्रावधान भी है कि मंडी में पहली बोली न्यूनतम समर्थन मूल्य से शुरू होनी चाहिए, परंतु वास्तव में इसका पालन नहीं होता। बोली समर्थन मूल्य के नीचे से शुरू होती है और किसान जरूरी लाभ से वंचित रह जाता है। ऐसे में, यदि समर्थन मूल्य पर खरीदी की गारंटी का कानून बने, तो किसानों को कम से कम न्यूनतम समर्थन मूल्य तो मिलेगा, जिससे उनकी आय सुनिश्चित हो सकेगी। यह बात ध्यान में रखी जानी चाहिए कि देश की आधी से अधिक आबादी खेती से अपना गुजारा कर रही है। अगर उनके हाथ खाली रहे, तो देश की अर्थव्यवस्था को भी नुकसान होगा।

**राहुल राज**, टिप्पणीकार

# जिंदगी की दौड़ में खुश रहना सीखें

**कभी ठहरकर खुद से यह सवाल किया है कि हर समय कुछ बड़ा करने की आपकी इस दौड़ का आखिर हासिल क्या है? जिंदगी जीने के आपके इस तरीके में ऐसा तो नहीं कि आप हर दिन स्वयं को जिंदगी से दूर कर रहे हैं? मंजिल तक पहुंचने की कोशिशों में यात्रा का आनंद भी बना रहे, ये ध्यान रखना जरूरी है।**




मार्क श्रोडर
सॉफ्टवेयर इंजीनियर और माइंडफुलनेस टू गो ऐप के क्रिएटर। ध्यान के जरिये अर्थपूर्ण जीवन जीने पर जोर

अपने लक्ष्यों को पाने के लिए मैंने हमेशा बहुत मेहनत की है और उन्हें हासिल भी किया है। मेरे साथी भी मेरे स्पष्ट लक्ष्यों और समस्याओं से निबटने की योग्यता के कायल रहे हैं। मैं हमेशा से एक योग्य, मेहनती और विश्वसनीय कर्मचारी रहा हूं। लेकिन, हमेशा से मेरे मन में स्वतंत्र होने की इच्छा दबी रही। ये इच्छा बाहरी दुनिया से नहीं, बल्कि अपने भीतर चल रहे तनाव, दुखदाई अनुभवों और जटिल भावनाओं से आजादी पाने की रही। सुनने में शायद अजीब लगे, लेकिन मैं भविष्य में खुद को खुशहाल देखना चाहता था और इसके लिए जी-तोड़ मेहनत करने के लिए तैयार था।

समय बीतने के साथ अब जाकर मुझे समझ आता है कि ये सब इतना आसान नहीं था। लेकिन, मुझे मेहनत करनी आती थी। इसलिए, अपने अंतर्मन की आजादी के लिए भी मैंने हर संभव प्रयास किए।

मैंने बहुत-सी चीजों को आजमाया और अंत में बौद्ध धर्म से जुड़ गया। मेरे विचार से इस धर्म में खुशियों को प्राप्त करने के स्पष्ट निर्देशों, तरीकों और मार्ग ने मुझे अपनी ओर आकर्षित किया। इससे मुझे अपने लक्ष्यों को ज्यादा बेहतर ढंग से समझने और आंतरिक स्वतंत्रता प्राप्त करने में बहुत मदद मिली। अपने बिखरे हुए विचारों के साथ बैठकर मैंने अपनी सांसों पर भी ध्यान दिया था। घंटों तक एक ही कष्टदाई मुद्रा में बैठ कर मैंने मंत्रोच्चरण का अभ्यास भी किया।

मुझे लगता है कि मेरी पत्नी ने बहुत पहले ही भांप लिया थी कि अपने लक्ष्य हासिल करने के मेरे तरीके सेहतमंद नहीं हैं। उसने बताया कि बहुत लंबा ध्यान लगाने के बाद कैसे मैं अपने चेहरे पर जबरदस्ती की मुस्कान लिए आता हूं। लेकिन, मैंने उसकी बातों पर ध्यान नहीं दिया।

लेकिन जितना ज्यादा मैं प्रयास करता, उतना ही क्रोध मेरे अंदर भरने लगा। मैं मानसिक शांति पाना चाहता था और इसके लिए मैंने दुनिया में जीने की बजाय स्वयं को उससे और अधिक काटना शुरू कर दिया। एक बार मैंने एक पोस्टकार्ड पर एक चित्र देखा, जिसमें एक तोता अपने पिंजरे से बाहर निकल रहा था। उसके गले में लटकी तख्ती पर लिखा था, 'स्वतंत्र होना आसान नहीं है।' मैं भी कुछ ऐसा ही महसूस करने लगा था।

लेकिन, जब मेरा दिमाग थक गया और मेरी शादी टूटने के कगार पर पहुंच गई तो मैंने थेरेपी लेना शुरू किया, जिससे मेरे जीवन में बदलाव आने लगा। मुझे अपनी संकीर्ण सोच के बारे में पता चला कि कैसे मैं हमेशा कुछ बड़ा हासिल करने का व्यर्थ प्रयास करता रहा। जीवन को वास्तव में जीने के प्रयास में मैंने स्वयं को बिल्कुल अकेला कर लिया था।

> **एक मछली स्वयं पानी में है। तब भी दूसरी मछली से पूछे कि पानी कैसा है? यह बिल्कुल ऐसा ही है कि सब कुछ हमारे आसपास है, हम अनुभव कर रहे हैं, पर ध्यान कहीं और ही है।**

ऐसा नहीं है कि ये पता चलने के बाद मेरा जीवन चुटकियों में बदल गया। लेकिन, मेरे अंदर की चेतना अवश्य जाग गई थी और तब से आज तक वही मुझे सही रास्ता दिखाने का काम कर रही है। मुझे आज भी यह सोच कर हैरानी होती है कि इतने वर्षों तक मुझे ये सब स्पष्ट रूप से क्यों नहीं दिखाई दिया?

महत्वपूर्ण बात चेतन रहते हुए जीना है, क्योंकि यह एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। अब मैं अपनी भावनाओं के उतार-चढ़ाव पर पूरा ध्यान देता हूं और समय-समय पर रुककर देखता हूं कि कहीं दोबारा तो किसी अंधी दौड़ में शामिल नहीं हो गया हूं। मैं समझ गया हूं कि सब कुछ हासिल कर पाना संभव ही नहीं है और जिंदा रहने का भाव भी स्वाभाविक रूप से ही पैदा होता है। जिस समय जहां हैं, उस माहौल को महसूस कीजिए, कठिन समय से डरिए मत और अच्छे पलों का भरपूर आनंद लें। मैं ध्यान अब भी लगता हूं, लेकिन अब घंटों अकेले बैठने की बजाय, रोजमर्रा के जीवन में ही इसका अभ्यास करता हूं।

यदि आप भी स्वयं को उलझा हुआ महसूस करते हैं तो इन नियमों से मदद मिल सकती है।

### मंजिल नहीं सही दिशा चुनें

अपने जीवन की बागडोर अपने हाथों में लेकर स्वयं रास्ते बनाएं। इसके लिए आपको अभी से स्पष्ट रणनीति की जरूरत नहीं, क्योंकि आगे बढ़ते हुए रास्ते अपनेआप बनने लगेंगे। व्यावहारिक दुनिया में लक्ष्य निर्धारित करके उन्हें प्राप्त करना एक अलग बात है। जैसे, उच्च शिक्षा प्राप्त करना या रहने के लिए अच्छे घर की तलाश करना। पर, आंतरिक शांति प्रयास करके भी हासिल नहीं की जा सकती है। इसलिए, खुद पर दबाव न डालें।

### स्वयं को समय दें

अपने आप से सहानुभूति रखना सबसे कठिन काम है। जीवन में संघर्ष चलता ही रहता है, लेकिन कुछ और ज्यादा बेहतर करने के लिए स्वयं को उसमें झोंक देना समझदारी की बात नहीं है। हम पूरी उम्र कुछ नया सीखते और अनुभव करते रहते हैं, इसलिए जल्दबाजी करने की कोई जरूरत नहीं है। इसकी बजाय स्वयं से प्रेम करें और जीवन के नए अनुभवों को महसूस करने में अपनी ऊर्जा लगाएं।

### अपने अंतर्मन से जुड़ें

कोई भी निर्णय लेने से पहले अपने अंतर्मन से अवश्य पूछें कि उसे कैसा महसूस हो रहा है? अपने शरीर के संकेतों को पहचानें, क्योंकि कुछ अच्छा या बुरा होने से पहले हमारा मन और शरीर उसके बारे में संकेत देने शुरू कर देता है। इससे न केवल आप सही निर्णय ले पाएंगे, बल्कि विपरीत परिस्थितियों में भी आपका संयम बना रहेगा।

tinybuddha.com

काम की बात

# ये आदतें हर उम्र में रखेंगी दुरुस्त



**शरीर स्वस्थ रहे, चेहरे पर मुस्कान हो और अपनों के साथ मिलकर हम सहज बुद्धि से काम करते हुए आगे बढ़ सकें, इतनी कोशिश हमें करनी ही चाहिए। बढ़ती उम्र के साथ हम अपना जीवन पूरी जिंदादिली से जी सकें, इसके लिए हमें अपनी सोच और जीवनशैली दोनों पर काम करना होगा।**

### चलते रहें

हमारा शरीर चलने के लिए ही बना है। उम्र बढ़ गई है या अब चला नहीं जाता, जैसी बातें खुद पर हावी न करें। यह सही है कि उम्र बढ़ने के साथ तन-मन की सक्रियता कम हो जाती है। इससे झुंझलाएं नहीं। सहजता से इसे स्वीकारें और जहां तक संभव हो चलने के बहाने ढूंढ़ते रहें।

### चिड़चिड़ाए नहीं, गहरी सांसें लें

बड़ी उम्र में कभी तन को मन का साथ नहीं मिलता तो कभी मन के विचारों से हमारा तन तालमेल नहीं बन पाता। ऐसे में झुंझलाहट और चिड़चिड़ाहट बढ़ने लगती है। जब ऐसा लगे तो 5 से 10 मिनट गहरी सांस लेने का अभ्यास करें। नियमित ध्यान क्रियाएं करें। जाप करें, सकारात्मक बातें दोहराएं।

### मुस्कराते रहें, हंसते रहें

उम्र बढ़ने के साथ अकसर बुजुर्गों के चेहरे से हंसी गायब होने लगती है। कई बार उनका पूरा- पूरा दिन बिना मुस्कराए बीत जाता है। हो सकता है कि स्थितियां ही अनुकूल न हों, पर जितना हो सके, मुस्कराते रहें। इनसान की मुस्कुराहट सबसे खूबसूरत होती है। मुस्कराते रहने की आदत हमारा व्यक्तित्व बदल देती है। दूसरे लोग भी हमसे जुड़ना पसंद करते हैं।

**ये बातें भी रखें ध्यान**

- शरीर में अकड़न न बढ़े, इसलिए रोज व्यायाम करें। खासकर, शरीर के निचले हिस्सों में बेहतर रक्तसंचार का होना दर्द, सूजन व अकड़न कम करता है।
- धूप शरीर के लिए अमृत का काम करती है। गर्मियों में कुछ देर सुबह की ऊष्मा का आनंद लें।
- भोजन को चबा-चबाकर खाएं। एसी में बैठे रहते हैं तो भी थोड़ा-थोड़ा पानी पीते रहें।

### अकेलेपन का आनंद लें

बढ़ती उम्र के साथ अकसर लोग खुद को दूसरों से कटा हुआ महसूस करते हैं। कई बार उनके अपने, चाहकर भी उनके लिए पर्याप्त समय नहीं निकाल पाते। हमें अकेलेपन और एकांत का अंतर समझने की जरूरत है। अकेलापन जहां हमें डराता है, वहीं एकांत शांति और सुकून देता है। खुद से अच्छी बातें करें। बीती अच्छी बातें याद करें। खाली समय में अपनी पसंद के काम करें।

### दिमागी कसरत करते रहें

दिमाग के लिए आराम जरूरी है। पर, आराम ही करते रहना सुस्ती और थकान बढ़ाता है। हम जरूरी कामों की भी अनदेखी करने लगते हैं। जब भी मौका मिले नई-नई चीजें सीखने का प्रयास करें। गणित के सवाल हल करें, पहेली, शतरंज और नई-नई भाषा सीखने की कोशिश करें। नई पीढ़ी की जो बातें समझ नहीं आती हैं, उन्हें समझने में समय लगाएं।

### जो अच्छा लगे वही करें

अपनी पसंद का काम करते समय किसी तरह का अपराधबोध मन में न रखें। अपना ध्यान रखना खुदगर्जी नहीं है। कहते हैं कि उम्र बढ़ती है, तो बचपना भी बढ़ने लगता है। लिहाजा, बच्चा बनने में संकोच न करें। बच्चे वही करते हैं, जो उन्हें पसंद होता है। उसी तरह कभी-कभी आप भी वही करें, जो आपका मन करे। दूसरों की नजर में अच्छा बनने के लिए ऐसी बातें न सहें, जो आपको पसंद नहीं है या गलत लगती हैं।

### हमेशा घर में न रहें

उम्र बढ़ने के साथ अकसर लोग बाहर निकलने से बचने लगते हैं। पूरा दिन घर में बिता देते हैं। जबरदस्ती सोने की कोशिश न करें, न हर समय टीवी या फोन में लगे रहें। दूसरों से मिलने-जुलने के मौके तलाशें। कम से कम सुबह और शाम घर से बाहर जरूर निकलें।

### जब मौका मिले, दूसरों की मदद करें

दूसरों का भला करना अपना भला करना है। दूसरों को सहयोग करना, हमारे अपने भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।

**डॉ. दिनेश कपूर,** फिटनेस कोच

विविध


# क्या घर लेकर आते हैं नौकरी का तनाव



**आपके** पेट्स भले ही आपकी डेडलाइन्स और पीपीटी नहीं समझते, पर वे आपको समझते हैं। साइंटिफिक रिपोर्ट्स में छपे हाल के एक अध्ययन के अनुसार, नौकरी से जुड़े तनाव का असर आपके पेट्स पर भी पड़ता है। इस नए अध्ययन में 85 ऐसे कामकाजी लोगों को शामिल किया गया, जो अपने पालतू कुत्तों के साथ रहते थे। ऑनलाइन सर्वे में उम्मीदवारों से उनकी नौकरी से जुड़े तनाव, घर में होने पर भी ऑफिस के कामों की चिंता और कुत्तों के व्यवहार के संबंध में सवाल पूछे गए। विशेषज्ञों के अनुसार, जो कामकाजी लोग, खुद को मानसिक स्तर पर अपने ऑफिस के काम से अलग नहीं कर पाते। घर में उनकी भावनात्मक मौजूदगी कम हो जाती है। कुत्ते बेहद संवेदनशील होते हैं, जो व्यक्ति के चेहरे के हाव-भाव से लेकर उनकी टोन को भी बखूबी जानते हैं। ऐसे में उनके मालिक का तनाव उनके पालतू जानवर के लिए भी तनाव का कारण बन जाता है।

इस असर से बचने के लिए जरूरी है कि लोग काम और घर में संतुलन बनाएं। घर में होने पर अपने पेट्स के साथ कुछ देर खेलने और बाहर टहलने का नियम बनाएं। पेट्स के आसपास होने पर अपने मूड व आवाज की टोन का ध्यान रखें।

# अपने कर्म अच्छे और दूसरों के बुरे!



**अच्छे** कर्म, अच्छा फल देते हैं और बुरे कर्मों की सजा मिलती है, बहुत सारे लोग ऐसा मानते हैं। पर, साइकोलॉजी ऑफ रिलिजन एंड स्प्रिचुएलिटी में छपे एक नए अध्ययन के अनुसार, कर्म से जुड़ी हमारी यह सोच इस पर निर्भर करती है कि बात हमारे कर्मों की है या दूसरों की। जब बात हमारी होती है तो अपने साथ हुई अच्छी बात का श्रेय हम अच्छे कर्मों को देते हैं, भले ही उसका कोई सीधा जुड़ाव हमें नहीं दिखता। वहीं, जब दूसरों के साथ बुरा होता है तो हम इसे उनके पाप कर्मों की सजा मान लेते हैं। अपने संबंध में हमारा ध्यान अच्छे कर्म पर होता है, वहीं दूसरों के लिए हम बुरे कर्मों पर ध्यान देते हैं। शोधकों के अनुसार, हमारी इस सोच से दो तरह की मानवीय इच्छाओं की पूर्ति होती है। एक, हम खुद को नैतिक रूप से अच्छा व सफलता का हकदार मानते हैं। दूसरा, ब्रह्मांड की न्याय व्यवस्था पर भरोसा करने पर हमें यह आधार मिल जाता है कि दूसरों के साथ वो हो रहा है, जिसके वे हकदार थे।

कुल मिलाकर, जब हम तर्कसंगत ढंग से कुछ नहीं कह पाते, तब भावनात्मक और संज्ञानात्मक अंतराल को भरने के लिए कर्म का प्रवेश होता है और हम सुख और दुख दोनों में तालमेल बना पाते हैं।

एकदा

# कलह

**एक** बार, एक राजा ने एक कैदी को किसी गलतफहमी में आकर ऐसे अपराध के लिए मौत की सजा सुनाई जो अपराध उसने किया ही नहीं था। सजा सुनकर कैदी बहुत दुखी हुआ। वह बादशाह को गालियां देने लगा। चूंकि, कैदी दरबार के आखिरी कोने में खड़ा था, इसलिए उसकी गालियां बादशाह को सुनाई नहीं पड़ रहीं थीं।

बादशाह ने अपने वजीर से पूछा कि वह क्या कह रहा है? इस पर वजीर ने बताया, 'महाराज, कैदी कह रहा है कि वे लोग कितने अच्छे होते हैं, जो अपने क्रोध को पी जाते हैं और दूसरों को क्षमा कर देते हैं। यह सुनकर बादशाह को बहुत अच्छा लगा और बादशाह को उस कैदी पर दया आ गई। उसने कैदी को माफ कर दिया। लेकिन, दरबारियों में एक व्यक्ति था, जो वजीर से बहुत जलता था। उसने कहा, 'महाराज, वजीर ने आपको गलत बताया है। यह व्यक्ति आपको गंदी-गंदी गालियां दे रहा है। आप इसको माफ मत करिए।'

उसकी बात सुनकर बादशाह गुस्सा हो गया और दरबारी से बोला कि मुझे वजीर की बात ही सही लगी। इसने अगर झूठ भी बोला है तो किसी की भलाई के लिए। इसके अंदर भलाई का जज्बा है। तुम दरबार में रहने के योग्य नहीं हो। तुम्हें तुरंत बेदखल किया जाता है।

## रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता-पिता की सेहत का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। नौकरी में तरक्की के मार्ग बढ़ेंगे।

**वृष :** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। संतान सुख में वृद्धि होगी। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। पिता से धन प्राप्ति के योग हैं।

**मिथुन :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। माता की सेहत का धन रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में बाधा का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क :** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह :** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा। पर, कार्यक्षेत्र में बदलाव के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है।

**कन्या :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पर, मन परेशान हो सकता है। आत्मसंयत रहें। बेकार के क्रोध तथा वाद-विवाद से बचें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**तुला :** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पर, मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों के सहयोग से नौकरी के मौके मिलेंगे।

**वृश्चिक :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पर, मन परेशान हो सकता है। संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु :** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। कारोबार में लाभ के मौके मिलेंगे।

**मकर :** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। कारोबार में सुधार होगा।

**कुंभ :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। किसी अज्ञात भय से मन परेशान हो सकता है। माता-पिता की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। लाभ में वृद्धि होगी।

**मीन :** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। मन अशांत हो सकता है। संतान की सेहत का ध्यान रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

**02 जनू,** सोमवार, **शक संवत् :** 12 ज्येष्ठ (सौर) 1947, **पंजाब पंचांग :** 19 ज्येष्ठ मास प्रविष्टे 2082, **इस्लाम :** 05 जिल्हिजा 1446, **विक्रमी संवत् :** ज्येष्ठ शुक्ल सप्तमी रात्रि 08.36 बजे तक पश्चात अष्टमी तिथि, मघा नक्षत्र रात्रि 10.56 बजे तक उपरांत पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र, गर करण, चंद्रमा सिंह राशि में (दिन-रात)।


**सूर्य उत्तरायण।** सूर्य उत्तर गोल। ग्रीष्म ऋतु। प्रात: 07.30 बजे से प्रात: 09 बजे तक राहुकालम्। भद्रा रात्रि 08.36 बजे से। गण्डमूल रात्रि 10.56 मिनट तक।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**हम अपने घर का गृह प्रवेश करने वाले हैं। कृपया बताएं कि हमें क्या-क्या करना चाहिए?**
**-राजीव रंजन,** दिल्ली

- आपके गृह प्रवेश वाले दिन आपके आने से पहले घर की सफाई हो जानी चाहिए। गृह प्रवेश वाले दिन घर में झाड़ू नहीं दिखाई देनी चाहिए। झाड़ू को किसी आड़ में रखें।
- परिवार के किसी सदस्य को घर में खाली हाथ प्रवेश नहीं करना चाहिए।
- इस दिन कन्या पूजन करना बहुत शुभ होता है।
- गृह प्रवेश वाले दिन परिवार के किसी भी सदस्य को काले या फिर नीले रंग के वस्त्र नहीं पहनने चाहिए।

### वर्ग पहेली : 7984



**बाएं से दाएं**
1. उत्तर काल में; उसके उपरांत; उसके बाद; फिर (5)
6. समाधान निकालना; सुलझाना (2,3)
7. सीधा; सरल; साधारण (2)
8. आदर करना; इज्जत रखना (2,3)
11. दोष; कमीबेशी (2,3)
12. रूई का बटा हुआ डोरा; तंतु; धागा; सूत्र; रथ हांकने वाला; सारथि (2)
15. घुमावदार; चक्कर वाला; पेच वाला; फेर वाला (5)
16. क्रोध से नथने फुलाना; घृणा प्रकट करना; हेय दृष्टि से देखना (2,3)

**ऊपर से नीचे**
1. तदनुसार, उसके अनुसार; पहले वाले के ही अनुसार (5)
2. पोषण होना; हृष्ट-पुष्ट होना; हिंडोला (3)
3. ध्वस्त करना; नष्ट-भ्रष्ट करना; पूरी तरह से तोड़ना-फोड़ना; बरबाद करना (3,3,3)
4. चीरना; फाड़ना (2,3)
5. कोना; छोर; सिरा; कूल; तीर; तट (3)
9. ज्यादा समय लेना; विलंब करना; समय पर न पहुंचना (2,3)
10. आक्रमण करने के लिए अवसर की तलाश में रहना; ताक में रहना; उपयुक्त अवसर की प्रतीक्षा में रहना (2,3)
13. पैसे लेकर देना; दाम लेना; बिक्री करना; विक्रय करना (3)
14. आगमन; गंतव्य प्राप्ति; पहुंचने की क्रिया; प्रहार सीमा; पैठ; जानकारी (3)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 7983

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1नी | ला | 2म | हो | 3ना | ■ | 4म | 5म | ता |
| ल | ■ | ही | ■ | दा | ■ | ■ | हा | ■ |
| 6ग | म | न | ■ | 7न | 8र | के | स | री |
| ग | ■ | ■ | 9धा | ■ | स | ■ | म | ■ |
| 10न | 11शा | कि | र | कि | रा | क | र | 12ना |
| ■ | ब्दि | ■ | दा | ■ | ज | ■ | ■ | म |
| 13चू | क | क | र | 14ना | ■ | 15श | ह | र |
| ■ | यु | ■ | ■ | मि | ■ | मि | ■ | ख |
| 16यु | द्ध | क | ■ | 17त | न | त | ना | ना |

### सुडोकू : 7966

* आसान

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 7 | 5 | | 2 | 1 | 6 | |
| | | 5 | | | | 7 | | |
| | 3 | | | | | | 5 | |
| | | 4 | 2 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 2 | | | | | | 8 | 3 |
| | | 8 | 6 | | 3 | 2 | | |
| | 9 | | | | | | 4 | |
| | | 6 | | | | 9 | | |
| | 1 | 3 | 9 | | 8 | 6 | 2 | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 7965

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 7 | 3 | 8 | 1 |
| 7 | 8 | 6 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 2 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 9 | 3 | 7 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 3 | 7 | 5 | 2 | 9 | 4 | 6 | 1 | 8 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 2 | 9 | 8 | 6 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 4 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 9 |

# डायरिया से बच्चों को बचाने के लिए सफाई संग पौष्टिक खाना जरूरी

## डॉक्टर की सलाह

**पटना, कासं।** मौसम में हो रहे उतार-चढ़ाव के कारण अभी डायरिया का प्रकोप बढ़ रहा है। पहले इस मौसम में जहां इक्का-दुक्का मामले बच्चों में डायरिया के आते थे, वहीं अब इनकी संख्या बढ़ गई है। यह वायरस के कारण होता है। ऐसे में इससे बचाव के लिए साफ-सफाई बेहद जरूरी है। बच्चों को इससे बचाव के लिए स्वच्छ और पौष्टिक खाना दें। साथ ही समय-समय पर बच्चे को पानी पिलाते रहें। ताकि उनमें निर्जलीकरण की समस्या न हो।

ये सलाह हिन्दुस्तान के पाठकों को पीएमसीएच के सह प्राध्यापक (शिशु रोग विभाग) डॉ. अनिल कुमार तिवारी ने रविवार को फोन पर दी। उन्होंने बताया कि बदलते मौसम में खासकर गर्मी से बरसात में स्ट्रीट फूड से परहेज करें। अगर उल्टी होती है तो ओरआरएस का घोल घर में जरूर रखें और उल्टी होने पर बच्चे को पिलाएं। बच्चों को सर्दी-खांसी और नाक बंद की समस्या हो तो स्थानीय डॉक्टर की सलाह पर नेजल ड्रॉप दें। अगर बुखार है तो परामर्श से पारासीटामोल दें। बुखार ठीक नहीं होने पर डॉक्टर को दिखाएं। उन्होंने बताया कि अगर बच्चे की सांस की दर तेज है, बच्चा दूध लेने में आनाकानी करता है, मां की छाती पकड़ते ही चुप हो जाता है तो यह निमोनिया का लक्षण है। बच्चे को ठंड से बचाएं, घर में कोई सर्दी-खांसी से पीड़ित है तो बच्चे को उससे दूर रखें। उन्होंने जन्म के दिन तीन वैक्सीन बीसीजी, पोलियोरोधी व हेपेटाइटिस बी का टीका दिलवाने की सलाह दी। साथ कहा कि नौ महीने पर बच्चे को एमएमआर वैक्सीन, जेई वैक्सीन और विटामिन ए वैक्सीन जबकि 15 महीने पर एमआर बूस्टर डोज दिलाएं।



डॉ.अनिल कुमार।

**सवाल :** दो साल की बच्ची है, सर्दी-जुकाम और खांसी है। बुखार भी है। मां का दूध भी कम पी रही है। वजन तीन किलो है, बहुत कम है ? - राजकुमार चौधरी, कटरा।

**सलाह :** बुखार में बच्ची को स्थानीय डॉक्टर की सलाह से पैरासिटामोल दें। अगर बच्चे में नाक बंद की समस्या है तो सलाइन नेजल ड्रॉप दें। एंटिबायोटिक डॉक्टर की सलाह पर दें। बुखार में हल्के ठंडे पानी से बच्चे के शरीर को पोछें। 2 साल के बच्चे का तीन किलो वजन बहुत कम होता है। खाने में गाढ़ा दाल, हरी सब्जी मिली हुई दें। मां का दूध जरूर पिलाएं। वजन के लिए एक बार नजदीकी डॉक्टर से मिल लें।

**सवाल :** पांच साल का बच्चा है, वजन 15 किलो है, बच्चे का वजन कम है?। - बिपिन बिहार, पटना।

**सलाह :** बच्चे का वजन बहुत कम नहीं हैं। लेकिन, एक बार थायरॉइड फंक्शन टेस्ट करा लें। बच्चे के खानपान पर ध्यान दें। फास्ट फूड से एकदम परहेज कराएं। बच्चे को खाने मे हरी सब्जी, दाल, यदि नॉन वेज खाता है तो मछली, अंडा जरूर भोजन में शामिल करें।

**सवाल :** नौ साल का बच्चा है, खांसी होने पर बाई ओर के अंडकोश की थैली में मांस उतर जाता है, फूल जाता है - हेमंत कुमार, खगड़िया, महेशपुर।

**सलाह :** यह हर्निया का लक्षण है। इसका मतलब है कि खांसने पर आंत उतर जाता है। एक बार स्थानीय सर्जन से दिखा लें। अगर जांच में हर्निया निकल जाता है तो जल्द से जल्द इसे गंभीरता से लेते हुए ऑपरेशन करा लें।

**सवाल :** 15 महीने की पोती है, दो दिनों से गला फंसा हुआ है। - अरुण कुमार, बिहटा।

**सलाह :** डॉक्टर के परामर्श पर बच्ची को एंटीहिस्टामाइन ड्रॉप्स दें। ड्रॉप परामर्श पर सही डोज में दिया जाना चाहिए। कोशिश कीजिए बच्ची रोए नहीं ज्यादा जिससे उसे वॉयस रेस्ट मिले। वायरल है, एक दो दिनों में स्वयं ठीक हो जाएगा। चिंता की बात नहीं है। केवल ठंडी चीजों से परहेज रखें।

### अन्य महत्वपूर्ण सलाह

- डायरिया से बचाव के लिए साफ-सफाई बहुत जरूरी है
- साफ पानी पीएं, घर में बहुत दिनों तक जमा पानी न रखें
- बच्चे में नाक बंद की समस्या हो तो डॉक्टर की परामर्श से नेजल ड्रॉप दें
- बच्चे में सांस की दर तेज हो, बच्चे दूध नहीं लेना चाहे, छाती से लगते ही चुप हो जाए तो यह निमोनिया का लक्षण है
- बच्चे को इन्फ्लुएंजा का टीका अवश्य दिलवाएं

### इन्होंने भी पूछे सवाल

पटना से नवीन, छपरा से राजीव रंजन ओझा, मुजफ्फरपुर से एसएनपी सिंह, मुजफ्फरपुर से सुनील कुमार, बेगूसराय से मुकुल आदि।

## प्रदेश 30s

### नदी में नहा रहे युवक की डूबने से मौत

**सलखुआ (सहरसा)।** सलखुआ थाना क्षेत्र के हंसारी गांव के समीप खगमा नदी में रविवार सुबह एक युवक की डूबने से मौत हो गयी। युवक की पहचान झारखंड के साहेबगंज निवासी सलमान अख्तर के 18 वर्षीय रेहान अख्तर के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलते ही रोते-बिलखते परिजनों का बुरा हाल है। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी सलखुआ पुलिस को दी।

### अवध-असम में मोतिहारी के युवक की मौत

**मुजफ्फरपुर।** पूर्वी चंपारण के राजेपुर थाना क्षेत्र के सुभाष राय (40) की रविवार को ट्रेन में मौत हो गयी। वह 15910 अवध-असम एक्सप्रेस की स्लीपर बोगी संख्या छह में मानसा स्टेशन (पंजाब) पर चढ़ा था। उसके पास मुजफ्फरपुर तक की टिकट थी। पुलिस सुभाष राय के पिता राम आशीष राय के बयान पर मुजफ्फरपुर रेल थाने में यूडी केस दर्ज किया है।

### आंधी में छत से गिरकर युवक की मौत

**सकरा (मुजफ्फरपुर)।** रसूलपुर मनियारी में शनिवार को आंधी में छत से गिरकर घायल बैजनाथ साह (42) ने रविवार की सुबह मेडिकल में दम तोड़ दिया। भाई रोशन कुमार साह ने बताया कि शनिवार की शाम बैजनाथ छत पर कपड़ा उतारने गया था। इसी दौरान आंधी में वह छत से गिर गया। उसे एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई।

### ओएचई लाइन की चपेट में आकर युवक झुलसा

**सलखुआ (सहरसा)।** सहरसा-मानसी रेलखंड के कोपरिया स्टेशन स्थित लाइन नंबर तीन पर खड़ी मालगाड़ी की छत पर रविवार की सुबह एक युवक चढ़ गया। मालगाड़ी पर चढ़ने के दौरान वह बिजली प्रवाहित ओएचई लाइन की चपेट में आ गया, जिससे उसका शरीर गंभीर रूप से जल गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम ईजाजुल हक (22) और घर रहटा किशनगंज जिला मधेपुरा बताया है।

### मुंगेर में पांच वर्ष से फरार नक्सली गिरफ्तार

**मुंगेर।** कई नक्सली वारदातों में शामिल रहे पांच साल से फरार हार्डकोर नक्सली कैला कोड़ा को एसटीएफ और पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार को जिले के लड़ैयाटांड़ थाना क्षेत्र के पैसरा स्थित उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। उसे लड़ैयाटांड़ थाना में आर्म्स एक्ट एवं यूएपी एक्ट मामले में दर्ज 2021 के मुकदमे में गिरफ्तार किया गया।

### कार ने बाइक सवार दंपती को कुचला, मौत

**पिपरा (पूर्वी चंपारण)।** पिपरा थाना क्षेत्र के महुआवा गांव के समीप एनएच 28 पर शनिवार देर रात बेकाबू कार ने बाइक सवार दंपती को कुचल दिया। हादसे में पति-पत्नी की मौत हो गई। मृतकों की पहचान पिपरा थाना क्षेत्र के चकवारा गांव निवासी नागेंद्र प्रसाद (45) व उनकी पत्नी अंशु देवी (42) के रूप में हुई है। हादसे के बाद कार सवार लोग भाग निकले।

### नाव पलटने से दो बच्चियां डूबीं, एक का शव मिला

**चिरैया(पू.चं.)।** शिकारगंज थाना क्षेत्र के गोढ़ीया गांव से होकर गुजरने वाली सिकरहना नदी में नाव पलटने से दो बच्चियां डूब गई। काफी मशक्कत के बाद एनडीआरएफ ने एक शव को नदी से बाहर निकाल लिया है। जबकि दूसरे की खोज की जा रही है। बरामद शव की पहचान ग्रामवासी हिरामन सहनी की पुत्री लक्ष्मी कुमारी (10) के रूप में हुई है। लापता बच्ची प्रीति(8) है।

## एसटीएफ के साथ स्थानीय पुलिस अपराधियों पर कसेगी नकेल

# अपराध कर दूसरे राज्यों में भागे बदमाशों की रेकी करेगी पुलिस

एक्सक्लूसिव

■ केके गौरव

- घटना के बाद दूसरे राज्यों के गैंग में शरण ले लेते हैं अपराधी
- वहीं से बैठकर अपराध की घटनाओं की रचते हैं साजिश

**भागलपुर।** अब अपराधी घटना को अंजाम देने के बाद दूसरे राज्यों में शरण लेकर महफूज नहीं रह सकेंगे। बिहार पुलिस की टीम अब दूसरे राज्यों में शरण लेने वाले अपराधियों के गिरोह, अड्डे और ठिकाने की पता लगाएगी और सूचना कंफर्म होने के बाद तुरंत कार्रवाई करेगी। ऐसे अपराधियों की गिरफ्तारी करने में टेक्निकल सेल की टीम की भी भूमिका रहेगी। ऐसे अपराधियों की गिरफ्तारी करने में स्थानीय जिले की पुलिस के अलावा एसटीएफ की भी टीम को लगाया जाएगा।

अक्सर अपराधी घटना को अंजाम देने के बाद दूसरे राज्यों में जाकर शरण ले लेते हैं। अपराधी महफूज रहने के लिए संबंधित राज्य के किसी अपराधी गिरोह से जुड़ जाते हैं। फिर वहीं से अपराध की घटना को अंजाम देते हैं। इस तरह की शिकायतें और गुप्त सूचनाएं लगातार मिलने के बाद बिहार पुलिस की टीम अब सक्रिय हो गई है। पुलिस मुख्यालय से मिले दिशा-निर्देश के आलोक पर दूसरे राज्यों में जाकर शरण लेने वाले अपराधियों की सूची तैयार की जा रही है।

प्रत्येक जिले के पुलिस अधीक्षक और डीआईजी स्तर के पुलिस पदाधिकारी के द्वारा इसकी प्रत्येक दिन मॉनिटरिंग भी की जाती है। टेक्निकल सेल की टीम दूसरे राज्यों में शरण लेने वाले अपराधियों के लोकेशन डाटा और अन्य तरह का अपडेट लेकर पुलिस टीम को दे रही है। भागलपुर समेत आसपास के जिलों के अपराधी किसी भी तरह की अपराध की घटना को अंजाम देने के बाद पड़ोसी राज्य झारखंड और पश्चिम बंगाल में तो वहीं सीमांचल के पूर्णिया, अररिया, कटिहार, किशनगंज और कोसी के जिलों के अपराधी घटना को अंजाम देने के बाद पड़ोसी देश नेपाल और पश्चिम बंगाल में जाकर आसानी से शरण ले लेते हैं। घटना को अंजाम देने के कुछ ही घंटे के बाद ऐसे अपराधी दूसरे राज्यों में प्रवेश कर जाते हैं।

**पुलिस की टीम सादे ड्रेस में करेगी रेकी :** प्रत्येक जिले में टॉप-10 अपराधियों की सूची तैयार कर उसकी गिरफ्तारी को लेकर प्रतिदिन अभियान चलाए जाते हैं। इसकी सीधी मॉनिटरिंग पुलिस मुख्यालय के द्वारा की जाती है। टॉप-10 अपराधियों की गिरफ्तारी में पुलिस की टीम को मिली सफलता के बाद अब दूसरे राज्यों में शरण लेने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी करने को लेकर भी विस्तृत रूप से रूपरेखा तैयार कर दी गई है। ऐसे अपराधी जो दूसरे राज्यों में शरण ले लेते हैं, उनकी अब खैर नहीं होगी। इस तरह के अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस की टीम सादे ड्रेस में रेकी करेगी और गुप्त सूचना मुकम्मल होने के बाद तुरंत उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। हर जिले की पुलिस टीम के द्वारा टॉप-10 अपराधियों को तय सीमा के अंदर गिरफ्तार करने को ले पुलिस मुख्यालय से पुलिस अधीक्षक को टास्क सौंपे जाते हैं।

> दूसरे राज्यों में शरण लेने वाले अपराधियों की सूची तैयार कर उसकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाती है। सही ठिकाने पते की जानकारी मिलते ही आदेश निर्गत कर पुलिस की टीम को गिरफ्तारी के लिए भेजा जाता है।
> - **प्रमोद कुमार मंडल,** डीआईजी, पूर्णिया।

### दूसरे राज्यों से पकड़े गए अपराधियों की सूची

- 19 सितंबर 2024 को भागलपुर पुलिस की टीम ने 25 हजार के इनामी बदमाश टिंकू मियां को पश्चिम बंगाल के कोलकाता मटिया पुल से गिरफ्तार किया था। टिंकू मियां 20 वर्षों से पुलिस की टीम को चकमा दे रहा था।
- 08 फरवरी 2028 को पूर्णिया पुलिस की टीम ने 25 हजार रुपये के इनामी फरार अपराधी रजी अहमद उर्फ रिजवी को महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार किया था।
- 29 मई 2022 को एसटीएफ ने कर्नाटक पुलिस के साथ मिलकर मुंगेर से तीन अपराधियों शमशाद आलम, शाहिद चांद व आसिफ आलम को गिरफ्तार किया था।
- 17 मई 2025 को बांका का 25 हजार का इनामी एवं 10 वर्षों से फरार चल रहे कुख्यात नवल पंजियारा को झारखंड से पीछा करते हुए शंभूगंज से पकड़ा था
- 02 फरवरी 2025 को किशनगंज जिला की पुलिस ने कुख्यात अपराधी मंगल उर्फ मंगलू उर्फ जमशेद आलम को पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिला स्थित ग्वाल पोखर से गिरफ्तार किया था।

### दूसरे राज्यों में गिरफ्तारी के लिए जाने में होती है लंबी कागजी प्रक्रिया

किसी भी अपराधी के दूसरे राज्यों में जाकर शरण लेने के बाद गिरफ्तारी के लिए जाने में लंबी कागजी प्रक्रिया से गुजरनी पड़ती है। छापेमारी करने के लिए जाने के लिए पुलिस की टीम को डीआईजी से आदेश लेने पड़ते हैं। इस तरह के मामलों में आदेश लेने के लिए संबंधित केस के अनुसंधानकर्ता को संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक से पहले आदेश लेने के बाद डीआईजी से आदेश लेने होते हैं। इस तरह की कागजी प्रक्रिया में काफी लंबे वक्त भी कभी-कभी लग जाते हैं। जिसका भरपूर फायदा अपराधी उठाते हैं।

# ईवीएमः प्रथम स्तरीय जांच प्रक्रिया 14 जिलों में पूरी

**30** जून तक पूरा होना है एफएलसी का काम

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग के निर्देश पर राज्य के 14 जिलों में ईवीएम की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी -फर्स्ट लेवल चेकिंग ) की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इन जिलों में किशनगंज, सहरसा, पूर्णिया, बांका, दरभंगा, नालंदा, बेगूसराय, पूर्वी चंपारण, सारण, पटना, सीतामढ़ी, अररिया, शेखपुरा एवं खगड़िया है।

इनके अतिरिक्त 2 जिलों गया और सीवान में एफएलसी तो पूरी हो चुकी है पर इनमें से पांच प्रतिशत मशीनों का उच्च स्तरीय मॉक पोल अभी बाकी है। वहीं 11 जिलों में एफएलसी का काम जारी है। इन जिलों में समस्तीपुर, भागलपुर, मधुबनी, नवादा, मुजफ्फरपुर, पश्चिम चंपारण, वैशाली, बक्सर, भोजपुर, लखीसराय एवं कटिहार शामिल है। शेष जिलों में चरणबद्ध तरीके से ईवीएम का एफएलसी किया जाएगा।

मालूम हो कि राज्य में दो मई 2025 से ईवीएम की एफएलसी का काम शुरू है और इसे 30 जून 2025 तक पूरा किया जाना है। बिहार विधानसभा चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल), हैदराबाद द्वारा निर्मित ईवीएम का ही इस्तेमाल होगा। इसलिए ईसीआईएल के ही 189 इंजीनियर ईवीएम की जांच कर रहे हैं।

# वाकई विस चुनाव लड़ेंगे चिराग या सिर्फ प्रेशर पॉलिटिक्स

चर्चा में

- लोजपा (रा.) के बिहार प्रभारी अरुण भारती के एक्स पर पोस्ट से बढ़ी राजनीतिक सरगर्मी

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान के इस साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के मैदान में उतरने की चर्चा इन दिनों सुर्खियां बनी हैं। आए दिन उनकी पार्टी की ओर से इसे लेकर कोई न कोई बयान आता है।

खुद चिराग भी कई दफे बिहार चुनाव लड़ने की इच्छा जता चुके हैं। रविवार को पार्टी के बिहार प्रभारी तथा उनके बहनोई अरुण भारती ने तो यहां तक कह दिया कि चिराग पासवान राज्यभर के नेता हैं तो उन्हें सुरक्षित नहीं, सामान्य सीट से उतरना चाहिए। ऐसे में सवाल यह उठता है कि वाकई हाजीपुर सांसद चिराग पासवान विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर गंभीर हैं या यह फिर उनके दल की दबाव की राजनीति मात्र है?

वैसे तो एनडीए में सीटों के बंटवारे पर कोई औपचारिक बैठक या चर्चा फिलहाल नहीं हुई है, लेकिन अब इसपर बातचीत का समय आ रहा है। ऐसे में पिछले एक-सवा माह से लोजपा (रा.)) की ओर से चिराग को विधानसभा के मैदान में उतारने की बात बार-बार कहना दल की एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा हो सकता है। पहले लोजपा (रामविलास) ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान को आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने की सलाह दी। उसके बाद चिराग ने भी पार्टी के फैसले पर सहमति जताते हुए बयान दिया कि अगर चुनाव लड़ने से पार्टी और गठबंधन का प्रदर्शन बेहतर होता है, तो मैं जरूर आऊंगा। वैसे तो भाजपा-जदयू के नेता अभी इस विषय पर खुलकर कुछ भी नहीं बोल रहे हैं, लेकिन सहयोगी दलों के कई नेता लोजपा(आर) के इस कदम को प्रेशर पॉलिटिक्स के सिवा कुछ और नहीं मानते। उधर, प्रमुख विपक्षी दल राजद इसे एनडीए की आपसी खींचतान मान रहा है। राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि एनडीए में अभी से ही सिर फुटौव्वल शुरू है।

बताते चलें कि 2020 के चुनाव में खुद को पीएम मोदी का हनुमान बता चिराग ने 137 सीटों पर उम्मीदवार उतारा। इसका नुकसान सत्तारुढ़ जदयू को हुआ था।

### चिराग कह चुके हैं बिहार में मुख्यमंत्री की वैकेंसी नहीं

आरंभ में लोजपा (रामविलास) के नेताओं ने चिराग पासवान को मुख्यमंत्री के रूप में भी प्रोजेक्ट करने की कोशिश की थी। हालांकि खुद चिराग पासवान ने इसपर विराम लगा दिया था। 19 मई को पटना में नीतीश कुमार से मुलाकात के बाद चिराग ने स्पष्ट कहा था कि बिहार में मुख्यमंत्री पद की कोई वैकेंसी नहीं है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में फिर से बिहार में एनडीए की मजबूत सरकार बनेगी।

### लोकसभा चुनाव के अनुपात में सीट की चाहत

बिहार एनडीए में भाजपा-जदयू के साथ ही हम, लोजपा और रालोमो शामिल है। लोकसभा चुनाव में लोजपा (रामविलास) को पांच सीटें मिलीं और उसका स्ट्राइक रेट 100 फीसदी रहा। चिराग विधानसभा चुनाव में 30 सीट चाहते हैं। 'हम' ने भी 20 सीट मिलने की उम्मीद जताई थी।

# सीईटी-बीएड की आंसर-की जारी, कई सवालों के उत्तर गलत, हिन्दी की लिपि ब्राह्मी बतायी

एक्सक्लूसिव

■ मृत्युंजय

- 4 दिन पहले जारी हुई है बीएड प्रवेश परीक्षा की आंसर-की
- उत्तर पुस्तिका सेट-डी में सवालों के उत्तर को विद्यार्थी बता रहे गलत

**मुजफ्फरपुर।** 28 मई को ललित नारायण मिथिला विवि की तरफ से आयोजित बीएड प्रवेश परीक्षा के आंसर-की में कई गड़बड़ियां सामने आई हैं। विश्वविद्यालय की तरफ पोर्टल पर डाली गई आंसर-की में महिला दिवस की तारीख आठ मार्च की जगह पांच मार्च बताई गई है। उत्तर पुस्तिका सेट-डी में यह गलत उत्तर अंकित है। इसके अलावा हिंदी को देवनागिरी की जगह ब्राह्मी लिपि की भाषा बताई गई है।

आंसर-की में गलत उत्तर देने से बीएड प्रवेश परीक्षा देने वाले विद्यार्थी परेशान हैं। पोर्टल पर गलत आंसर-की जारी होने के बाद एलएनएमयू को बीएड प्रवेश परीक्षा देने वाले कई विद्यार्थियों ने आपत्ति भेजी है। एक विद्यार्थी ने बताया कि रिजनिंग में भी एक सवाल का गलत उत्तर आंसर-की में डाला गया है। एक छात्रा ने बताया कि बीएड प्रवेश परीक्षा में पूछा गया था कि ज्ञानपीठ पुरस्कार किससे संबंधित है? इसका उत्तर साहित्य होना चाहिए, जबकि आंसर-की में इसका उत्तर इतिहास दिया गया है। बीएड प्रवेश परीक्षा में चार सेट में सवालों की पुस्तिका तैयार की गई थी। सभी विद्यार्थियों को अलग-अलग सेट के सवाल दिये गये थे।

> एक्सपर्ट कमेटी आंसर-की की गहनता से जांच कर रही है। कुछ चीजें मिस प्रिंट भी हुई हैं। परीक्षार्थियों को परेशान होने की बात आई है। आंसर-की जारी करने के बाद आपत्ति मंगवाई गई थी। सभी का निराकरण हो रहा है। पूरी तरह से जांच होने के बाद ही रिजल्ट जारी होगा।
> -**प्रो. अशोक मेहता,** नोडल ऑफिसर, बीएड प्रवेश परीक्षा

# पुलिस को देखकर भागा युवक पइन में डूबा, मौत

**मसौढ़ी,निसं।** थाना क्षेत्र के दहिभत्ता मुसहरी में रविवार की सुबह शराब पकड़ने गई पुलिस को देखकर भागने के दौरान उपेन्द्र बिंद (40) पइन में गिरकर डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

वह लहसुना थाना के निशियावां गांव निवासी स्व. रामभजु बिंद का पुत्र था। परिजनों ने मद्य निषेध टीम पर खदेड़कर पीटने और पानी में गिराने का आरोप लगाया है। लोगों ने एनएच-83 मसौढ़ी चौराहा पर शव रख टायर जला आगजनी की। मौत के लिए जिम्मेदार मद्य निषेध टीम पर प्राथमिकी, पीड़ित परिवार को मुआवजा व सरकारी नौकरी की मांग कर रहे थे।

उग्र लोगों ने मद्य निषेध विभाग के आवासीय परिसर पर धावा बोल कर बिजली मीटर और दो स्कॉर्पियो में तोड़फोड़ कर एक वाहन में आग लगा दी। जिससे स्कॉर्पियो जल गयी। वहीं, हंगामा कर रहे लोगों ने आग बुझाने जा रही दमकल को रोक दिया। मौके पर मसौढ़ी एसडीपीओ नभ वैभव आदि लोगों को समझा रहे थे।

> शराब पकड़ने के लिए टीम छापेमारी करने गई थी। इसी दौरान भागते वक्त एक युवक गहरे पानी में गिरा गया। टीम ने उसे बचाने के प्रयास किया, लेकिन पानी में डूबने से उसकी मौत हो गयी। युवक की पिटाई का आरोप बेबुनियाद है।
> -**संजय कुमार चौधरी,** अधीक्षक,


**भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण**
**INLAND WATERWAYS AUTHORITY OF INDIA**
(पत्तन, पोत एवं जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
ए-13, सेक्टर-1, नोएडा - 201301 (यूपी), फोन: 0120-2544036, एवं 2547050

**सूचना** दिनांक 30.05.2025

संदर्भः रोजगार सूचना संख्या आईडब्ल्यूएआई-17011/20/2020-प्रशासन दिनांक 25.03.2025

उपरोक्त के संदर्भ में, 03 वर्ष की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति के आधार पर **उप निदेशक (वित्त और लेखा)** के 01 रिक्त पद को भरने के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **30 जून, 2025** तक बढ़ा दी गई है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.iwai.nic.in** पर जाएं।

हस्ता/-
सचिव

**बिहार विद्यालय परीक्षा समिति**
विज्ञप्ति संख्या- पी॰आर॰ 134/2025

**स्थानीय निकाय शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा (CTT), 2024 (द्वितीय) का रिजल्ट कार्ड वितरण के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा स्थानीय निकाय शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा (CTT), 2024 (द्वितीय) के शिक्षक अभ्यर्थियों एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का रिजल्ट कार्ड संबंधित जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में उपलब्ध करा दिया गया है।

2. सभी उत्तीर्ण शिक्षक अभ्यर्थी संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय द्वारा निर्धारित तिथि को स्वयं उपस्थित होकर, प्रवेश पत्र की छायाप्रति/वेब कॉपी एवं वैध फोटो युक्त पहचान पत्र दिखाकर रिजल्ट कार्ड प्राप्त कर लेंगे।

3. रिजल्ट कार्ड वितरण की सूचना संबंधित जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा दिया जाएगा।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)

**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन प्रमंडल, समस्तीपुर, भवन निर्माण विभाग**
**अतिअल्पकालीन नीलामी आमत्रंण सूचना सं0 01/2025-26**

भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, समस्तीपुर अंतर्गत स्थित निम्नलिखित पुराने भवन को तोड़कर हटाने एवं स्थल साफ कर उपलब्ध कराने हेतु कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमण्डल, समस्तीपुर द्वारा नीलामी आहूत की गई है। यह नीलामी दिनांक-13.06.2025 को 03.00 बजे अप0 में कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमण्डल, समस्तीपुर के कार्यालय कक्ष में की जाएगी।

| क्र0 | स्थल/भवन/संरचना का नाम | न्यूनतम नीलामी की बोली | नीलामी में भाग लेने हेतु आवश्यक राशि (Bank Draft) के माध्यम से | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Demolising of Old Damage Residence Building Sales Tax Department Samastipur | 45100.00 | 4600.00 | 07 दिन |

नोटः-विस्तृत जानकारी हेतु www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, समस्तीपुर

PR. No. 004809 (BCD ) 2025-26

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

**बिहार विद्यालय परीक्षा समिति**
विज्ञप्ति संख्या - पी॰आर॰ 132/2025

**माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2025 एवं माध्यमिक कम्पार्टमेंटल परीक्षा, 2025 के उत्तरपुस्तिकाओं की स्क्रूटनी कराने के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2025 एवं माध्यमिक कम्पार्टमेंटल परीक्षा, 2025 में सम्मिलित परीक्षार्थियों का परीक्षाफल **दिनांक 31.05.2025** को प्रकाशित किया गया है। यदि कोई छात्र/छात्रा अपने किसी एक विषय या सभी विषय के प्राप्तांक से असंतुष्ट हों, तो अपने उस विषय/विषयों की उत्तरपुस्तिका के स्क्रूटनी कराने हेतु समिति की वेबसाईट **matric.bsebscrutiny.com पर दिनांक 02.06.2025 से 06.06.2025 तक की अवधि में रू0 120/- (एक सौ बीस रूपये मात्र) प्रति विषय की दर से निर्धारित शुल्क के साथ ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।**

2. **ऑनलाईन मोड में आवेदन करने की प्रक्रिया** :-

**(i)** उत्तरपुस्तिका की स्क्रूटनी के लिए ऑनलाईन आवेदन करने हेतु समिति की वेबसाईट **matric.bsebscrutiny.com** पर क्लिक कर परीक्षार्थी अपना रौल कोड, रौल नम्बर, जन्म तिथि (उदाहरण के तौर पर 52002-2500122-27-05-2009) अंकित करते हुए अपना पासवर्ड Create कर रजिस्टर करेंगे। इस पासवर्ड को विद्यार्थी भविष्य में अपने उपयोग के लिए सुरक्षित रखेंगे।

**(ii)** रौल कोड, रौल नम्बर एवं पासवर्ड का प्रयोग करते हुए Login करेंगे। इसके उपरांत Application form For Scrutiny प्रदर्शित होगा, जिसमें विद्यार्थी का सभी विवरणी विषय सहित उपलब्ध रहेगा।

**(iii)** जिस विषय/विषयों में विद्यार्थी को उत्तरपुस्तिका की स्क्रूटनी कराने के लिए ऑनलाईन आवेदन करना हो, वे उस विषय/विषयों के सामने अंकित चेक बॉक्स के अन्दर (✓) मार्क करेंगे।

**(iv)** तत्पश्चात् Fee Payment के लिए पेज पर उपलब्ध Fee payment button (Make Payment) को क्लिक करेंगे। निर्धारित स्क्रूटनी शुल्क के भुगतान हेतु राशि डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। परीक्षार्थी ऑनलाईन भुगतान के पश्चात् 24 घंटे के अन्दर अपने बैंक खाता से राशि की निकासी हुई है या नहीं, इसकी जाँच कर स्वयं संतुष्ट हो लेंगे। खाता से राशि की निकासी के पश्चात् समिति के खाता में जमा नहीं होने की स्थिति में संबंधित आवेदन अपूर्ण मानते हुए स्वीकार नहीं किया जायेगा।

3. **समिति विनियमावली में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत स्क्रूटनी निम्नांकित बिन्दुओं पर आधारित होगी** :-

- यदि उत्तरपुस्तिका के अन्दर के पृष्ठों के अंक मुख पृष्ठ पर अंकित नहीं है, तो उसमें सुधार किया जायेगा।
- प्रदत्त अंकों के योग में यदि कोई त्रुटि हो, तो उसमें सुधार किया जायेगा।
- यदि कोई प्रश्न या उसके खण्ड के प्रश्नोत्तर अमूल्यांकित है, तो उसका मूल्यांकन कर प्राप्तांक में सुधार किया जायेगा।
- स्क्रूटनी के परिणामस्वरूप अंक बढ़ सकते हैं, घट सकते हैं या यथावत् रह सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)

**Election Department, Bihar**
Govt. of Bihar
**Notice Inviting Tender**
**National Competitive Bidding**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Empanelment of agency for providing services of Professionals/Manpower at Office of Chief Electoral Officer, Bihar |
| 2. | Availability of the document | The Bidding Document is available and downloadable on the following website: https://eproc2.bihar.gov.in |
| 3. | Mode of Bid Submission | Online |
| 4. | Bidding Document Fee | Tender document fee ₹ 5000+ Processing Fees (non-Transferable & non-refundable) Payable online only through https://eproc2. bihar.gov.in as applicable |
| 5. | Bid Security (Earnest Money Deposit) | ₹ 1,00,000 (एक लाख रूपये) Payable online at https://eproc2. bihar.gov.in |
| 6. | Date of Publication of Tender on website | 02.06.2025 at 11:00 hours |
| 7. | Last Date for Submission of Pre-bid queries | 09.06.2025 at 05:00 P.M E-mail ID:- ceobihar@eci.gov.in |
| 8 | Pre-bid meeting | 10.06.2025 at 04:00 P.M Conference Room Election Department |
| 8. | Release of response to clarifications | 12.06.2025 at 05:00 P.M |
| 9. | Last date of Submission of the bid | 23.06.2025 at 04:00 P.M |
| 10. | Opening of Technical bids | 24.06.2025 at 11:00 A.M. |
| 11. | Opening of Financial bids | To be intimated |
| 12. | Contact Person for Queries. | 9430964634/8114593952 E-mail ID:- ceobihar@eci.gov.in |

**Note:- Only e-tenders will be accepted**
Further details are available on the Bihar Government e-procurement website https://eproc2. bihar.gov.in

PR- 05059 ( Election ) 2025-26

(Mithilesh Kumar Sahu)
Joint Secretary

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

**पूर्व मध्य रेल**
**ई-निविदा सूचना**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/क.वि./पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर के द्वारा नीचे लिखे हुए कार्य के संपादन हेतु सक्षम, अनुभवी, वैध विद्युत कन्ट्रेक्टर लाईसेन्स, तकनीकी योग्यता एवं वित्तीय क्षमता धारक संवेदक से निम्न कार्य के लिए भारतीय रेल के आई.आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर ई-निविदा के रूप में खुली ई-निविदा आमन्त्रित किया जाता है। **निविदा संख्या एवं तिथि : ई.एल.-टी.आर.डी.-ई.टी.-06-2025-26, कार्य का नाम तथा स्थान :** समस्तीपुर मण्डल के विभिन्न स्टेशनों (अर्थात् बीएनकेआई, एसकेआई, एमकेपीआर, जेवाईजी, पीजीसी, जीईबी, जीकेए, एमआरजेडी, एसटीएफ, बीएलवी, एमएचसी, बीवाईपी, बीएचबी, डीएचटी, डीएमएच, एसबीवी, एसबीएम, बीडीएमए और केएफए) पर एसब्डल्यूआरडी बनाने का प्रस्ताव। **समापन अवधि:** 06 महीना, **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 9,92,608.68/-, **बयाने की राशि :** ₹ 19,900.00/-, **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय :** ई-निविदा बंद होने की तारिख 23.06.2025 को समय 12.00 बजे। ई-निविदा खुलने की तारीख 23.06.2025 को 12.30 बजे से। **वेबसाईट का विवरण जहाँ से निविदा एवं निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** http://www.ireps.gov.in मंडल रेल प्रबंधक (वि.-क.वि.)/कार्यालय/समस्तीपुर।

**नोट:-** उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा बल्कि वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/क.वि./समस्तीपुर**
पीआर/0332/एसपीजे/ईएलईसीटी/टी/25-26/44

### देश का माल एवं सेवा कर राजस्व फिर दो लाख करोड़ के पार निकला

# घरेलू खपत के दम पर तीसरी बार सर्वाधिक जीएसटी संग्रह

**उत्साहजनक**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में तीसरी बार सर्वाधिक जीएसटी राजस्व प्राप्त हुआ है। मई माह में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 16.4 प्रतिशत बढ़कर 2.01 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। इससे पहले बीते अप्रैल में संग्रह 2.37 लाख करोड़ रुपये के अपने अबतक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

रविवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2017 में जीएसटी को लागू किया गया था। इसके बाद यह तीसरा मौका है, जब जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ के पार निकला है। अप्रैल 2024 में पहली बार सर्वाधिक 2.10 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी संग्रह हुआ रहा था। तब से इसके नए रिकॉर्ड स्थापित हो रहे हैं। इस बीच, महीने के दौरान कुल रिफंड चार प्रतिशत घटकर 27,210 करोड़ रुपये रह गया।

**16 फीसदी से अधिक का उछाल :** मई 2024 में जीएसटी संग्रह 1,72,739 करोड़ रुपये था। सालाना आधार पर देखा जाए तो मई 2025 में जीएसटी राजस्व में 16.4 फीसदी का उछाल आया है। मई में घरेलू लेनदेन से कुल जीएसटी राजस्व 13.7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.50 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात से जीएसटी संग्रह 25.2 प्रतिशत बढ़कर 51,266 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2025-26 के अप्रैल-मई की अवधि में कुल जीएसटी राजस्व 4,37,767 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की समान अवधि के 3,83,006 करोड़ रुपये से 14.3 फीसदी अधिक है। वहीं, कारोबारी साल 2024-25 में राजस्व 22 लाख करोड़ रुपये था, जो पिछले साल की तुलना में 9.4 फीसदी अधिक था। कारोबारी साल 2023-24 में कुल सकल राजस्व 20.18 लाख करोड़ रुपये था।

**जीएसटी संग्रह रिकॉर्ड**

| महीना | संग्रह |
|---|---|
| मई 2025 | 2.01 |
| अप्रैल 2025 | 2.37 |
| मार्च 2025 | 1.96 |
| फरवरी 2025 | 1.83 |
| जनवरी 2025 | 1.95 |
| दिसंबर 2024 | 1.77 |

■ संग्रह लाख करोड़ रुपये में




### राज्यों की कमाई में काफी बड़ा अंतर

डेलॉयट इंडिया के साझेदार एम.एस. मणि ने कहा कि राज्यों में जीएसटी संग्रह में वृद्धि में व्यापक आधार पर अंतर देखा जा रहा है। ऐसे में प्रत्येक राज्य में ऐसे क्षेत्रों का गहन विश्लेषण करने की जरूरत है, जो उसके लिए महत्वपूर्ण हैं। महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों ने संग्रह में 17 प्रतिशत से 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जबकि गुजरात, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे बड़े राज्यों ने छह प्रतिशत तक की वृद्धि दिखाई है। मध्यप्रदेश, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान जैसे कुछ राज्यों में जीएसटी संग्रह में औसतन 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मणि ने कहा कि, देशभर में औसत वृद्धि, संभवतः क्षेत्रीय या मौसमी कारकों के कारण राज्यों में समान रूप से परिलक्षित नहीं होती है, इसके लिए गहन विश्लेषण की जरूरत है।

### मजबूती की ओर इशारा

हाल के जीएसटी संग्रह के आंकड़े भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी के रुझान को दर्शाते हैं। इससे यह पता चलता है कि देश में घरेलू खपत, मांग और आयात गतिविधियों में मजबूती दर्ज की जा रही है। ये आंकड़े देश की कारोबारी स्थिति और आर्थिक सुधार प्रयासों के लिए सकारात्मक संकेत हैं, जो वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भी आर्थिक मजबूती का इशारा करता है।

### क्यों बढ़ रहा संग्रह

- भारत में मजबूत मांग और खपत
- सेवा और विनिर्माण क्षेत्र में तेजी
- ई-इन्वॉइसिंग में बढ़ोतरी
- विनियामक अनुपालन में इजाफा
- नए करदाताओं में बढ़ोतरी
- डिजिटलीकरण एवं पारदर्शिता

## सीएनजी और पीएनजी के दाम में कटौती के आसार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने वाहन के लिए सीएनजी और रसोई गैस के उत्पादन में इस्तेमाल होने वाली प्राकृतिक गैस की कीमत में दो साल में पहली बार कमी की है। इससे आम लोगों के लिए भी सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में गिरावट देखने को मिल सकती है।

अप्रैल, 2023 में सरकार द्वारा इस तरह की गैस की कीमत के लिए एक नया फॉर्मूला लागू करने के बाद से यह पहली कटौती है। कच्चे तेल की की कीमतों के लगातार निचले स्तर पर बने रहने के बाद सरकार ने यह फैसला लिया है। इससे इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड, महानगर गैस लिमिटेड और अडानी टोटल गैस लिमिटेड जैसे शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को मदद मिलेगी। माना जा रहा है कि इस कटौती का फायदा कंपनियां अपने उपभोक्ताओं को दे सकती है। सरकारी अधिसूचना के अनुसार, नीलामी के बिना सार्वजनिक क्षेत्र की ओएनजीसी को आवंटित विरासती या पुराने क्षेत्रों से प्राकृतिक गैस की कीमत 6.75 डॉलर से घटाकर 6.41 डॉलर प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट कर दी गई है।

- **सरकार ने दो साल में पहली बार कंपनियों के लिए एपीएम गैस की कीमत घटाई**

## डब्ल्यूटीओ की बैठक तीन जून को पेरिस में



**नई दिल्ली।** भारत तीन जून को पेरिस में डब्ल्यूटीओ की एक बैठक में कृषि, मछली पालन समझौते और निवेश सुविधा के मुद्दे उठाएगा। लगभग 25 व्यापार मंत्रियों की एक अनौपचारिक बैठक के दौरान चीन की अगुवाई वाले प्रस्ताव पर चर्चा होगी। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इस बैठक में भाग लेंगे। वह एक जून से फ्रांस और इटली की पांच दिवसीय यात्रा पर हैं।

**बाजार 30s**

### इंडिगो ने 30 विमानों का ऑर्डर दिया

**नई दिल्ली।** इंडिगो ने रविवार को एयरबस को 30 और चौड़े आकार के ए350 विमानों का ऑर्डर देने की घोषणा की। अब ऐसे विमानों की कुल संख्या 60 हो गई। एयरलाइन ने पिछले साल अप्रैल में 30 ए350 विमानों का ऑर्डर दिया था। संवाददाता सम्मेलन के दौरान इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा कि एयरलाइन 30 विमानों का निश्चित ऑर्डर दे रही है। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन अपने अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का तेजी से विस्तार कर रही है।

### निर्माण उपकरण उद्योग की मांग बढ़ने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** उद्योग के हितधारकों को इस साल निर्माण उपकरणों की मांग में बढ़ोतरी की उम्मीद है। भारतीय निर्माण उपकरण विनिर्माता संघ के नामित अध्यक्ष दीपक शेट्टी ने कहा कि यह अनुमान सामान्य से अधिक बारिश और सरकार के बुनियादी ढांचा क्षेत्र पर जोर को देखकर लगाया गया है। आईएमडी ने 'सामान्य से अधिक बारिश' की भविष्यवाणी की है। इससे ग्रामीण बाजार को फायदा होगा।

### आरबीआई ने 353 संस्थानों पर जुर्माना लगाया

**मुंबई।** आरबीआई ने बीते वित्त वर्ष (2024-25) में विनियमित इकाइयों के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई की और कानून के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए कुल 353 जुर्माने लगाए। इन जुर्मानों के तहत राशि 54.78 करोड़ रुपये बैठती है। आरबीआई के आंकड़ों से पता चला है कि सहकारी बैंकों पर 15.63 करोड़ रुपये की राशि के 264 जुर्माने लगाए गए। छह विदेशी बैंकों पर भी जुर्माना लगाया गया।

### 'प्रति व्यक्ति आय बढ़ने से ही लोग विकसित होंगे'

**नई दिल्ली।** पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने कहा है कि भारत कुछ समय में भले ही चौथी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, लेकिन देश के लोगों को वास्तव में तभी 'विकसित' और आर्थिक रूप से बेहतर माना जा सकता है जब उनकी प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि 2024 में भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी लगभग 2,09,622 रुपये थी और इस मामले में देश 150वें स्थान पर है।

## सऊदी एयरलाइंस 1.25 लाख का मुआवजा देगा

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई के एक उपभोक्ता आयोग ने एक यात्री का सामान खो जाने को लेकर सऊदी अरब की फ्लाइनास एयरलाइंस को पीड़िता को 1.25 लाख रुपये से अधिक का मुआवजा देने का निर्देश दिया है। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, मुंबई (उपनगरीय) ने हाल में दिए आदेश में कहा कि यह दुर्भावनापूर्ण लापरवाही थी और एयरलाइन्स ने खोए हुए बैग को खोजने के लिए सभी तार्किक कार्रवाई को जानबूझकर टाला। शिकायतकर्ता अपने परिवार के साथ 23 दिसंबर, 2023 से तीन जनवरी, 2024 के बीच मुंबई से तुर्किये की यात्रा पर गई थी।

# पीएफ-आधार को 30 जून तक जोड़ें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने पीएफ खाते से जुड़े यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) को सक्रिय करने की समयसीमा एक बार फिर बढ़ा दी है। अब निजी क्षेत्र के नए कर्मचारियों को अपने यूएएन को सक्रिय करने और बैंक खाते को आधार से लिंक करने के लिए 30 जून 2025 तक का समय दिया है। इससे पहले यह समयसीमा कई बार बढ़ाई जा चुकी है।

ईपीएफओ सदस्यों के लिए यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) को सक्रिय करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह 12 अंकों की विशेष स्थायी संख्या, जो कर्मचारी के पीएफ खाते से जुड़ी होती है और जीवनभर वही रहती है, भले ही नौकरी कितनी भी बदले। कर्मचारी का यूएएन सक्रिय होने के बाद आसानी से ईपीएफओ की ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

इसमें पीएफ खाते का प्रबंधन करना, पासबुक देखना और डाउनलोड करना, निकासी, अग्रिम या ट्रांसफर के लिए ऑनलाइन आवेदन करना शामिल है। इसके साथ ही यूएएन सक्रिय होने से कर्मचारी रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना का लाभ उठा पाएंगे।

**नए कर्मचारी अपने यूएएन को ऐसे करें सक्रिय**

- ईपीएफओ की वेबसाइट (https://unifiedportal-mem.epfindia.gov.in) पर जाएं।
- यहां एक्टिव यूएएन के विकल्प पर क्लिक करें। अपना यूएएन, पीएफ में पंजीकृत मोबाइल नंबर और जन्मतिथि दर्ज करें।
- स्क्रीन पर दिए गए कैप्चा कोड को भरें और Get Authorization PIN पर क्लिक करें।
- आपके मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा। इसे दर्ज करें। इसे सत्यापित करने के बाद यूएएन सक्रिय हो जाएगा।
- ईपीएफओ सदस्य को यूजर आईडी व पासवर्ड भी प्राप्त होगा।

## घरों की बिक्री आठ फीसदी घटी

**नई दिल्ली।** इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में 15 प्रमुख दूसरी श्रेणी के शहरों में घरों की बिक्री सालाना आठ प्रतिशत घटकर 43,781 इकाई रह गई। प्रॉपइक्विटी की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। मूल्य के लिहाज से बिक्री छह प्रतिशत बढ़कर 40,443 करोड़ रुपये हो गई।

## इस्पात शुल्क की चुनौतियों से सतर्क रहना होगा

**नई दिल्ली।** अमेरिका द्वारा शुल्क संबंधी घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इस्पात उद्योग के शीर्ष अधिकारियों ने कहा कि वैश्विक शुल्क में बदलाव के कारण भारत को व्यापार के बढ़ते जोखिम के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता है। प्रमुख इस्पात कंपनियों जेएसडब्ल्यू स्टील और एएमएनएस इंडिया ने कहा कि आवश्यक व्यापार उपायों को सक्रिय रूप से लागू करने की आवश्यकता है।

## केनरा बैंक में न्यूनतम शेष की जरूरत खत्म

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने सभी प्रकार के बचत खातों में औसत मासिक राशि (एएमबी) की जरूरत को पूरी तरह से खत्म कर दिया है। इसके तहत बैंक खाते में न्यूनतम राशि से कम जमा होने पर खाताधारक पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जाएगा। इसमें बचत खाते, वेतन खाते, एनआरआई खाते आदि शामिल हैं। यह आदेश एक जून, 2025 से प्रभावी हो गया है। पहले ब्रांच श्रेणी के अनुसार 500 से 2,000 रुपये तक न्यूनतम बैलेंस अनिवार्य था। मानदंडों को पूरा नहीं करने पर जुर्माना लगाया जाता था।

# कर्ज की दरों में लगातार तीसरी बार मिल सकती है राहत

### रेपो दर में फिर हो सकती है 0.25% की कटौती, ऐसा होता है तो इस साल अब तक .75% की कटौती होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) आगामी मौद्रिक नीति समिति की बैठक में लगातार तीसरी बार ब्याज दरों में कटौती कर आम लोगों को बड़ी राहत दे सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, खुदरा महंगाई लगातार तीन माह से चार प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे बनी हुई है।

इससे उम्मीद बनी है कि रेपो दर में एक बार फिर 0.25 प्रतिशत की कटौती हो सकती है। अगर ऐसा होता है तो ब्याज दरों में इस साल अब तक .75 फीसदी की कटौती होगी। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) चार जून को अगली द्विमासिक मौद्रिक नीति पर विचार-विमर्श शुरू करेगी और छह जून को निर्णय की घोषणा करेगी। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय एमपीसी ने भी अपनी अप्रैल की नीति में रुख को 'तटस्थ' से बदलकर 'उदार' करने का फैसला लिया था, इससे भी कटौती की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

**आंकड़े जरूरी :** गौरतलब है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों के आधार पर आरबीआई रेपो दर में कटौती अथवा बढ़ोतरी का फैसला लेता है। अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर छह साल के निचले स्तर 3.16 प्रतिशत पर आ गई, जो आरबीआई के संतोषजनक दायरे में है। इस कमी के सबसे बड़ा कारण खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट है।

रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के बड़े हिस्से के लिए खुदरा मुद्रास्फीति के चार प्रतिशत तक रहने के अनुमान के साथ, एमपीसी द्वारा मौद्रिक ढील जारी रहने की संभावना है।




- **खुदरा महंगाई लगातार तीन माह से चार प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे बनी हुई है।**

**बैंकों ने दरें घटाईं**

इससे पहले आरबीआई फरवरी और अप्रैल की समीक्षा बैठक में दो किस्तों में प्रमुख ब्याज दर (रेपो रेट) में 0.50 प्रतिशत की कटौती कर चुका है, जिससे यह छह प्रतिशत पर आ गई है। इसके बाद अधिकांश बैंकों ने अपनी रेपो से संबद्ध बाहरी बेंचमार्क आधारित उधार दरों (ईबीएलआर) और कोष-आधारित उधार दर की सीमांत लागत (एमसीएलआर) को कम कर दिया है।

## कारोबारी चर्चा

कंज्यूमर कनेक्ट इनिशिएटिव

### डॉ. अच्युत सामंत को 67वीं मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई

प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद् और KIIT और KISS के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत को हिमालयन यूनिवर्सिटी, ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश से मानद डॉक्टर ऑफ लिटरेचर (डी. लिट.) की उपाधि (मानद) प्रदान की गई। बीते दिन आयोजित भव्य दीक्षांत समारोह के दौरान उन्हें औपचारिक रूप से यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। हिमालयन यूनिवर्सिटी की अकादमिक परिषद और बोर्ड प्रबंधन ने सर्वसम्मति से सामंत को उनके उत्कृष्ट योगदान के सम्मान में मानद उपाधि प्रदान करने की सिफारिश की और संकल्प लिया।




### रोजगार विद अंकित से तैयारी कर बड़ी संख्या में पुलिस में चयनित अभ्यर्थियों को किया गया सम्मानित

नॉलेज पार्क स्थित सीके प्लेस्टेशन ग्राउंड में रोज़गार विद अंकित (RWA) से पढ़कर उत्तर प्रदेश पुलिस में चयनित अभ्यर्थियों का बीते दिन सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें यूपी और बिहार के 10 हजार से अधिक चयनित अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इस मौके पर डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी और यूपी के पूर्व डीजीपी विक्रम सिंह ने अभ्यर्थियों के साथ अपने अनुभव शेयर किए। रोज़गार विद अंकित के संस्थापक अंकित भाटी ने बताया कि आरडब्ल्यूए के ऑनलाइन कोर्स के द्वारा पढ़ाई करके इन्हें ये सफलता मिली है। हमारे यूट्यूब चैनल पर सभी छात्रों को क्लास फ्री में उपलब्ध कराई जाती है। RWA आज पूरे भारत में ऑनलाइन एजुकेशन के क्षेत्र में एक विश्वशनीय नाम है और सभी कॉम्पिटिटिव एग्जाम की तैयारी करने के लिए स्टूडेंट्स की पहली पसंद है। उत्तर प्रदेश पुलिस की कांस्टेबल की कुल 60,244 भर्तियों में से अधिकतर प्रतियोगी स्टूडेंट्स ने आरडब्ल्यूए के टीचर्स द्वारा पढ़ाये गए ऑनलाइन कोर्स से पढ़ाई कर यह मुकाम हासिल किया है। इस मौके पर सभी मौजूदा शिक्षकों ने भी अभ्यर्थियों को मोटिवेट किया।



### द गोल्डन कर्व कैंपेन में सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स का विवाह कलेक्शन शामिल

बेहतरीन नेकलेस से प्रेरित होकर, द गोल्डन कर्व कैंपेन में सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स का विवाह कलेक्शन शामिल किया गया है, जो उस आधुनिक दुल्हन को समर्पित है जो परंपरा को संजोती है लेकिन अपने अनूठे तरीके से चमकती है। इस बेहतरीन संग्रह का हर नेकलेस विशेषज्ञ कारीगरों द्वारा हाथों से गढ़ा गया है, जो समकालीन लालित्य के साथ कालातीत भारतीय शिल्प कौशल का मिश्रण है। चाहे वह विशेष दिन के लिए हो या उसके आस-पास के कई पलों के लिए, ये सोने और हीरे के नेकल नेकलेस एक विशिष्ट प्रभाव छोड़ने हेतु तैयार किए गए हैं। 85 से ज्यादा वर्षों की विरासत और भारत भर में 175 से ज्यादा स्टोर्स में मौजूदगी के साथ, सेनको दुल्हन के गहनों के निर्माण में भरोसेमंद नाम बना हुआ है - जिसे अब आज की दुल्हन के लिए फिर से तैयार किया गया है।



# शरीर के लिए 36-46 की उम्र सबसे महत्वपूर्ण

**हेल्सिंकी, एजेंसी।** सेहतमंद जिंदगी की बुनियाद युवावस्था में ही रखी जाती है, लेकिन एक नया शोध बताता है कि 36 से 46 वर्ष की उम्र का दशक इंसानी सेहत के लिए सबसे निर्णायक होता है। इस दौरान धूम्रपान-शराब का ज्यादा सेवन करने जैसी आदतें इतनी घातक हो जाती हैं कि इन्हें बदलना बेहद कठिन हो जाता है। इस उम्र में ये आदतें बनी रहती हैं, तो शरीर पर उनका प्रभाव स्थायी हो जाता है।

यह शोध फिनलैंड के शोधकर्ताओं ने किया है और इसे अंतरराष्ट्रीय जर्नल एनेल्स ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित किया गया है। इसके मुताबिक, इस उम्र के बाद अगर कोई व्यक्ति अपनी आदतें बदलना चाहे, तो भी शरीर और मस्तिष्क पर पड़े असर की भरपाई कर पाना मुश्किल हो सकता है। इन आदतों का असर धीरे-धीरे शरीर की जैविक प्रणाली का हिस्सा बन जाता है। जो लोग अपनी 30 की उम्र के बाद लगातार इन जोखिम भरे व्यवहारों में लगे रहते हैं, उनकी सेहत 50 की उम्र के बाद और अधिक खराब हो जाती है।

**मोटापा-मधुमेह से पीड़ित मिले लोग :** शोध में सैकड़ों लोगों के जीवन के 30 वर्षों के स्वास्थ्य आंकड़ों को खंगाला गया। पाया कि जो लोग धूम्रपान, शराब और कम शारीरिक गतिविधि से जुड़े रहे, उन्में तत्काल कोई नुकसान नहीं दिखा, लेकिन 36 की उम्र के बाद वही आदतें मानसिक तनाव, मेटाबॉलिक बीमारियों जैसे मोटापा, डायबिटीज का कारण बनीं।



### शरीर और दिमाग हो जाता है कमजोर

- एक भी गलत आदत से समय से पहले मौत और बीमारियों का खतरा बढ़ता है
- ये आदतें धीरे-धीरे शरीर और दिमाग को कमजोर करती हैं
- 20-30 की उम्र में असर कम, 30 के बाद तेजी से बढ़ता है
- 20-30 में शुरू की गई आदतें 40 के बाद मानसिक रोग बढ़ाती हैं
- व्यायाम की कमी से मोटापा, शुगर, बीपी का खतरा दोगुना

pfrda

UPS Unified Pension Scheme — Assured Payout for Government Employees

NPS TRUST




दिनांक: 02 जून, 2025

**सार्वजनिक सूचना**

ऐसे अभिदाता, जो न्यूनतम 10 साल की अर्हता सेवा के साथ 31/03/2025 को या उससे पहले सेवानिवृत्त हुए हों अथवा कानूनी रूप से विवाहित उनके पति/पत्नी, पहले से दावा किए गए एनपीएस लाभों के **अलावा**, एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के अंतर्गत निम्नलिखित **अतिरिक्त लाभों** का दावा कर सकते हैं।

- एकमुश्त भुगतान (एक बार में) अंतिम आहरित मूल वेतन और उस पर महंगाई भत्ते का दसवां हिस्सा, जो अर्हता सेवा के दौरान पूर्ण की गयी प्रत्येक छमाही के लिए होगा।
- मासिक टॉप–अप राशि की गणना निम्नलिखित आधार पर की जाएगी – स्वीकार्य यूपीएस भुगतान + **महंगाई राहत (डीआर)** – एनपीएस के तहत प्रतिनिधि वार्षिकी राशि।
- लागू पीपीएफ दरों पर साधारण ब्याज के साथ बकाया राशि।

**यूपीएस लाभों का दावा करें**

**भौतिक माध्यम से** – www.npscra.nsdl.co.in/ups.php लिंक से फॉर्म डाउनलोड करें और डीडीओ के पास फॉर्म जमा करें। (बी2 – अभिदाता के लिए और बी4/बी6 – कानूनी रूप से विवाहित उनके पति/पत्नी के लिए)

**ऑनलाइन माध्यम से** – ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए www.npscra.nsdl.co.in/ups.php लिंक पर जाएं।


**दावा करने की अंतिम तिथि: 30 जून 2025**

अधिक जानकारी के लिए, नीचे दिए गए लिंक पर वेबिनार में शामिल हो सकते हैं:
https://www.pfrda.org.in/index1.cshtml?lsid=546

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें

**राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास** बी–302, टॉवर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली–110029 | यूपीएस हेल्प डेस्क (टोल–फ्री) नंबर: 18005712930 | फॉलो करें

# क्या खत्म होगा विराट कोहली का 17 साल का खिताबी इंतजार !



**नई दिल्ली, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** आईपीएल इस सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ( आरसीबी ) पंजाब किंग्स को क्वालिफायर-1 में हराकर फाइनल में पहुंच चुका है। यह आरसीबी का चौथा फाइनल है, लेकिन टीम अब तक खेले गए तीन फाइनल में से एक भी नहीं जीत पाई है। अब देखना होगा कि क्या इस साल टीम ट्रॉफी उठाने में सफल होती है या नहीं ?

**नौ साल बाद फाइनल :** टीम इससे पहले साल 2009, 2011 और 2016 के सत्र में फाइनल में पहुंची थी। मंगलवार को आरसीबी की टीम फाइनल में खिताबी सूखे को खत्म करने के इरादे से उतरेगी। यह देखना भी दिलचस्प होगा कि विराट कोहली, जिन्होंने अपने 17 साल इसी एक फ्रेंचाइजी को दिए, क्या वे इस साल खिताब को अपने हाथों में उठा पाएंगे।



> आरसीबी के साथ जुड़ाव एक भावनात्मक सफर है। जिस तरह की क्रिकेट हमने खेली है, वह लाजवाब है। साथ ही हमारे प्रशंसकों के लिए खेलना भी गर्व की बात है। अब कोच के रूप में ट्रॉफी जीतने का एक मौका और मिला है। जो सपना खिलाड़ी रहते अधूरा रह गया था, उसे अब पूरा करना चाहता हूं।
> –**दिनेश कार्तिक,** बल्लेबाजी कोच, आरसीबी

इस बार आरसीबी ने लीग चरण में भी शानदार प्रदर्शन किया और अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रही। क्वालिफायर-1 में फाइनल में पहुंचने की आस लेकर उतरी आरसीबी ने पंजाब किंग्स को चारों खाने चित्त कर दिया था। पहले आरसीबी के गेंदबाजों ने कमाल की गेंदबाजी करते हुए पंजाब को 101 रन पर ऑलआउट किया। उसके बाद बल्ले से फिल सॉल्ट ने पंजाब के घाव पर नमक छिड़कने का काम किया। आरसीबी ने मात्र 10 ओवर में 106 रन बना आठ विकेट से जीता और चौथी बार आईपीएल के फाइनल में जगह बनाई।

**बेहतरीन प्रदर्शन :** आरसीबी के कप्तान राजत पाटीदार की अगुआई में टीम ने इस सीजन में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। विराट कोहली ने अब तक 614 रन बनाकर टीम के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है, साथ ही इस सत्र में विराट के नाम सर्वाधिक अर्धशतक ( 8 ) भी हैं जबकि जोश हेजलवुड ने 21 विकेट लेकर गेंदबाजी में अहम भूमिका निभाई है।

**आंकड़े बेंगलुरु के पक्ष में :** इतिहास भी इस बार आरसीबी के पक्ष में होता दिख रहा है। आंकड़ों की बात करें तो ज्यादातर क्वालिफायर-1 जीतने वाली टीम ने ही ट्रॉफी उठाई है। पिछले 14 क्वालिफायर-1 में से 11 बार जीतने वाली टीम ने फाइनल में भी जीत हासिल की है।

ऐसे में बेंगलुरु के पास खिताबी सूखा खत्म करने का सुनहरा मौका है। आरसीबी के प्रशंसकों को भी उम्मीद है कि इस बार टीम खिताब जीतकर इतिहास रचेगी और विराट कोहली के 17 साल के सफर को यादगार बना पहली बार आईपीएल ट्रॉफी अपने नाम करेगी।






| ऑरेंज कैप | |
|---|---|
| सुदर्शन ( गुजरात ) | 759 |
| सूर्यकुमार ( मुंबई ) | 673 |
| शुभमान ( गुजरात ) | 650 |

| पर्पल कैप | |
|---|---|
| कृष्णा ( गुजरात ) | 25 |
| नूर ( चेन्नई ) | 24 |
| हेजलवुड ( बेंगलुरु ) | 21 |



•आंकड़े शुक्रवार तक के हैं

**फ्रेंच ओपन :** चौथे दौर में चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को बनाया उलटफेर का शिकार

# स्वितोलिना पांचवीं बार क्वार्टर में

**पेरिस, एजेंसी।** अपने पहले ग्रैंड स्लैम खिताब का 14 साल से इंतजार कर रहीं एलिना स्वितोलिना पांचवीं बार फ्रेंच ओपन टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। पुरुष वर्ग में अमेरिका के टॉमी पॉल भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं।

**पिछड़ने के बाद जीतीं :** युक्रेन की 30 साल की 13वीं वरीयता वाली इस खिलाड़ी ने रविवार को चौथे दौर में चौथी वरीयता प्राप्त इटली की जैस्मीन पाओलिनी को शिकस्त दे दी। स्वितोलिना को पहले सेट में 4-6 से हार का सामना करना पड़ा। लेकिन उन्होंने लय में वापसी करते हुए अगले दोनों सेट 7-6, 6-1 से जीतकर एक बार फिर क्वार्टर का टिकट कटा लिया। इससे पहले 14 बार में से वह चार बार ही यहां तक पहुंची हैं।

उनके अलावा पुरुष वर्ग में अमेरिका के 12वें वरीय टॉमी पॉल ने भी आसान जीत के साथ अगले दौर का टिकट कटाया। उन्होंने 25वें वरीय ऑस्ट्रेलिया के एलेक्सी प्रोपिरिन को लगातार सेट में 6-3, 6-3, 6-3 से पराजित कर दिया।

**जोकोविच भी चौथे दौर में :** इससे पहले शनिवार रात के मुकाबलों में दिग्गज नोवाक जोकोविच ने तीसरे दौर में आसान जीत दर्ज की। उन्होंने क्वालीफायर फिलिप मिसोलिच को एकतरफा मुकाबले में 6-3, 6-4, 6-2 से शिकस्त देकर 16वीं बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में जगह बनाई।

**फुटबॉल का भी फ्लेवर :** यह मुकाबला कोर्ट फिलिप-चैटियर में खेला गया जो फुटबॉल टीम पेरिस सेंट जर्मेन ( पीएसजी ) के घरेलू स्टेडियम से कुछ ही दूरी पर है। कल रात ही फ्रांस के क्लब पीएसजी ने जर्मनी के म्यूनिख में इटली के इंटर मिलान को 5-0 से हराकर यूरोपीय क्लबों की शीर्ष फुटबॉल प्रतियोगिता चैंपियंस लीग में अपनी पहली खिताबी जीत दर्ज की थी। ऐसे में उसके स्टेडियम से लगातार पटाखों की आवाजें आ रही थीं।

अपने करियर में अभी तक रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सर्बियाई खिलाड़ी 38 साल के जोकोविच हालांकि ये फुटबॉल मैच टेलीविजन पर देखने के लिए अपना मुकाबला इस समय नहीं खेलना चाहते थे।

**नोवाक भी प्रशंसक :** उन्होंने एकतरफा जीत के बाद कहा, यह दिलचस्प था। यहां स्टेडियम में दर्शक भी फुटबॉल मैच पर नजर रखे रहे। मैं सुन सकता था कि उन्होंने कब गोल किया। वे कई बार जश्न मना रहे थे। मैं सोच रहा था, वाह, पेरिस ने बहुत सारे गोल किए। क्या हो रहा है? अब मैंने सुना कि यह 5-0 है। ईमानदारी से कहूं तो यह काफी शानदार परिणाम है।

जोकोविच ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में 153वें नंबर के मिसोलिच जैसे कम रैंक वाले किसी भी खिलाड़ी से कभी नहीं हारे हैं। उन्होंने इस मैच में पूरा दबदबा बनाए रखा। मिसोलिच की दूसरे सर्विस पर हालांकि जोकोविच सात ब्रेक प्वाइंट हासिल करने के बावजूद एक को भी भुनाने में विफल रहे।

इस खिलाड़ी ने अपने से 15 साल छोटे खिलाड़ी के खिलाफ 33 विनर्स की तुलना में सिर्फ 14 गलतियां कीं। जोकोविच के सामने अंतिम 16 में कैमरून नौरी होंगे। नौरी के खिलाफ जोकोविच का रिकॉर्ड 5-0 का है।



पेरिस में रविवार को फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में जैस्मीन पाओलिनी को शॉट रिटर्न देने की कोशिश करतीं युक्रेन की एलिना स्वितोलिना। • एजेंसी

### बोपन्ना-पावलासेक की जोड़ी हारकर बाहर

**पेरिस।** भारत के रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार एडम पाव लासेक रविवार को फ्रेंच ओपन से बाहर हो गए। भारत और चेक गणराज्य के खिलाड़ी की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी को प्री-क्वार्टर फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त फिनलैंड के हैरी हेलियोवारा और ब्रिटेन के हेनरी पैटन की जोड़ी ने 6-2, 7-6 से शिकस्त दी। युकी भांबरी को अमेरिका के साथी रॉबर्ट गैलोवे के साथ तीसरे दौर का मैच खेलना है। उनका मुकाबला नौवीं वरीयता प्राप्त अमेरिका के क्रिश्चियन हैरिसन और इवान किंग से होगा। जूनियर चैंपियनशिप में भारत के 17 साल के मानस धामने अमेरिका के क्वालीफायर रोनित कार्की से 5-7, 3-6 से हारकर बाहर हो गए। धामने ने क्वालीफायर के तौर पर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया था।

## मुकेश कुमार की गेंदबाजी से भारत ए की शानदार वापसी

**कैंटरबरी, एजेंसी।** तेज गेंदबाज मुकेश कुमार की घातक गेंदबाजी से भारत ए ने रविवार को मैच में वापसी की। उन्होंने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनधिकृत चार दिवसीय टेस्ट के तीसरे दिन तीन विकेट झटके। मुकेश ने मैक्स होल्डन, कप्तान जेम्स रियू और रेहान अहमद को पवेलियन भेजा। होल्डन ने 101 गेंदों पर 101 रन की शतकीय पारी खेली।

इसके बावजूद इंग्लैंड लायंस की टीम लंच तक पांच विकेट पर 333 रन ही बना सकी। लंच के समय लायंस भारत ए के स्कोर से 224 रन पीछे था। मुकेश की गेंद पर होल्डन ने विकेट के पीछे ध्रुव जुरेल को कैच थमाया। कप्तान जेम्स रियू को उन्होंने पगबाधा आउट किया। रेहान अहमद ने दूसरी स्लिप में सरफराज खान को कैच दिया।

## दूसरे वनडे में विंडीज के लिए केसी कार्टी ने जड़ा शतक

**कार्डिफ, एजेंसी।** केसी कार्टी के शानदार शतक ( 103 रन, 105 गेंद ) की मदद से वेस्टइंडीज ने रविवार को दूसरे वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मेजबान इंग्लैंड को 309 रन का लक्ष्य दिया। मेजबान टीम ने टॉस जीतकर विंडीज को बल्लेबाजी को कहा जिसकी टीम 47.4 ओवर में 308 रन पर आउट हो गई।

कार्टी के अलावा मेहमान टीम की ओर से ब्रैंडन किंग ( 59 ) और कप्तान शाई होप ( 78 ) ने भी अर्धशतकीय पारियां खेलीं। इंग्लैंड की ओर से आदिल रशीद ने चार जबकि साकिब महमूद ने तीन विकेट चटकाए।

## इंग्लैंड का दौरा शुभमान के लिए कड़ी परीक्षा : करीम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय चयनकर्ता सबा करीम का मानना है कि आगामी इंग्लैंड दौरा नए टेस्ट कप्तान शुभमान गिल के लिए कड़ी परीक्षा जैसा होगा। कप्तान के रूप में उनकी सफलता उनके बल्लेबाजी प्रदर्शन पर निर्भर करेगी।

रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को कप्तान नियुक्त करके भारत ने टेस्ट क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत की है।

करीम ने रविवार को फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम से इतर कहा, मुझे यकीन है कि वह इसके लिए तैयार हैं। उन्हें बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अगर वह ऐसा करने में सफल रहते हैं तो इससे उनकी कप्तानी पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज को विश्वास है कि भारत की युवा टीम इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन करके अनुकूल परिणाम हासिल करेगी। उन्होंने कहा, मुझे इस भारतीय टीम से अच्छे नतीजों की उम्मीद है। मैच वास्तव में प्रतिस्पर्धी होंगे और मुझे लगता है कि भारतीय खिलाड़ी इसके लिए तैयार हैं।

**खेल 30s**

### लवलीना की अकादमी का उद्घाटन कल

**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक की कांस्य विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन की अकादमी का उद्घाटन मंगलवार को गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा करेंगे। यह अकादमी युवा प्रतिभा को पोषित कर उन्हें विश्व स्तरीय प्रशिक्षण और बुनियादी ढांचा प्रदान करने की लवलीना की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। लवलीना ने रविवार को कहा, यह अकादमी सिर्फ प्रशिक्षण सुविधा से कहीं बढ़कर है। यह एक सपना है, जो मैंने खुद और असम के उन अनगिनत युवाओं के लिए देखा है जो रिंग में उतरना चाहते हैं। मैं चाहती हूं यहां महत्वाकांक्षी खिलाड़ी मुक्केबाजी की कला सीखें। जज्बा, अनुशासन और आत्मविश्वास भी हासिल करें।



### 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' में आए दिग्गज

**नई दिल्ली।** फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 25वें संस्करण में रविवार को तिरंगा रैली में सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी गई। सुबह देश भर में पांच हजार से अधिक स्थानों पर हुए कार्यक्रम साढ़े सात हजार से अधिक साइकिल चालकों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में शामिल सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मंडाविया ने सचिव ( खेल ) हरि रंजन राव, खेल जगत की हस्तियां, ओलंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त, क्रिकेटर सबा करीम, पहलवान सरिता मोर, बॉलीवुड अभिनेत्री शारवरी और भारतीय साइकिलिंग टीम के साथ 1500 से अधिक साइकिल चालकों की तिरंगा रैली की अगुआई की।

### मेसी के दम पर इंटर मियामी ने कोलंबस को हराया

**फोर्ट लॉडरडेल ( अमेरिका )।** दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी के दो गोल की मदद से इंटर मियामी ने एमएलएस ( अमेरिका की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग-मेजर लीग सॉकर ) में कोलंबस क्रू को शनिवार को 5-1 से हरा दिया। अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता कप्तान मेसी ने मैच में नौ मिनट ( 15वें और 24वें ) में दो गोल करने के साथ ही दो गोल में सहायक की भूमिका निभाई। पिछले सप्ताह तक खराब दौर से गुजर रही मियामी की यह लगातार दूसरी जीत है। टीम के बाकी तीन गोल 13वें मिनट में तादेओ अलेंदे, 89वें मिनट में फाफा पिकॉल्ट और 64वें मिनट में दिग्गज लुइ सुआरेज ने किए। मेसी 16 गोल के साथ अब लीग के मौजूदा सत्र में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए है।



## मेरा लक्ष्य शीर्ष-75 में पहुंचना : घोरपड़े

**अहमदाबाद।** सिर्फ एक साल पहले सीनियर स्तर पर पदार्पण करने वाली भारत की युवा महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी यशस्विनी घोरपड़े तेजी से विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में शामिल हो गई हैं। विश्व रैंकिंग में 84वें स्थान पर काबिज घोरपड़े का लक्ष्य अब शीर्ष 75 में जगह बनाना है।

उन्होंने रविवार को कहा, इसके साथ ही मैं इसी साल देश की नंबर एक खिलाड़ी भी बनना चाहती हूं। ये मेरे तात्कालिक लक्ष्य हैं। मेरा अगला लक्ष्य एशियाई खेल और उसके बाद ओलंपिक है। घोरपड़े ने कहा, जब मैंने अंडर-15 में पहली राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती थी, तब मैं आठवीं कक्षा में थी और फिर मैंने अंडर-19 राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती।

## गुकेश का संघर्ष, एरिगैसी ने नाकामुरा को हराया

**नॉर्वे शतरंज**

**स्टावेंजर, एजेंसी।** मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश का नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में उतार-चढ़ाव भरा सफर जारी रहा। वे चीन के वेई यी से आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हारकर संयुक्त पांचवें स्थान पर खिसक गए। उनके साथ ही चीन के वेई वी के भी साढ़े पांच अंक हैं।

**अर्जुन ने नाकामुरा को मात दी :** भारत के ही अर्जुन एरिगैसी ने अमेरिका के विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा को हराकर अपना चौथा स्थान बरकरार रखा।

गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने शनिवार को भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने काले मोहरों से खेलते हुए फैबियानो कारुआना के खिलाफ आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत हासिल कर अपने अंकों की संख्या 9.5 पर पहुंचा दी।

**हंपी को एकल बढ़त :** महिला वर्ग में, दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी ने चीन की लेई टिंगजी के खिलाफ टाई-ब्रेक जीत के बाद 8.5 अंकों के साथ एकल बढ़त हासिल कर ली है जबकि आर वैशाली ने स्पेन की खिलाड़ी सारा खादेम के खिलाफ निर्णायक जीत हासिल की, जिससे उन्हें तीन अंक मिले और वह 6.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गईं।

## मनीष-सृष्टि और मोना ने पदक जीते

**चांगवोन (दक्षिण कोरिया)।** भारत की मोना अग्रवाल ने पैरा विश्व कप निशानेबाजी के दूसरे दिन रविवार को रजत पदक जीत लिया। उनके अलावा मनीष नरवाल और सृष्टि अरोड़ा की मिश्रित एयर पिस्टल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मिक्स्ड एयर पिस्टल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण और रुद्रांश खंडेलवाल और सुमेधा पाठक की टीम ने कांस्य पदक जीता।

मोना अग्रवाल महिलाओं के पी2 श्रेणी में 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच वन स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहीं। अवनी लेखरा और इशांक आहूजा की आर 10 मिश्रित टीम ने 10 मीटर राइफल एसएच 1 स्पर्धा में कांस्य पदक जाता। दिन के आखिर तक कुल तीन स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक जीते।

## जूनियर टीम ने उरुग्वे को शूटआउट में 3-1 से हराया

**महिला हॉकी**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने अर्जेंटीना के रोसारियो में चार देशों की जूनियर महिला हॉकी टूर्नामेंट के अपने पांचवें मुकाबले में उरुग्वे पर शूटआउट में 3-1 से जीत दर्ज की। इससे पहले निर्धारित समय में यह मुकाबला 2-2 की बराबरी पर छूटा था।

**बढ़त से बाद बराबरी को मजबूर :** भारत के लिए उप-कप्तान हिना ( 10वें मिनट ) और लालरिनपुई ( 24वें मिनट ) ने मैच के निर्धारित समय में गोल किए। शुरुआत में हिना ने 10वें मिनट में खाता खोला जबकि लालरिनपुई के गोल से मध्यांतर तक भारत ने 2-0 की बढ़त बना ली। उरुग्वे ने हालांकि आखिरी क्वार्टर में शानदार वापसी की। जहां इनेस डी पोसादास ने 54वें मिनट और मिलाग्रोस सेगल ने 57वें मिनट गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया।

**शूटआउट में किए तीन गोल :** शूटआउट में भारत ने अपना संयम बनाए रखा और गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने लगातार तीन गोल किए, जबकि उरुग्वे को केवल एक ही गोल करने का मौका मिला। भारत अब रविवार ( भारतीय समयानुसार सोमवार ) को मेजबान अर्जेंटीना के खिलाफ खेलेगा।

**चैंपियंस लीग** | पेरिस सेंट-जर्मेन ने फाइनल में दर्ज की 5-0 से जोरदार जीत, इस सत्र में तीन खिताब जीत हैट्रिक पूरी की, दो गोल करके डिजायर डोए बने मैच के हीरो

# इंटर मिलान को रौंदकर पीएसजी ने पहली बार जीता खिताब

**म्यूनिख, एजेंसी।** मशहूर यूरोपीय फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट-जर्मेन ( पीएसजी ) ने पहली बार यूरोपीय क्लब फुटबॉल की सबसे बड़ी प्रतियोगिता चैंपियंस लीग का खिताब जीत लिया है। उसने शनिवार रात खेले गए एकतरफा फाइनल में इंटर मिलान को 5-0 से करारी शिकस्त दे दी।

**डिजायर बने मैच के हीरो :** फाइनल में डिजायर डोए दो गोल ( 20वें और 63वें मिनट ) करके हीरो बने। उन्होंने एक गोल करने में मदद भी की। उनके अलावा अचरफ हकीमी ( 12वें ), ख्विचा क्वारात्सखेलिया ( 73वें ) और स्थानापन्न सेनी मायुलु ( 86वें ) ने भी एक-एक गोल करके पीएसजी की जीत पक्की की।

यह 70 वर्षों में चैंपियंस लीग के फाइनल में किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत है। यह सत्र का उसका तीसरा खिताब है। पीएसजी ने लीग वन और फ्रेंच कप खिताब भी जीते थे।



म्यूनिख में शनिवार रात चैंपियंस लीग के फाइनल में इंटर मिलान को हरा खिताब जीतने के बाद ट्रॉफी संग जश्न मनाते पीएसजी के खिलाड़ी। • एजेंसी

### फाइनल के गोलवीरों का टूर्नामेंट में प्रदर्शन

**डोए, फॉरवर्ड**
741 मिनट, 16 मैच, 5 गोल

**सेन्नी मायउलू, मिडफिल्डर**
46 मिनट, 4 मैच, 02 गोल

**अचरफ हकीमी, डिफेंडर**
1541 मिनट, 17 मैच, 4 गोल

**क्वारत्सखेलिया, फॉरवर्ड**
735 मिनट, 9 मैच, 03 गोल

> अब हमारे पास चैंपियंस लीग की ट्रॉफी है। जब मैं पीएसजी की टीम से जुड़ा था तो पहले दिन ही कहा था कि हमारा लक्ष्य चैंपियंस लीग का खिताब जीतना है। यह एकमात्र ट्रॉफी थी जिसे हम अभी तक नहीं जीत पाए थे।
> –**लुई एनरिक,** कोच, पीएसजी

### दिग्गज भी टीम को नहीं दिला सके थे खिताब

यह वह ट्रॉफी थी जो लियोनेल मेसी, नेमार या किलियन एमबापे भी फ्रांस के इस क्लब को नहीं दिला पाए थे। इससे पहले पीएसजी की टीम 2020 में भी चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंची थी लेकिन तब वह बायर्न म्यूनिख से हार गई थी, जिसके बाद नेमार लिस्बन के खाली स्टेडियम में रो पड़े थे। कोरोना महामारी के कारण तब मैच खाली स्टेडियम में खेला गया था।

## पेरिस सेंट-जर्मेन को 10 देशों ने बनाया चैंपियन

**नई दिल्ली।** देखा जाए तो पीएसजी को यादगार चैंपियंस लीग का खिताब दिलाने में 10 देशों का हाथ रहा। अभी टीम में शामिल कुल 24 खिलाड़ियों में दुनिया के 10 देशों के खिलाड़ी थे।

**फ्रांस के सर्वाधिक नौ :** इसमें फ्रांस के सबसे ज्यादा नौ ( किंपेंब, डेंबेले, डोउ, लुकास हर्नांडेज, सेनी मायुलु, बारकोला, एमरी, योरम जैग, इब्राहिम म्बाये ) शामिल थे। दूसरे नंबर पर पुर्तगाल के चार ( रामोस, वितिंहा, नूनो मेंडेस, पोर जोआओ नेव्स ) खिलाड़ी थे। इसके अलावा ब्राजील ( मार्क्विनहोस, लुकास बेराल्डो, ), स्पेन ( रुइज, अर्नो टेनास ) और मोरक्को ( हनाच, हकीमी ) के दो-दो खिलाड़ी थे। इटली ( डोनारुम्मा ), जॉर्जिया ( क्वारत्सखेलिया ), दक्षिण कोरिया ( कांग-इन, मिडफिल्डर ), रूस ( सफोनोव, गोलकीपर ) और इक्वाडोर ( विलियन पाचो ) के एक-एक खिलाड़ी थे।

### रोहित, लियोनल और मार्क्विनहोस की तर्ज पर

मेसी ने विश्व कप में जीत के जश्न का जो ऐसा तरीका अपनाया था, जो अभी तक जारी है। मेसी विश्व कप जीतने की ट्रॉफी को धीरे-धीरे चलकर टीम के पास लेकर आए और फिर उसे उपर उठाकर जश्न मनाया। इसी तरीके को भारतीय क्रिकेट कप्तान रोहित शर्मा ने टी-20 विश्व कप जीतने के बाद अपनाया। अब पीएसजी के कप्तान मार्क्विनहोस और उनकी टीम ने इसी अंदाज से खुशी जताई।

**यूथ ब्रिगेड ने कर दिखाया :** पीएसजी की टीम में आठ प्रमुख खिलाड़ी ऐसे थे जिनकी उम्र 21 साल या उससे कम थी। टीम में सबसे युवा 17 साल के इब्राहिम म्बाये हैं जबकि सबसे उम्रदराज खिलाड़ी 30 साल के मार्क्विनहोस हैं।

गृह मंत्री ने कहा, वोट बैंक को खुश करने के लिए ममता ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रहीं

# मुर्शिदाबाद दंगे राज्य प्रायोजित थे: शाह

निशाना



कोलकाता में रविवार को एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी। ● एएनआई

**कोलकाता, एजेंसी।** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद में हाल में हुए दंगे राज्य प्रायोजित थे।

गृह मंत्री शाह ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री बनर्जी पर मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर और वक्फ संशोधन अधिनियम का विरोध करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए ममता दीदी ने ऑपरेशन सिंदूर का विरोध किया। ऐसा करके वह इस देश की माताओं और बहनों का अपमान कर रही हैं। वर्ष 2026 (विधानसभा चुनाव) में राज्य की माताएं और बहनें ऑपरेशन सिंदूर की आलोचना करने के लिए मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस को सबक सिखाएंगी। उन्होंने दावा किया कि दीदी की सरकार का समय समाप्त हुआ अब अगले वर्ष बंगाल में भाजपा सत्ता में होगी।

अप्रैल में मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर शाह ने दावा किया कि दंगों में तृणमूल कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता शामिल थे। उन्होंने आरोप लगाया, मुर्शिदाबाद दंगे राज्य प्रायोजित थे। मुर्शिदाबाद दंगों के दौरान गृह मंत्रालय बीएसएफ की तैनाती पर जोर देता रहा, लेकिन तृणमूल सरकार ने ऐसा नहीं होने दिया, ताकि हिंसा जारी रहे।

वक्फ कानून को लेकर प्रदर्शन के दौरान मुर्शिदाबाद में हुए सांप्रदायिक दंगों में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। गृह मंत्री ने वक्फ संशोधन अधिनियम का विरोध करने के लिए भी बनर्जी की आलोचना की। शाह ने कहा, ममता बनर्जी तुष्टीकरण की राजनीति के लिए इस कानून के खिलाफ हैं।

**केंद्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन :** शाह ने कोलकाता के निकट राजारहाट में केंद्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के नए भवन का रविवार को उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इससे पूर्वी और पूर्वोत्तर राज्यों में जटिल मामलों की जांच के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाने में मदद मिलेगी। यह प्रयोगशाला सुरक्षित, पारदर्शी व साक्ष्य-आधारित आपराधिक न्याय प्रणाली बनाने के केंद्र सरकार के दीर्घकालिक प्रयासों की दिशा में मील का पत्थर है। उन्होंने कहा, हम आधुनिक फॉरेंसिक एवं जांच संबंधी बुनियादी ढांचे की श्रृंखला में प्रत्येक कड़ी को मजबूत करना जारी रखे हुए हैं। शाह ने कहा, यह प्रयोगशाला पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर में आपराधिक न्याय प्रणाली को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

> वर्ष 2026 के धानसभा चुनाव में राज्य की माताएं और बहनें ऑपरेशन सिंदूर की आलोचना करने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को सबक सिखाएंगी। दीदी की सरकार का समय समाप्त हुआ अब अगले वर्ष बंगाल में भाजपा सत्ता में होगी।
>
> –अमित शाह, गृह मंत्री

### बांग्लादेश से अवैध घुसपैठ को बढ़ावा दे रही टीएमसी

तृणमूल पर बांग्लादेश से अवैध घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए शाह ने कहा, ममता बनर्जी ने बांग्लादेशियों के लिए बंगाल की सीमाएं खोल दी हैं। वह घुसपैठ को कभी नहीं रोक सकतीं, केवल भाजपा ही ऐसा कर सकती है। घुसपैठ रोकने में बीएसएफ की विफलता की तृणमूल की आलोचना का जवाब देते हुए शाह ने कहा कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार ने बीएसएफ को जरूरी जमीन नहीं दी है। उन्होंने कहा, एक बार तृणमूल सरकार बीएसएफ को जरूरी जमीन दे दे, तो हम घुसपैठ रोक देंगे। शाह ने दावा किया, लेकिन बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी कभी भी बीएसएफ को जमीन नहीं देगी, वह चाहती है घुसपैठ जारी रहे ताकि वह सत्ता में बनी रहे।

## 48 विषैले सांपों के साथ यात्री गिरफ्तार

**मुंबई।** थाईलैंड से मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे यात्री के पास से 48 अत्यंत विषैले सांप और पांच कछुए पाए गए। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

अधिकारी ने रविवार को बताया कि शनिवार रात को बैंकॉक से आई एक उड़ान से उतरे यात्री को रोका। यात्री के सामान की तलाशी के दौरान सीमा शुल्क अधिकारियों को 48 अत्यंत विषैले वाइपर सांप और पांच कछुए मिले। आरएडब्ल्यूडब्ल्यू (रेसक्विंक एसोसिएशन फॉर वाइल्डलाइफ वेलफेयर) की एक टीम ने इनकी प्रजातियों की पहचान और प्रबंधन में सहायता की।

## बाघिन ने दिया चार शावकों को जन्म

**अलवर।** राजस्थान में अलवर जिले के सरिस्का बाघ अभयारण्य में एक बाघिन एसटी-19 ने चार शावकों को जन्म दिया है। अब इनकी संख्या बढ़कर 48 हो गई है।

इसकी पहली तस्वीर सामने आते ही सरिस्का प्रशासन, वन्य जीव प्रेमियों और वन विभाग के अधिकारियों में खुशी के लहर दौड़ गई। इसके साथ ही एसटी 19 सरिस्का की तीसरी ऐसी बाघिन बन गई है, जिसने चार शावकों को जन्म दिया है। इससे पहले एसटी-12 और एसटी -22 भी चार चार शावकों को जन्म दे चुकी हैं।

## देश 30s



एयर मार्शल मनीष खन्ना (बाएं) ने रविवार को दक्षिणी वायु कमान का पदभार ग्रहण किया। ● प्रेट्र

### एयर मार्शल खन्ना ने पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** एयर मार्शल मनीष खन्ना ने रविवार को दक्षिणी वायु कमान का पदभार ग्रहण किया। वायुसेना अधिकारी के पास विभिन्न लड़ाकू और प्रशिक्षक विमानों पर 4,000 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव है। सरकार ने एक बयान में कहा कि एयर मार्शल राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र हैं। उन्होंने 16 दिसंबर, 1989 को भारतीय वायुसेना में एक लड़ाकू पायलट के रूप में कमीशन प्राप्त किया था। वायुसेना अधिकारी श्रेणी ए योग्यता प्राप्त उड़ान प्रशिक्षक हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर पर निबंध प्रतियोगिता शुरू की

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आधारित एक निबंध प्रतियोगिता की रविवार को घोषणा की। प्रतियोगिता एक जून से शुरू हो गई है। प्रतियोगिता 30 जून तक आयोजित की जाएगी। मंत्रालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिये बताया कि शीर्ष तीन विजेताओं को 10,000–10,000 रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा और उन्हें दिल्ली के लाल किले में आयोजित होने वाले 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने का विशेष अवसर मिलेगा।

### असम में अब तक 81 राष्ट्रविरोधी गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद असम में अब तक 81 लोग राष्ट्रविरोधी होने के आरोप में गिरफ्तार किए गए। रविवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, दो और लोगों को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। इन पर देश विरोधी गतिविधियों का आरोप है। गिरफ्तारी सोनितपुर और कामरूप जिलों से हुई है। सरमा ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, पाकिस्तान के प्रति सहानुभूति रखने वाले 81 राष्ट्रविरोधी अब सलाखों के पीछे हैं।

### कुंभ की तैयारी को नासिक पहुंचे देवेंद्र फडणवीस

**नासिक।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस रविवार को नासिक पहुंचे। वह 2027 में होने वाले सिंहस्थ कुंभ की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में 13 अखाड़ों के संत और विभिन्न संबंधित एजेंसियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। बाद में, फडणवीस नासिक रोड स्थित महाराष्ट्र पर्यावरण अभियांत्रिकी प्रशिक्षण एवं शोध अकादमी (मित्रा) एक कार्यक्रम में भी भाग लेंगे।

### लोकसभा अध्यक्ष बिरला ब्राजील यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रविवार को 11वें ब्रिक्स संसदीय मंच में भाग लेने के लिए ब्राजील की यात्रा पर रवाना हुए। वहां वे बहुपक्षीय शांति और सुरक्षा ढांचे में सुधार पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। बिरला ब्रिक्स संसदीय मंच के लिए भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। यह सम्मेलन 3–5 जून को ब्रासीलिया में आयोजित किया जाएगा।

### हिमाचल में सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी में रविवार को एक हादसे में पिकअप सवार 5 श्रमिकों की मौत और एक घायल हो गया। वाहन अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग से टकरा गया था। पुलिस ने बताया कि वाहन पंजाब के लुधियाना से मंडी के कामंद में स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जा रहा था। उसी दौरान ही यह दुर्घटना घटी। प्रारंभिक जांच के अनुसार, चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और वाहन पुल की रेलिंग से टकरा गया।

## दावा: पाकिस्तान में मिला दुबई से चोरी हुआ आईपॉड

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटिश यूट्यूबर लॉर्ड माइल्स का आईपॉड एक साल पहले दुबई के होटल से चोरी हो गया था। माइल्स ने दावा किया कि उन्होंने आईपॉड को पाकिस्तान से खोज निकाला है।

यूट्यूबर माइल्स ने एयरपॉड को पाकिस्तान जाकर लाने का ऐलान किया है। माइल्स के यूट्यूब पर 1.72 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर्स हैं। माइल्स ने एप्पल के लॉस्ट मोड और फाइंड माई ऐप की मदद से अपने एयरपोड को पाकिस्तान के झेलम शहर से खोज निकाला है। 29 मई को उन्होंने एक्स पर एक स्क्रीनशॉट शेयर किया, जिसमें एयरपोड की लोकेशन डिफेंस रोड स्थित सकेंड वाइफ रेस्टोरेंट के पास दिखाई गई थी। उन्होंने बताया कि डिवाइस की हालिया एक्टिविटी सिर्फ 31 मिनट पहले की थी।

माइल्स ने कहा कि आईपोड चोरी होने के बाद पाकिस्तान पहुंच गया। इसके बाद से मैंने लॉस्ट मोड ऑन कर दिया है और जब भी वह इसका इस्तेमाल करता है मैं फाइंड मी की आवाज चलाता हूं। अब मैं एक पुलिस अधिकारी के साथ पाकिस्तान जाऊंगा, उस इलाके में छापा मारूंगा और अपने एयरपोड वापस लूंगा और पूरे मिशन की वीडियो भी बनाऊंगा।

## गोगोई ने असम सरकार को घेरा

**गुवाहाटी।** कांग्रेस की असम इकाई के नवनियुक्त अध्यक्ष गौरव गोगोई ने रविवार को भाजपा नीत राज्य सरकार की आलोचना की। गौरव ने कहा कि सत्तारूढ़ मोर्चे को केवल सत्ता, धन, भूमि और सिंडिकेट की परवाह है।

गोगोई ने आरोप लगाया कि गुवाहाटी में बाढ़ और जलभराव ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। इसका मुख्य कारण सत्तारूढ़ पार्टी के करीबी मंत्रियों और लोगों द्वारा आर्द्रभूमि पर किया गया अतिक्रमण है। गौरव गोगोई ने रविवार सुबह शिवसागर से नागांव तक 250 किलोमीटर लंबी यात्रा की शुरूआत की। यात्रा के दौरान हजारों समर्थकों के साथ उनका काफिला शाम को जोरहाट और गोलाघाट से गुजरेगा।

## 'आप' सभी मोर्चों पर नाकाम : भाजपा

पंजाब



तरुण चुघ बोले, प्रदेश में लोग अब भी मादक पदार्थों से मर रहे

**लुधियाना, एजेंसी।** पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार सभी मोर्चों पर पूरी तरह विफल रही है। पंजाब वर्तमान में आप के अराजक और दिशाहीन शासन से पीड़ित है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने रविवार को यह बात मीडिया से कही।

चुघ ने यह टिप्पणी लुधियाना पश्चिम विधानसभा उपचुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवार जीवन गुप्ता के पक्ष में प्रचार करते हुए की। जनवरी में आप विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी के निधन के बाद यह सीट खाली हो गई थी। इस सीट के लिए उपचुनाव 19 जून को होगा और मतगणना 23 जून को होगी। चुघ ने आरोप लगाया, पंजाब कानून-व्यवस्था से जुड़े गंभीर संकट का सामना कर रहा है। पूर्ण वित्तीय कुप्रबंधन के कारण राज्य चार लाख करोड़ रुपये से अधिक के कर्ज में डूबा हुआ है। प्रमुख औद्योगिक केंद्र लुधियाना आज खस्ताहाल बुनियादी ढांचे, संगठित अपराध में वृद्धि और मादक पदार्थों के दुरुपयोग से ग्रस्त है।

उन्होंने कहा, निवेशक अन्य राज्यों की ओर भाग रहे हैं, जबकि युवा आप के रोजगार और समृद्धि के खोखले वादों से ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। आप सरकार राज्य के लिए कुछ नहीं कर सकी। चुघ ने भगवंत मान सरकार को प्रत्येक महिला को एक हजार रुपये प्रति माह देने के उसके अधूरे वादे की याद दिलाई। उन्होंने आरोप लगाया कि आप सरकार राज्य में सभी मोर्चों पर पूरी तरह विफल रही है। भाजपा नेता ने भगवंत मान सरकार पर मादक पदार्थ रोधी अभियान में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, मैं भगवंत मान से पूछना चाहता हूं कि 31 मई 'नशे के विरुद्ध युद्ध' के तहत राज्य से मादक पदार्थों के खात्मे का आखिरी दिन था। लेकिन आज भी लोग मादक पदार्थों से मर रहे हैं। क्या यह फर्जी अभियान था? हम इस मुद्दे पर राज्य सरकार की नाकामी को उजागर करेंगे।

## वार्ता से पहले रूस में भीषण बम धमाके से दो पुल तबाह

**मॉस्को, एजेंसी।** रूस-यूक्रेन के बीच सोमवार को होने वाली संघर्ष विराम वार्ता से ठीक पहले रूस के अलग-अलग हिस्सों में हुए बम धमाके में दो पुल तबाह हो गए। ब्रांस्क में पुल का एक हिस्सा रेलवे लाइन पर गिरने से एक यात्री ट्रेन बेपटरी हो गई, जिसमें सात लोग मारे गए और 71 घायल हुए।

रूसी अधिकारियों ने इसे आतंकी हमला करार दिया। पहली घटना ब्रांस्क क्षेत्र की है, जहां शनिवार देर रात एक सड़क पुल में तेज धमाका हुआ। धमाके के बाद पुल धराशायी होकर रेलवे ट्रैक पर जा गिरा। उसी समय एक ट्रेन वहां से गुजर रही थी जो बेपटरी हो गई और लोग मार गए। दूसरी घटना रविवार सुबह कुर्स्क क्षेत्र में घटी जहां एक रेलवे पुल को उड़ा दिया गया। पुल के क्षतिग्रस्त होने से एक मालगाड़ी पटरी से उतरकर नीचे सड़क पर जा गिरी। धमाके में ट्रेन चालक घायल हुआ।

■ पहले धमाके के बाद पुल रेलवे ट्रैक पर जा गिरा उसी समय गुजर रही ट्रेन बेपटरी हो गई

## तीनों सेना ने दिखाई एकजुटता

**मुंबई।** रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि भारतीय सेना ने एक उच्च स्तरीय संयुक्त अंतर-सेवा सुरक्षा अभ्यास आयोजित किया। यह अभ्यास मुंबई के कोलाबा और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 30 और 31 मई को किया गया। इसमें सेना, नौसेना, वायु सेना, तटरक्षक, फोर्स वन (महाराष्ट्र) और मुंबई पुलिस की समान भागीदारी देखी गई।

यह अभ्यास गैर पारंपरिक खतरों की बढ़ती संख्या, सुरक्षा माहौल को मजबूत करने के लिए किया गया। बता दें, गैर-पारंपरिक खतरों में जलवायु परिवर्तन, संक्रामक रोग, प्राकृतिक आपदाएं व आतंकवाद को रखा जाता है।

## उपचुनावों के लिए मतदाता सूची में संशोधन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीते करीब दो दशकों में पहली बार चुनाव आयोग ने उपचुनावों के लिए मतदाता सूची में संशोधन किया है। मतदाता सूची में किसी तरह की गड़बड़ी न हो इसके लिए चुनाव आयोग ने यह कदम उठाया है। पांच निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची में संशोधन किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि आखिरी बार 2006 में तमिलनाडु में उपचुनाव के लिए विशेष संशोधन किया गया था। अधिकारियों ने कहा कि मतदाता सूची को हर चुनाव और उपचुनाव से पहले संशोधित किया जाना चाहिए।

चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव 19 जून को होंगे। पिछले महीने चुनाव आयोग ने इसकी घोषणा की थी। गुजरात में दो विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होंगे, जबकि केरल, पश्चिम बंगाल और पंजाब में एक-एक सीट पर उपचुनाव होंगे। मतगणना 23 जून को होगी। गुजरात में, कादी सीट पर उपचुनाव मौजूदा विधायक करसनभाई पंजाबभाई सोलंकी के निधन के बाद कराया जा रहा है। राज्य में विसावदर सीट पर एक और उपचुनाव भयानी भूपेंद्रभाई के इस्तीफे के कारण हो रहा है।

### अन्नाद्रमुक ने दो उम्मीदवार घोषित किए

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने 19 जून को राज्य की छह राज्यसभा सीट के लिए होने वाले चुनाव के लिए रविवार को दो उम्मीदवारों की घोषणा की। अन्नाद्रमुक महासचिव एके. पलानीस्वामी ने पार्टी की अधिवक्ता इकाई सचिव और पूर्व विधायक आईएसइनबादुरई और पूर्व विधायक एम. धनपाल को चुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित किया। पाट्टाली मक्कल कॉची (पीएमके) नेता अंबुमणि रामदास और मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कषगम (एमडीएमके) नेता वाइको सहित तमिलनाडु के छह मौजूदा राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल 24 जुलाई 2025 को समाप्त होने की वजह से ये सीट रिक्त हुई हैं।

## उत्तराखंड आंदोलनकारी पेंशन से वंचित, ज्ञापन भेजा

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी कमेटी, दिल्ली ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजकर एनसीआर के 375 आंदोलनकारियों को पेंशन सुविधा प्रदान करने की मांग की है। बीते दिनों आंदोलनकारियों ने प्रवासी मामलों के मानद राज्यमंत्री पूरनचंद्र नैनवाल को ज्ञापन देकर यह मांग की।

आंदोलनकारियों का कहना है कि नियम बदलने से उनकी फाइल 2017 से शासन में लंबित पड़ी हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्ष 2000 में उत्तराखंड राज्य के गठन के बाद आंदोलनकारियों को पेंशन देने का फैसला लिया गया। इसके लिए 2008 में शासनादेश निकाला गया। जिनमें उन्हें को आंदोलनकारी माना गया जिन्हें गोली लगी, जेल गए, अखबार की कतरन, संस्थाओं के जरिये डीएम के विवेक पर फैसले को आधार बनाया गया। दिल्ली-एनसीआर के आंदोलनकारियों की पहचान के लिए 2017 में एसडीएम स्तर के अधिकारी की नियुक्ति हुई। आठ सदस्यीय कमेटी गठन की गई। इसमें एनसीआर के 375 आंदोलनकारियों की पहचान की गई।



### खीर भवानी मेले में शामिल होने के लिए कश्मीरी पंडित रवाना

जम्मू से कश्मीरी पंडितों सहित सैकड़ों लोग खीर भवानी मेले में शामिल होने के लिए रविवार सुबह रवाना हुए। कड़ी सुरक्षा के बीच 60 बसों का काफिला भेजा गया। खीर भवानी मेला मंगलवार को गांदरबल के तुलमुल्ला, कुलगाम के मंजगाम और देवसर, अनंतनाग के लोगरीपुरा और कुपवाड़ा के टिक्कर में पांच रागन्या भगवती मंदिरों में आयोजित होगा।

## पालघर हत्याकांड के आरोपी को 24 वर्ष बाद दबोचा गया

**पालघर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में हत्या के एक मामले में 24 साल से फरार आरोपी को पुलिस ने कानपुर, यूपी से गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान 50 वर्षीय ओमप्रकाश दिवाकर उर्फ मामू के रूप में हुई है। एसीपी क्राइम मदन बल्लाल ने रविवार को यह जानकारी दी।

एसीपी बल्लाल ने बताया कि आरोपी ओमप्रकाश, 46 वर्षीय मोहर्रम अली पुत्र मो. इब्राहिम अली नामक व्यक्ति की हत्या के मामले में वांछित था। 14 जनवरी 2001 को विरार इलाके में धारदार हथियार से मोहर्रम अली के पेट में वार कर उसकी हत्या की गई थी। इसके बाद विरार पुलिस ने हारून अली और ओमप्रकाश के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। मोहर्रम अली आरोपी के ऑटोरिक्शा में अकसर यात्रा करता था, लेकिन किराया नहीं देता था। दोनों के बीच इसी बात को लेकर विवाद हुआ और ओमप्रकाश ने मोहर्रम अली पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने ओमप्रकाश के साथी हारून को गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन, ओमप्रकाश भागने में कामयाब रहा।

■ महाराष्ट्र पुलिस की विशेष टीम ने कानपुर से आरोपी को किया गिरफ्तार

## इजरायली हमले में 31 लोगों की मौत

**राफा, एजेंसी।** भूख से बेहाल फलस्तीनियों को रविवार को रोटी के बदले गोली मिली। सेना ने अनियंत्रित भीड़ को तितर-बितर करने के लिए गोलीबारी की। इसमें 31 फलस्तीनी मारे गए और 170 घायल हुए हैं।

दरअसल इजरायल समर्थित गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन का राफा में एक सहायता वितरण केंद्र हैं, जहां से लोगों को खाद्य व मानवीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इस केंद्र से सुबह सहायता वितरित की जानी थी। लेकिन रविवार तड़के करीब तीन बजे ही लोगों ने सहायता केंद्र की ओर बढ़ना शुरू कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब भीड़ सहायता केंद्र से एक किलोमीटर पीछे थी तो इजरायली सैनिकों ने उसे रोक लिया और वापस जाने और बाद में आने का आदेश दिया। भीड़ के न मानने पर गोलीबारी की गई। उधर, सेना ने एक बयान जारी कर कहा कि सहायता केंद्र के पास सैनिकों द्वारा गोलीबारी की सूचना नहीं है। हम मामले की जांच करेंगे। फाउंडेशन ने भी कहा कि उसके सुरक्षा कर्मियों की ओर से गोलीबारी नहीं की गई है।



इजरायली सेना द्वारा रविवार को गाजा शहर में किए गए हवाई हमले के बाद उठता धुएं का गुबार। हमले के बाद वहां मौजूद लोग इधर-उधर भागने लगे। ●● एपी

कवायद | हिमाचल प्रदेश और हरियाणा को मिल सकता है नया पार्टी अध्यक्ष, सृजन कार्यक्रम के तहत संगठन में बदलाव कर रही है पार्टी

## कांग्रेस कई प्रदेशों में नए चेहरों को जिम्मेदारी सौंपेगी

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** कई चुनावी हार के बाद संगठन को नए सिरे से मजबूत करने में जुटी कांग्रेस कई राज्यों में नए चेहरों को जिम्मेदारी सौंपने की तैयारी में है।

असम में वरिष्ठ नेता एवं सांसद गौरव गोगोई को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद की कमान सौंपने के बाद पार्टी कुछ और प्रदेशों में भी बदलाव की तैयारी कर रही है। इनमें हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब सहित कई दूसरे प्रदेश भी शामिल हैं।

हरियाणा में कांग्रेस लगातार तीन विधानसभा चुनाव हार चुकी है। लोकसभा चुनावों में भी पार्टी का प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा।

इस हार की एक बड़ी वजह प्रदेश में पिछले 11 वर्षों से संगठन का नहीं होना है। इसलिए, संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत पार्टी ने हरियाणा में नए सिरे से संगठन तैयार करने की शुरुआत की है। पार्टी प्रदेश में किसी नए चेहरे को प्रदेश कांग्रेस की जिम्मेदारी सौंप सकती है। हिमाचल प्रदेश में पिछले छह माह से संगठन नहीं है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने छह नवंबर 2024 को पूरी कमेटी भंग कर दी थी। संगठन में सिर्फ अकेले प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह हैं। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि हिमाचल में अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया चल रही है। पार्टी क्षेत्रीय समीकरणों को ध्यान में रखते हुए युवा नेतृत्व पर भरोसा जता सकती है। नए अध्यक्ष का ऐलान जल्द हो सकता है।

राजस्थान में भी प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का कार्यकाल भी पूरा हो चुका है। ऐसे में संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत पार्टी राजस्थान में भी प्रदेश अध्यक्ष बदल सकती है। प्रदेश में संगठन को मजबूत बनाने के लिए पार्टी ने 11 नई जिला इकाइयां बढ़ाई है। राजस्थान में अब कुल 50 जिला अध्यक्ष होंगे। प्रदेश कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि पार्टी प्रदेश अध्यक्ष के लिए कई नामों पर विचार कर रही है।

### पंजाब में भी बदलाव की राह पर पार्टी

पंजाब में भी कांग्रेस बदलाव की राह पर है। पार्टी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग की अगुआई में पार्टी ने लोकसभा में अच्छा प्रदर्शन किया, पर वह विधानसभा उपचुनाव में अपनी पत्नी को जिताने में विफल रहे। आगामी विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी संगठन में बदलाव करना चाहती है। कांग्रेस अध्यक्ष पद की दौड़ में पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के अलावा कई और नेता भी शामिल हैं।

## मस्क के सहयोगी का नाम ट्रंप ने वापस लिया

**वाशिंगटन,।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार देर रात घोषणा की कि वह नासा लिए एलन मस्क के सहयोगी जेरेड इसाकमैन का नाम वापस ले रहे हैं।

ट्रंप ने कहा कि वह इसाकमैन के पूर्व संबंधों की गहन समीक्षा के बाद इस निर्णय पर पहुंचे हैं। हालांकि ट्रंप ने अपनी बात को विस्तार से नहीं समझाया। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट कर कहा कि नासा के प्रमुख के लिए जेरेड इसाकमैन का नाम वापस ले रहा हूं। जल्द ही एक नए उम्मीदवार की घोषणा करूंगा जो मिशन से जुड़ा होगा।

## सद्गुरु के व्यक्तित्व की रक्षा के लिए आदेश पारित

**नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता।** दिल्ली हाईकोर्ट ने ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु जग्गी वासुदेव के व्यक्तित्व और प्रचार अधिकारों की रक्षा करते हुए अहम आदेश जारी किया है।

अदालत ने इंटरनेट पर सद्गुरु की आवाज, छवि और व्यक्तित्व को एआई की मदद से गलत तरीके से उपयोग करने वाली फर्जी वेबसाइट्स पर रोक लगा दी है। पीठ ने मामले में अंतरिम आदेश जारी करते हुए कहा कि सद्गुरु के पक्ष में राहत देना जरूरी है क्योंकि तकनीक के तेजी से बढ़ते दुरुपयोग को देखते हुए उनके अधिकारों की सुरक्षा करना आवश्यक है। अदालत ने सद्गुरु के मुकदमे में नोटिस जारी किया और अगली सुनवाई 14 अक्तूबर के लिए सूचीबद्ध की।

अदालत ने कहा कि सोशल मीडिया जैसे प्लेटफॉर्म पर बौद्धिक संपदा अधिकारों का प्रभावी रूप से लागू होना जरूरी है ताकि गलत इरादों वाली वेबसाइटों से व्यक्तित्व अधिकारों का हनन न हो।

■ छवि के दुरुपयोग को लेकर लगाई थी कोर्ट से गुहार

